स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शुक्रवार
6 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 285 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


# देश में ही बनेगी राफेल विमानों की बॉडी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स

### डसॉ एविएशन के साथ टाटा समूह की कंपनी का करार



लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है। बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल की बॉडी का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, भारत में सम्पूर्ण राफेल विमान का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते विश्वास तथा डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की मजबूती को रेखांकित करता है।



# राम मंदिर में हुई राम दरबार की स्थापना
## सीएम योगी ने किया देव विग्रहों का अभिषेक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर के परिसर में राम दरबार सहित आठ मूर्तियों की अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरती उतारी। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर के परिसर में आज श्रीराम दरबार समेत आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा सुबह 6.30 बजे देवताओं का पूजन शुरू हुआ जो 11.20 बजे तक समाप्त हुआ। प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव अभिजीत मुहूर्त में शुरू हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने हाथों से प्राण प्रतिष्ठा पूजन कर भोग व आरती उतारी।

यह ऐतिहासिक आयोजन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे के बीच सम्पन्न हुआ। अयोध्या एक बार फिर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंग गया। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पं. जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों द्वारा सम्पन्न कराया गया। जिसमें यज्ञ मण्डप पूजन और अग्नि स्थापना आदि अनुष्ठान हुआ। अधिवास और पालकी यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। महर्षि अगस्त्य, वाल्मीकि, विश्वामित्र समेत चारों गुरु की मूर्तियों को स्थापित किया गया है। राम दरबार में भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान समेत विग्रहों की 101 वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार पूजा-पाठ करके प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू तट पहुंचकर मां सरयू का पूजन-अर्चन किया। माना जाता है कि आज से ही द्वापर युग की शुरुआत हुई थी। रामदरबार सहित आठों मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में अयोध्या के राजाराम आज प्राण प्रतिष्ठित हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर अयोध्या के राजा राम के रूप में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गयी है। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम काशी और अयोध्या के विद्वानों के मंत्रोच्चार द्वारा सम्पन्न हुआ है। राजा राम के स्वरूप में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम छह बजे से शुरू कर दिया गया था। अयोध्या के राजाराम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित नगर उपलब्ध समारोह में उन्होंने भगवान राम के पूर्वज भागीरथी की तपस्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना की और कहा कि नमामि गंगे की परियोजना की देन है कि मां गंगा अविरल और निर्मल हैं। उनके तट की क्षमता पूरी दुनिया का पेट भरने के लिये अन्न उत्पादन की है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज के तट पर आयोजित महाकुंभ के मौके पर देश-विदेश के 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन किया। राम मंदिर में राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पांच सौ वर्षों का इंतजार खत्म हुआ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैभव वापस लौटा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एक से सात जुलाई तक हर जिले में एक अन्य को पुनर्जीवित किया जायेगा और उसके तट पर वृक्षारोपण होगा।

### बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# एक करोड़ का इनामी नक्सली ढेर



**बीजापुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सीसी मेम्बर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। बताया जा रहा है कि नरसिम्हाचलम मूलतः आंधप्रदेश के चिंतापालुदी का रहने वाला है। वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था। ऑटोमेटिक हथियार बरामद होने की खबर है। मुताबिक इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को अभियान पर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से हो रही मुठभेड़ में जवानों द्वारा एक नक्सली को मार गिराने व ऑटोमेटिक हथियार बरामद किये जाने की खबर मिल रही है। बीजापुर में आज सुबह से मुठभेड़ जारी है।

मौके से एक ऑटोमेटिक हथियार बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है। डीआरजी, कोबरा और एसटीएफ के जवान लगातार नक्सलवाद के खिलाफ सर्चिंग ऑपरेशन कर माओवादियों का खात्मा कर रहे हैं। दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है।

# देशहित में काम करना पार्टी विरोधी नहीं : थरूर

**वॉशिंगटन।** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कहा कि जो लोग ऐसा सोचते हैं कि देशहित में काम करना

### कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर भड़के सांसद

पार्टी विरोधी है तो उन्हें खुद से सवाल करने की जरूरत है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ थरूर फिलहाल अमेरिका दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू में थरूर ने ये बात कही। दरअसल कई कांग्रेस नेताओं ने थरूर पर निशाना साधा है और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बताया है। थरूर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। एजेंसी को दिए



एक इंटरव्यू में थरूर ने कहा कि जब कोई देश की सेवा कर रहा हो तो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य चीजों के बारे में बहुत चिंता करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि जिसे लगता है कि देशहित में काम करना पार्टी विरोधी है तो उन्हें हमसे सवाल करने के बजाय खुद से सवाल करने की जरूरत है।

# सांसद महुआ मोइत्रा ने पिनाकी मिश्रा से रचाई शादी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की दो बार की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने 3 मई को गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। अमेरिकी अखबार द टेलीग्राफ ने इस बात का खुलासा करते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आप इसे दूसरा ऑपरेशन सिंदूर कह सकते हैं, क्योंकि पार्टी और खुद सांसद ने कृष्णानगर की सांसद की शादी के बारे में पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। शादी के बारे में पूछे जाने पर एक अन्य तृणमूल सांसद ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। टेलीग्राफ ऑनलाइन द्वारा प्राप्त एक तस्वीर में महुआ मोइत्रा को जर्मनी में मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है, वह सोने के गहनों से सजी हुई नजर आ रही हैं।

# बैंक धोखाधड़ी : दिल्ली, यूपी हरियाणा में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 190 करोड़ रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह मामला श्री सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से संबंधित है जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा (पूर्व में देना बैंक) के साथ धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा तथा हरियाणा के पानीपत में कम से कम 10 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि ये स्थान कंपनी से जुड़े निदेशकों, प्रवर्तकों, साझेदारों, लेखा परीक्षकों और अन्य कथित षड्यंत्रकारियों से संबंधित हैं जिनकी 190 करोड़ रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि संबंधित कंपनी स्टील उत्पादों का निर्माण करती है। ईडी की कार्रवाई को लेकर कंपनी के प्रवर्तकों की प्रतिक्रिया तत्काल नहीं मिल सकी है।

# नारी शक्ति : त्रि-सेना की पहली महिला नौकायन यात्रा पूरी



**मुंबई।** भारत के समुद्री और सैन्य इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देश की सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला अधिकारियों की पहली त्रि-सेना नौकायन यात्रा बुधवार को सफलतापूर्वक समाप्त हो गई। मुंबई से सेशेल्स और फिर वापसी की यह ऐतिहासिक यात्रा करीब 55 दिनों में 3,600 समुद्री मील की दूरी तय कर पूरी की गई।

### 11 वीरांगनाओं ने 55 दिन में लहरों पर रचा इतिहास

बता दें कि यह यात्रा 7 अप्रैल 2025 को आईएएसवी त्रिवेणी नामक भारतीय नौकायन पोत से शुरू हुई थी और 4 जून को मुंबई स्थित इंडियन नेवल वॉटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर पर इसका समापन हुआ। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने टीम का स्वागत किया।

**टीम में शामिल थीं 11 महिलाएं**

इस यात्रा पर गई टीम में 11 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिनमें थल सेना से लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा, मेजर करमजीत, मेजर तन्या, कैप्टन ओमिता, कैप्टन दौली और कैप्टन प्राजक्ता; नौसेना से लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका और वायुसेना से स्क्वाड्रन लीडर विभा, श्रद्धा, आरूवी और वैशाली शामिल थीं। इस यात्रा के दौरान महिला अधिकारियों ने समुद्र की कठिन परिस्थितियों, मौसम की अनिश्चितता, उपकरणों की समस्या और थकान जैसे कई चुनौतियों का साहस और टीम भावना से सामना किया। साथ ही इसके साथ ही सेशेल्स में टीम ने कई राजनयिक और रक्षा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, जिनमें देश के विदेश मंत्री, रक्षा प्रमुखों से मुलाकात और भारत के उच्चायुक्त के साथ बातचीत शामिल रही। इससे भारत-सेशेल्स संबंधों को मजबूती मिली और यह यात्रा सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी का प्रतीक भी बनी।

**रक्षा मंत्रालय ने बताया नारी शक्ति का प्रतीक**

इस मौके पर रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा महिला सशक्तिकरण (नारी शक्ति) का प्रतीक है और भारतीय सेनाओं में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। साथ ही, यह तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और संयुक्त संचालन की मिसाल है। गौरतलब है कि इस दल का चयन सेना, नौसेना और वायुसेना की संयुक्त चयन प्रक्रिया से किया गया, जिसमें 41 में से केवल 11 अधिकारी चुनी गईं। चयन में शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और नौकायन कौशल की कड़ी परीक्षा ली गई।

# गहराया ट्रेड वॉर : जिनपिंग का ट्रंप के साथ मुलाकात से इंकार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। टैरिफ वॉर, युद्ध और वैश्विक खींचतान के बीच दुनिया की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों (अमेरिका और चीन) के राष्ट्रपति यानी डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की संभावित मुलाकात पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कुछ हफ्तों से ये चर्चा चल रही है कि दोनों नेता टैरिफ पर तकरार खत्म करने के लिए मुलाकात कर सकते हैं और ट्रेड वॉर को खत्म कर सकते हैं लेकिन अब इसमें ट्विस्ट आ गया है। चीन ने इस तरह की मुलाकात से इनकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अब चीनी राष्ट्रपति अमेरिकी समकक्ष से मिलने को इच्छुक नहीं हैं। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अधिकारी रश दोशी के हवाले से न्यूजवीक ने बताया है कि यूक्रेन और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपतियों के साथ वाइट हाउस में हुए खराब व्यवहार और हालिया विवादों का हवाला देते हुए बीजिंग शी जिनपिंग को इस जोखिम में डालना नहीं चाह रहा है।

# 'सरकार केंद्रीय वक्फ परिषद को और मजबूत व जवाबदेह बनाने का कर रही प्रयास'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि सरकार केंद्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) को और अधिक मजबूत और समुदाय की सेवा में जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का उल्लेख किया, जो वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए कानूनी और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए किरेन रिजिजू ने ये बातें कही है। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित केंद्रीय वक्फ भवन में हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार अल्पसंख्यक संस्थानों, खासकर वक्फ परिषद को सशक्त बनाने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि उम्मीद नाम के केंद्रीय पोर्टल को 6 जून को लॉन्च किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और पंजीकरण होगा, जिससे पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि देशभर में 9 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों की जानकारी इस पोर्टल पर दर्ज की जाएगी, और राज्य सरकारों व वक्फ बोर्डों से इसमें सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# बंगलूरू भगदड़ मामले में आरसीबी पर दर्ज हुई एफआईआर

**बंगलूरू।** बंगलूरू भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में भगदड़ की घटना में आपराधिक लापरवाही की

### केएससीए की प्रशासनिक समिति के खिलाफ भी हुई शिकायत

बात कही गई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1, 190 आर/डब्ल्यू 3(5) के तहत शिकायत दर्ज की गई है।

बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई




भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच का नेतृत्व कर रहे बंगलूरू शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

### बंगलूरू पुलिस कमिश्नर समेत अधिकारियों पर गिरी गाज

बंगलूरू में एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने पर कर्नाटक सरकार की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा, कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस ऑफिसर, एसीपी, सेंट्रल डिवीजन डीसीपी, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# लखनऊ में ढाई साल की मासूम से हैवानियत

## माता-पिता के पास सो रही बच्ची को उठा ले गया आरोपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी में एक सनसनीखेज वारदात हुई। आलमबाग मेट्रो स्टेशन की नीच एक ढाई वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदों ने हैवानियत की। बच्ची अपने माता-पिता के पास सो रही थी। तब अज्ञात दरिंदों ने उसे अगवा कर लिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को सड़क किनारे फेंक दिया गया, जहां एक दिव्यांग व्यक्ति की नजर उस पर पड़ी। उसने बच्ची के मां-बाप को जगाया, जो घटना स्थल से महज 50 मीटर दूर सो रहे थे। उन्हें क्या पता था कि उनकी लाडली के साथ इतना बड़ा हादसा हो गया है। बच्ची को तुरंत लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्नाव निवासी पिता ने बताया कि वह कबाड़ का काम करता है और अपनी गर्भवती पत्नी, बेटी और ससुर के साथ रहता है। बीते कुछ दिनों से वह काम के बाद आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सोने लगा था। बुधवार देर रात ढाई से तीन बजे के बीच जब वह अपनी ढाई वर्षीय बेटी के साथ सो रहा था, तभी एक अज्ञात विकलांग व्यक्ति ने उसे जगाया और बताया कि उसकी बच्ची सड़क किनारे पड़ी हुई है। यह सुनते ही वह और उसकी पत्नी भागकर मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी बेटी को खून से लथपथ पाया। उन्होंने तुरंत अपनी बेटी को उठाया और खून रोकने के लिए कुछ उपाय किया। बावजूद इसके खून नहीं बंद हुआ तो उसे लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है और उसकी हालत गंभीर है। डाक्टरों ने बच्ची को केजीएमयू रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### आरोपियों को तलाश रही पुलिस की पांच टीमें

प्रदेश की राजधानी में हुए इस सनसनीखेज दुष्कर्मकांड ने सबके होश उड़ा दिए। जिस किसी ने भी घटना के बारे में जाना, मानो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी हो। माता-पिता के साथ सो रही मासूम को अगवा कर रेप की घटना ने जहां एक तरफ कानून व्यवस्था को कड़ी चुनौती दी है, वहीं दूसरी तरफ इंसानियत को भी शर्मसार किया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपितों को पकड़ने के लिए पांच टीमों को गठन किया गया है। दो टीमें लगातार सीसी कैमरे खंगाल रही है, ताकि जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जा सके। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# पाक नागरिक को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष अदालत ने गोवा में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिक की याचिका पर सुनवाई की। पाकिस्तानी नागरिक के

### 'तो फिर वापस चले जाओ'

### वीजा रद्द करने के खिलाफ डाली थी याचिका

वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2016 से गोवा में रह रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अचानक से एक दिन पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद कर उन्हें वापस जाने के लिए कह दिया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिर वापस चले जाओ। दरअसल पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए। इसमें पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद करने का फैसला भी शामिल था। गोवा में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक ने अदालत ने याचिका लगाकर इस फैसले का विरोध किया था। याचिका को अर्जेंट मैटर के तौर पर दाखिल किया हया। यह मामला जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष पहुंचा। अदालत के यह कहने पर कि आप वापस चले जाए, वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता वापस चला जाएगा, लेकिन उसकी बात सुनी जा सकती है। इसके बाद अदालत ने पूछा कि याचिकाकर्ता ने अधिकार क्षेत्र वाले हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर वकील ने जवाब दिया कि पुलिस याचिकाकर्ता के पास आई थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

स्वतंत्र भारत सफीपुर उन्नाव अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एंबुलेंस से नजदीकी सी एच सी लाया गया जहां गंभीर हालत देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय एखतियारपुर निवासी राम बाबू 45 वर्ष पुत्र छोटे लाल साइकिल से सफीपुर कस्बा बाजार आया था जहा से वापस घर जाते समय उन्नाव.हरदोई मार्ग कोतवाली क्षेत्र के हुलासी कुआँ के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया

## डी सी ए ग्रीनको हराकर डी सी ब्लू फाइनल में



जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 12 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज दूसरा मैच डी सी ए;ब्लूद्ध तथा डी सी ए ;ग्रीनद्धके मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डी सी ए;ब्लूद्धकी टीम ने निर्धारित 20 ओवर के मैच में 9 विकेट खोकर 122 रन बनाए जिसमें मोण्अर्शील ने 23ए अनिरुद्ध ने 23 तथा मेधांश ने 18 रनों का योगदान दिया। डी सी ए;ग्रीनद्ध की ओर से असदए अहानए प्रिंस तथा प्रियांशु ने एक एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डी सी ए ;ग्रीनद्ध की पूरी टीम 87 रन ही बना सकी जिसमें प्रिंस यादव 24 एवं असद ने 14 रनों का योगदान दिया और डी सी ए ;ब्लूद्ध की टीम ने 35 रनों से जीत दर्ज की। डी सी ए;ब्लूद्ध की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए फैज़ुस हुसैन ने 3 तथा कृष्णा ने 4 विकेट हासिल किए। मैच के पूर्व जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा तथा उप क्रीड़ाधिकारी विकास अवस्थी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा मैच के पश्चात मुख्य समाजसेवी जितेंद्र दीक्षित ने कृष्णा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस अवसर पर शाकिर हुसैनए शंकर श्रीवास्तवए राकेश अस्थानाए ओम मिश्रा मौजूद रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कल लीग का तीसरा मैच डी सी ए;ग्रीनद्ध तथा डी सी ए;रेडद्ध के मध्य प्रातः 7 बजे से खेला जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र पावा चौकी के मुत्ताखेड़ा गांव में खेत की मेड़ को लेकर हिंसा हुई। घटना 9 मई की शाम 5 बजे की है। मनोज अपने खेत में मेड़ बांध रहा था। इसी दौरान गांव के जयवीरए बृजभानए प्रमोदए अजीतए रामनरेश और रमेश वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले गाली.गलौज की। मना करने पर कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बचाने आई मनोज की पत्नी किरन को भी मारा। जिससे वह बेहोश हो गई। मनोज के भाई राजकुमार और उनकी पत्नी मिलन भी हमले में घायल हुए। मेडिकल परीक्षण में मनोज के सिर में लोहे की रॉड से चोट की पुष्टि हुई। किरन को कुल्हाड़ी से और राजकुमार को सीने में चोट आई है। थाना माखी में मुकदमा दर्ज है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को प्रार्थना पत्र दिया है। उनका आरोप है कि पावा चौकी प्रभारी मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और सुलह के लिए दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## धूम धाम से मनाया गया योगी का जन्मदिन

उन्नाव। विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधवान में प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन निराला प्रेक्षागृह में धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने की। इस अवसर पर हवन पूजनए रक्तदान एवम् वृक्षारोपण किया गया। गौ गंगा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष स्वामी हरि शरण सिंहए लखनऊ संभाग प्रभारी संजय शुक्लाए सदर विधायक पंकज गुप्ताए नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि भानू मिश्रा आदि ने मुख्य मंत्री जी के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश मिश्राए महामंत्री अनुज बाजपेईए ज्योति तिवारीए धर्मेंद्र तिवारी नगर अध्यक्षए आदित्य शुक्लाए रितु प्रजापतिए राम कृष्ण मिश्राए राहुल अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष पवन कुमार अवस्थी ने किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक कि मौत दो युवकों की हालत गंभीर

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज.लखनऊपुर मार्ग पर कोका.कोला कम्पनी के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिस से बाइक पर बैठे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद वहाँ मौजूद लोगो ने पुलिस को सुचना दीए जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से तीनो घायलों को नवाबगंज सीएचसी भिजवायाए जहा डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बता देंण्ण् दही थाना क्षेत्र के अटेसुवा गांव निवासी विशाल राजपूत ;26द्ध पुत्र राकेश राजपूत दूसरा युवक देश राज ;55द्ध पुत्र पुत्तई व तीसरा युवक बुद्धिलाल तीनो बाइक से जैतीपुर गांव से नवाबगंज आ रहे थेए अभी वे कोका.कोला के पास पहुंचे ही थे की किसी अज्ञात वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। हादसे मे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये। सुचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो को नवाबगंज सीएचसी भिजवाया जहा डॉक्टर ने देशराज पुत्र पुत्तई को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायल विशाल और बुद्धिलाल को जिला अस्पताल रेफर किया गयाए जहां उनका इलाज जारी है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया की अभी कोई भी तहरीर नहीं मिली हैए मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव**
गंगा अवतरण व दशहरा के अवसर पर गुरुवार को ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालुओ ने आज जीवनदायनी माँ गंगा के स्थानीय तट पर पुण्य की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दियाण् स्नान के बाद भक्तो ने घाट के किनारे बालू का शिवलिंग बनाकर पूजन अर्चन कर रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जलाभिषेक कर मंगल कामना की
स्थानीय ब्रमहावर्त गंगा तट पर श्रद्धालुओं के जत्थे बुधवार की शाम से ही आना शुरु हो गए थे रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दीण्वापस लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेस्वर मन्दिर व जानकी कुण्ड आश्रम में मन्दिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना कीण्पुलिस उपाधिक्षक मधुप नाथ मिश्र के निर्देश पर स्थानीय



पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरो से निगरानी कर कई जगह पर बेरिकेटिंग की गई थी कोतवाली प्रभारी एस एन तिवारीएपरियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत सहित काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहाण्राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार धीरेन्द्र त्रिपाठीएराजस्व निरीक्षक मोहम्मद अनीसएराजस्व उप निरीक्षक प्रदीप कमल आदि मौजूद रहेण्क्षेत्रीय लोगो द्वारा बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में केशनलाल निषाद निवासी परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

## पर्यावरण दिवस पर पालीथीन विरुद्ध जागरूकता अभियान



**स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को वन क्षेत्राधिकारी द्वारा के तकिया स्थित वृद्धाश्रम में तथा नगर पालिका भवन में पालिथीन प्रयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक श्रीकांत कटियार ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता द्वारा पालिका भवन में पालिका कर्मचारियों की पालिथीन और प्लास्टिक के प्रयोग के विरुद्ध आयोजित रैली में भाग लिया। साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी आवास परिसर में मां के नाम छायादार व फलदार वृक्ष की पौध भी रोपित की। इसके अलावा वन क्षेत्राधिकारी नीरज विद्यार्थी द्वारा ग्राम तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम परिसर में बरगदए पीपलए नीमए पाकड़ए अमरूद ए कटहल व बालम खीरा आदि वृक्षों की पौध रोपित की गई। उन्होंने आयोजित संगोष्ठी में लोगों को प्लास्टिक के दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी में उप रेंजर राजीव कुमार व प्रदीप कुमारए वन दरोगा अवधेश अवस्थी व पप्पू यादव सहित सभी वन कर्मियों के अलावा वृद्धाश्रम के प्रबंधक पी एन सिंह व उन्नाव पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर बी सिंह ने भी भाग लिया। पालिका कर्मचारियों की जागरूकता रैली में चेयरमैन रामजी गुप्ताए बीडीओ निशा सागर विश्वकर्माए अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ताए वरिष्ठ लिपिक रवीन्द्र कुमारए मुकेशए सुनीलए सुरेन्द्र यादव व नारायन गुप्ता आदि सहित सभी पालिका कर्मी शामिल हुए।

## नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डॉक्टर नहीं

**उन्नाव** नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाली तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से किसी में भी वर्तमान में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है जिससे मरीजो को इलाज में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इन प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर लगभग डेढ़ सौ गांव का प्रभार है। मरीज इलाज के लिए आते हैं और डॉक्टर ना होने के कारण लौट जाते हैं और झोलाछाप डॉक्टरों का आसानी से शिकार बन जाते हैं जिससे उनको आर्थिक चोट तो पहुंचती ही है और साथ ही गलत इलाज के कारण उनकी जान पर भी बन जाती है लेकिन स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीणों की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है और ना ही किसी जनप्रतिनिधि की नजर इस समस्या की ओर है । 1 . नवाबगंज सीएचसी के अंतर्गत आने वाले चमरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 2 वर्ष से एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है यहां इसके पहले डॉक्टर सिद्धार्थ के रूप में एक लोकप्रिय डॉक्टर की तैनाती थी जो इस समय हसनगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संदाना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । 2. वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मकूर में भी मरीज के इलाज के लिए पिछले डेढ़ वर्ष से किसी डॉक्टर की तैनाती नहीं हुई है जिससे लगभग 50 गांव के मरीजों को इलाज के लिए दर.दर भटकना पड़ रहा है यहां पर डेढ़ वर्ष पहले डॉक्टर आशुतोष राज की तैनाती थी इस समय उनकी सुमेरपुर में तैनाती है । 3. नवाबगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरु में तैनात महिला चिकित्सक रुचि त्रिपाठी पिछले 6 महीने से नवाबगंज सीएचसी में अटैच है परिणाम स्वरूप उस क्षेत्र के भी लगभग 40 गांव के हजारों मरीज मरता ना क्या करता की हालत में झोलाछाप का शिकार बन रहे हैं। इन्होंने दी प्रतिक्रिया 1. नवाबगंज सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राजेश ने बताया उन्होंने बताया कि हमारी पूरी कोशिश रहती है की हर मरीज को इलाज मिले जो मरीज सीएचसी तक आ जाते हैं उन्हें समुचित इलाज मिल जाता है मेरा पूरा प्रयास रहता है क्षेत्र के किसी मरीज को इलाज के लिए कहीं भटकना न पड़े । 2. ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने बताया डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जनता की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा जिससे मरीजों को इलाज के लिए दर . दर न भटकना पड़े ।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीण्डीण्नगर सेक्टर सी स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को समर्पित अटल उपवनरूवेस्ट टू वंडर पार्क में नगर पालिका परिषद् उन्नाव द्वारा आयोजित श्एक पेड़ मां के नाम श् वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित स्थानीय जनों से संवाद करते हुए । इस दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक को रोकने एवं उन्मूलन के उद्देश्य से जागरूक करते हुए कपड़े के थैले बाँटे। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् श्वेता भानू मिश्रा एप्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानूएअधिशासी अधिकारी संजय कुमार गौतम सहित सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।।

## भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न





फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर में वेद मंत्रोंचार के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।वही एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनों सहित सहयोगियों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। विकासखंड फतेहपुर चौरासी के ग्राम हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप स्थित बलखांडेश्वर मंदिर परिसर में नवनिर्मित परशुराम मंदिर में विगत 1 जून से चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज गुरुवार को पांचवे दिवस वैदिक रीति से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई।मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के पांचवे दिवस भगवान परशुराम की मूर्ति की वैदिक पूजा अर्चना कराकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराने का कार्य आचार्य प्रवीण दीक्षित एवं सहयोगी के द्वारा कराया गया।समाजसेवी डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला और उनकी पत्नी पूजा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रमुख यजमान रहे। गुरुवार को मूर्ति की स्थापना के साथ ही बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे क्षेत्र की सैकड़ो कन्यायो के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को दीप भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की अवसर पर मंदिर परिसर में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में समाजसेवी एवं पूर्व महाप्रबंधक जलकर विभाग राजीव बाजपेई एवं कांग्रेस नेत्री आरती बाजपेई द्वारा संगोष्ठी में आए क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण में रहे सहयोगियों को मोमेंटो देकर एवं अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया।संगोष्ठी को पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे ए कांग्रेस पार्टी की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती आरती बाजपेईए सपा के जिला अध्यक्ष राजेश यादवए सी के त्रिपाठी जी एसफीपुर चेयर मेन सौरभ बाजपेईए आलोक त्रिपाठीए मन्दिर समिति के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर शुक्लाए संरक्षक राजीव बाजपेई जी पूर्व जल कल महाप्रबंधकए शैलेन्द्र कुमार शुक्ला एडवोकेटए सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता विदुषी बाजपेई जीए अतुल शुक्लए अजय तिवारीए वीरेंद्र अवस्थीएरोहित कुमार पाण्डेय सीनियरए संजीव शुक्लाएपप्पू द्विवेदीए अनुभव शुक्ल अभिषेक तिवारीएशिशिर दीक्षितए शोभित ए संजीव दुबे ए वीरेन्द्र अवस्थीएश्याम दीक्षितएआदि द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रहा।

## कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया वृक्षारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें मा0 विधायक सदर श्री पंकज गुप्ता मा0 विधायक मोहान श्री बृजेश रावतए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठीए मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज द्वारा अनारए नींबूए मौसमी एवं आंवला के पौधे रोपित किए गए।कार्यक्रम के दौरान पौध भण्डारा के अन्तर्गत मा0 जन प्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को नींबूए आंवलाए अनार एवं अमरूद आदि विभिन्न प्रजाति के लगभग 500 पौध वितरित किए गए। कार्यक्रम की थीम ष्विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करनाष् विषय पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी जनों को जागरूकता का संदेश देते हुए सभी लोगों को ष्एक पेड़ माँ के नामष् रोपित कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर डीएम ने सभी जनपदवासियों से ष्एक पेड मॉ के नामष् पर लगाने की अपील की। उन्होने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से ही सभी प्राणियों का जीवन हैए इसलिए हम सबको प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। पर्यावरण असंतुलन के कारण जलवायु में परिवर्तन होने से अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। अपने आगे की पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रखने हेतु पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबका नैतिक दायित्व है। हमें अपने प्राणों की रक्षा हेतु पानीए पेड़ए पशुए पवनए पर्यावरण और प्रकृति सभी का अनिवार्य रूप से संरक्षण करना होगा।

# कानपुर देहात समाचार



## अब अकबरपुर में ही वाहनों में लग जाएगी सीएनजी किट

**माती कानपुर देहात** उम्दा समाचार की बेहतरीन प्रस्तुति से देश के प्रधानमंत्री का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराने में कामयाब हो चुकें जिले के वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र प्रताप सिंह ने जिले के लोगों की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया हैएचार पहिया वाहनों में सीएनजी किट लगवाने के लिए लोगों को परेशान होकर अब भटकना नहीं पड़ेगा। अकबरपुर शहर में सीएनजी किट सेंटर खुल गया है। उत्कर्ष मोटर्स के नाम से खुला सेंटर सरकार से मान्यता प्राप्त और अधिकृत है। गुरूवार को देश के जाने.माने पत्रकार सुधीर शुक्ला ने रिबन कटिंग कर सेंटर का उद्घाटन किया। उदघाटन समारोह के दौरान सुंदर कांड का पाठ भी हुआए इसके उपरांत प्रतिष्ठान के संचालक ने कहा कि वास्तव में लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा थाए उन्होंने सभी से सहयोग की कामना की है।
वाहनों में सीएनजी किट लगवाने के लिए लोगों को अब तक कानपुर या दूसरे शहरों की दौड़ भाग करनी पड़ रही थीए परिवहन संबन्धी नियमों का भी समुचित पालन नहीं हो पा रहा थाए बड़ी समस्या ज्यादा पैसा वसूलने की भी थीए हाल में वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र प्रताप सिंह ने लोगों की समस्या को लेकर पहल प्रारंभ की और काम आगे बढ़ायाए विभागीय औपचारिकताएं पूरी कर श्री सिंह ने अकबरपुर में हाई.वे के निकट अपने प्रतिष्ठान उत्कर्ष मोटर्स की आधार शिला रखीएगुरूवार को समारोह के बीच उत्कर्ष मोटर्स का शुभारंभ हुआए देश के प्रसिद्ध पत्रकार सुधीर शुक्ला ने फीता काट कर नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन कियाए उन्होंने प्रतिष्ठान संचालक योगेंद्र प्रताप सिंह को उज्जवल व्यापारिक भविष्य की शुभकामनाएं भी दींए प्रतिष्ठान के संरक्षक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जतायाए इस अवसर पर जिले की जानी.मानी समाज सेविका कंचन मिश्राए बारा टोल प्लाजा के मैनेजर मनोज शर्माए वरिष्ठ पत्रकार हनुमान गुप्ताए संदीप यादव सहित भानु दत्तए अभिषेक कुमार गुप्ताए राम जी गुप्ताए योगेंद्र यादवए पीयूष दीक्षितए मनीष पांडेय आदि रहे।

## विकसित कृषि संकल्प जागरूकता अभियान के तहत किसानों को जागरूक किया गया

उप कृषि निदेशक रामवचन राम ने किसानों को शासन की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी

रसूलाबाद कानपुर देहात ।विकसित कृषि संकल्प के तहत विकास खण्ड रसूलाबाद के ग्राम पंचायत स्तर पर खरीफ जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।
जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत अमरोहिया मलखनपुर जमथर व देव गांव चक्कर उर्फ निभू में कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश राय डॉ देव ज्योति सेन गुप्ता व डॉ विजय लक्ष्मी आदि द्वारा किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने व आय में वृद्धि करने और सतत कृषि पद्यतियों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया ।कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसलों धान ज्वार बाजरा उर्द मूंग तथा तिल की खेती से सम्बंधित जानकारियां दी और किसानों के प्रश्न पर जबाब भी दिए । उप कृषि निदेशक राम वचन राम ने किसानों को शासन की




लाभ कारी योजनाओं में कृषि यंत्रीकरण कुसुम योजना व सोलर पंप के विषय मे विस्तार से जानकारी दी ।विषय वस्तु विशेषज्ञ कश्मीर सिंह यादव ने किसानों को जैविक खेती करने की विस्तृत जानकारी दी । प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के बारे में कृष्ण कांत तिवारी ने जानकारी दी वही इफको प्रभारी अक्षयराज ने नैनो यूरिया नैनो डीएपी के बारे में जानकारी दी । इस मौके पर जग प्रसाद बीटीएम इफको प्रभारी अक्षय राज दिलीप कुमार टीएसी कृषक सुनील पाठक ब्रजेश कुमार रामशंकर श्याम सिंह यादव कृषक महिला देवकी देवी विमला रामवती सहित सैकड़ों कृषक मौजूद रहे ।



## सेंगुर नदी घाट घाट पर गंगा आरती एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित

**माती कानपुर देहात** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिला गंगा समिति व पंचायतीराज विभाग के तत्वावधान में तहसील भोगनीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत निगोही में दुर्वासा ऋषि आश्रम के समीपएसेंगुर नदी घाट पर गंगा आरती एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जनमानस में नदी की पवित्रता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं नदियों की महिमा पर आधारित भजन की प्रस्तुति के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा गंगा आरती की गई और दीप प्रवाहित कर माँ गंगा के प्रति आस्था प्रकट की गई।इस अवसर विकास पटेल जिला पंचायतीराज अधिकारी कानपुर देहात एविवेक कुमार सैनी जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति कानपुर देहात एसंजू सिंह खण्ड विकास अधिकारी मलासा एग्राम पंचायत अधिकारी ज्योति एमहेन्द्र पाल पर्यावरण प्रहरी व जिला गंगा समिति के सदस्यों एवं अनेक सामाजिक कार्यकर्ताए पर्यावरण प्रेमीए एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गंगा नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता हेतु अपने संकल्प दोहराए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षणए स्वच्छताए एवं जैव विविधता को संरक्षित करने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम का समापन संकल्प वाचन एवं सभी प्रतिभागियों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया गया।

## पर्यावरण दिवस पर पंचरत्न गौशाला का हुआ शुभारंभ

**कानपुर** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रातः काल 8 बजे मंगल हवन द्वारा अग्निहोत्र मंदिर के नवीन परिसर एवं पंचरत्न गौशाला के नवीन भवन का उद्घाटन सतगुरु श्री नलिनी माधव जी द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा दो स्थानों पर इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया शाम 4 बजे अग्निहोत्र मंदिर परिसर में संकल्प कोचिंग क्लासेज के बच्चों द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस शुभ अवसर पर माधव आश्रम भोपाल से पधारी माधव आश्रम की संचालिका सुश्री नलिनी माधव जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया साथ ही 50 लोगों ने एक साथ बैठकर अग्निहोत्र किया अग्निहोत्र एक ऐसी विधा है जिससे पर्यावरण प्रदूषण को दूर किया जा सकता है 22 फरवरी 1963 को श्री माधव स्वामी साहब ने पर्यावरण प्रदूषण से मानव जाति की रक्षा हेतु अग्निहोत्र रूपी शस्त्र वेदों के माध्यम से दिया आज पूरे विश्व में लोग अग्निहोत्र कर रहे हैं और पर्यावरण प्रदूषण के दुष्परिणामों से बच रहे हैं अग्निहोत्र के पांच नियम है पिरामिड आकार का पत्र गाय के गोबर के उपले सूर्योदय और सूर्यास्त का निश्चित समय दो समंत्रक आहुतियां गाय का घी एवं अक्षत चावल इसको करने से चार तरीके कैसे निकलती है जिससे कि वायुमंडल शुद्ध होता है और इसकी बची हुई भस्म से अग्निहोत्र कृषि में बहुत लाभदायक है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री नलिनी माधव जी डॉ पूनम मिश्रा पंकज मिश्र किशन शर्मा लखनऊ से आई प्रतिमा मिश्र भोपाल से आए डॉ विवेक धीरेंद्र एवं भूतपूर्व कृषि वैज्ञानिक डॉ श्रीवास्तव मौजूद रहे मंच का कुशल संचालन डॉ पूनम मिश्रा एवं पंकज मिश्रा ने किया












## लगभग ₹44,000 करोड़
की रेल परियोजनाओं का उपहार

### चिनाब ब्रिज
**(दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)**

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

### अंजी ब्रिज
**(भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)**

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

### उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला
**रेल लिंक परियोजना**

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

### 2 वंदे भारत ट्रेनों
**श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – श्रीनगर एवं श्रीनगर – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा**

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

## नरेन्द्र मोदी
**प्रधानमंत्री**
के द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)

**भारतीय रेल**

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

www.indianrailways.gov.in

/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

## खबर एक नज़र

### बिल्हौर में गंगा स्नान के दौरान तीन लोगों की डूबने से मौत

बिल्हौर कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील के कल्लू पुरवा गांव में गंगा स्नान करने गए तीन लोग डूब गए जिसमें दो युवक और एक बच्ची की दुखद मृत्यु हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्हौर तहसील के गंगा तट निकटवर्ती ग्राम कल्लू पुरवा में सर्वेश के घर पर उनके बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए रिश्तेदार एवं सगे संबंधी आए हुए थे जिसमें उसकी पत्नी का भाई बलराम उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी औंगी थाना शिवली जनपद कानपुर देहात अपनी पत्नी और उसके भाई संदीप एवं पिता रामविलास के साथ अपने बहन बहनोई के घर मुण्डन संस्कार में शामिल होने आया था। सर्वेश के अनुसार उसकी पत्नी की तबियत खराब होने के चलते वह दवा लेने के लिए गया था। उसकी अनुपस्थिति में रिश्तेदारों ने गंगा दशहरा का पर्व होने के चलते गंगा स्नान की इच्छा जाहिर की और उसकी पुत्री प्रियंका के साथ उसके मामा बलराम और उनका साला संदीप गंगा स्नान करने चले गए। सभी लोग नहा रहे थे तभी प्रियंका गहराई में चली गई और डूबने लगी। उसे डूबता हुआ देखकर बचाने के लिए पहले बलराम गहराई में गया और डूबने लगा और उन दोनों को डूबते हुए देखकर उन्हें बचाने के लिए संदीप भी आगे गहराई में चला गया और वह भी गहराई में डूब गया। इस दौरान आवाज सुनकर कुछ गोताखोर एवं थोड़ी दूर स्नान कर रहे गांव के अन्य लोग भी भाग कर मौके पर पहुंचे और उन सभी की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने कुछ देर में ही तलाश करके बलराम और प्रियंका को बाहर निकाल लिया और कुछ देर बाद संदीप को भी बाहर निकाल लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम रश्मि लांबा एसीपी अमरनाथ यादव थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज मौके पर पहुंचे। बाद में डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बिल्हौर पहुंचकर घटना के संबद्ध में परिजनों से बात की। बिल्हौर पुलिस के अनुसार शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मायके पहुंची युवती प्रेमी संग फरार परिजनों ने गांव निवासी युवक पर लगाया आरोप

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शादी के एक माह बाद ही ससुराल में प्रेमी के साथ रंगेहाथ पकड़े जाने पर मायके पहुंची और घर में रखे जेवरात तथा नगदी समेत गांव निवासी प्रेमी के साथ फरार हो गई देर शाम तक तलाश करने के बाद मामले की जानकारी भाई ने साढ़ पुलिस से गांव निवासी एक युवक पर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। परिजनों ने साढ़ थाना पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते माह युवती की शादी कानपुर के लक्ष्मीपुरवा निवासी रवि के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था शादी के एक माह बाद ही युवती घर पहुंची और मौका देखकर घर में रखे दस हजार रुपए और जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई परिजन देर शाम तक खोजबीन करते रहे तभी उन्हें गांव निवासी युवक द्वारा उसे ले जाने की जानकारी मिलते ही युवती के परिजनों ने थाना पुलिस से लिखित शिकायत की बताया जाता है कि युवती की उम्र युवक से अधिक है सूत्रों की माने तो गांव निवासी प्रेमी बीते दिन युवती की ससुराल भाई बनकर पहुंचा और दो दिन तक वहां उसकी खूब आवभगत होती रही तीसरे दिन ससुराल पक्ष के लोगों ने भाई बने युवक और युवती को रंगे हाथ पकड़ लिया जिस पर उसकी खूब धुनाई हुई किसी तरह युवक ने भागकर जान बचाई बताया जाता है कि युवती को ससुराल पक्ष के लोगों ने रखने से इनकार कर दिया जिससे युवती मायके पहुंची और मौका देखकर घर में रखा दस हजार रुपए और जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है युवक और युवती की तलाश की जा रही।

### पल्लवी क्लासेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**बिल्हौर** आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पल्लवी क्लासेज में पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बच्चो को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस बार पर्यावरण की थीम पर्यावरण है तो हम हैं और अगर पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो हम भी चैन की सांस नहीं ले पाएंगेण् पर्यावरण के इसी महत्व से सभी को अवगत कराने के लिए हर साल 5 जून के दिन विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता हैण् इस मौके पर पल्लवी क्लासेज के संचालक विशाल चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी सारिका रजनी चतुर्वेदी रवि तरुण देवांश सजल अवंतिका लवी यादव शिखा सिद्धि मौजूद रही।

### एसडीएम ने नंदना में छापा मारकर पकड़ा मिट्टी का अवैध खनन करने वालों पर की एसडीएम ने

घाटमपुर। मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह की कार्यवाही का डंडा चला। बुधवार की रात एसडीएम ने तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई के साथ नंदना में छापा मारकर मौके से एक जेसीबी और चार ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। साथ की कार्रवाई के लिए खनन अधिकारी को भी पत्र भेजा गया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के नंदना में अवैध मिट्टी खनन की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के चलते एसडीएम ने तहसीलदार के साथ रात्रि में ही छापेमारी की। अधिकारियों को मौके पर मालिक सहित एक जेसीबी और ठेकेदार के साथ चार ट्रैक्टर ट्रॉली मौके पर अवैध खनन करते मिले। एसडीएम ने सभी वाहनों को पकड़वाकर पुलिस को सौंप दिया। जिन पर सीज की कार्रवाई की गई है। वहीं अवैध खनन पर कार्रवाई के खनन अधिकारी को भी सूचित किया है। एसडीएम ने बताया जानकारी मिलने पर पहुंचे तो खनन होते पाया गया। खनन में लगे वाहनों को सीज कर दिया गया है। वहीं खनन क्षेत्र की जानकारी खनन अधिकारी को दी गई है। जिस पर उनके द्वारा कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि किसी भी कीमत पर कहीं भी अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

### शराबी पति से परेशान पत्नी ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

घाटमपुर। शराबी पति की हरकतों से तंग आकर एक विवाहिता ने थाना सजेती में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।कहा 10 सालों से वह मायके में रहकर मजदूरी से पेट भर रही है। फिर भी आए दिन शराब के नशे आकर मेरा पति न सिर्फ गालियां बकता हैए बल्कि जान से मारने की धमकियां देता है। जिससे वह तथा घर के लोग भयभीत व परेशान हैं। थाना क्षेत्र के सरगांव निवासी रीतू शर्मा पुत्री राम प्रकाश शर्मा ने थाना सजेती में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2009 में कानपुर के पनकी गंगा गंज में रहने वाले अजीत कुमार शर्मा पुत्र हरिशंकर शर्मा के साथ हुई थी।जो शराब पीने का लती होने के साथ शादी के बाद से ही मार पीट करता था। 5 साल तक उसकी हरकतों को बर्दाश्त किया। बाद में जब हद हो गई तो विरोध शुरू किया। जिस पर मेरे पति ने गाली गलौज कर घर से निकाल दिया था। तभी से मैं अपने मायके में ही मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हूं। हद तो तब हो गई जब यहाँ भी मेरा पति आकर अनावश्यक गाली गलौज व विवाद करता रहता है। उसने समझाने का भरसक प्रयास किया पर वह है कि मानता ही नहीं है।15 मई को तो उसने सारी हदें पार कर दी। मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट को अमादा होने के साथ जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह पड़ोसी के घर घुस कर जान बचाई। वह जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। तब से वह तथा घर के लोग बुरी तरह भयभीत व परेशान हैं।

### दबंगों ने सड़क साफ कर रहे मजदूरों के साथ की मार पीट

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के चितौली में रोड निर्माण में मजदूरों के किनारे की सड़क साफ करने को लेकर ट्रैक्टर चालक के भड़कनेए मोबाइल तोड़कर मार पीट करने का आरोप लगाते हुए मजदूर ने चालक समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना विधनू क्षेत्र के बंगला निवासी छोटू पुत्र ओम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि 3 जून को वह थाना सजेती के ग्राम चितौली में रोड निर्माण में मजदूरी कर रहा था। साथ में और भी मजदूर लगे थे।करीब 5 बे सायं ट्रैक्टर से सड़क किनारे सफाई करने को लेकर आए भूरा यादव पुत्र ज्ञान सिंह व दो अज्ञात लोग उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने मोबाइल तोड़ने के बाद उसके साथ मारपीट कर गिरा दिया। शोर सुनकर उसे बचाने आई साथ में काम कर रही विमला पत्नी सुरेन्द्र के साथ भी मार पीट की। जब तक और मजदूर आते आरोपी धमकाते हुए भाग गए।

## ऑल इंडिया वुमेन्स कांफ्रेंस सरसैया घाट कानपुर शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

कानपुर कृ ऑल इंडिया वुमेन्स कांफ्रेंस सरसैया घाटए कानपुर शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्था की सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बैनर थामकर मानव श्रृंखला बनाई। यह आयोजन आमजन को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के लिए जनमानस में चेतना जागृत करना। कार्यक्रम के दौरान इस व्यस्ततम सार्वजनिक स्थल पर राहगीरों में 150 से अधिक पौधे वितरित किए गए। पौधारोपण और उनके संरक्षण का महत्व बताते हुए सदस्यों ने नागरिकों से अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अनीता गर्गए सचिव श्रीमती रमिंदर अरोड़ाए कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता गुप्ताए उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य श्रीमती आशा सिंहए हरविंदर कौरए मंजू बांगरएअंजू अग्रवालए रेखा जौहरीए सुभद्रा सक्सेनाए सुषमा वर्माए एकता जैनए पूर्णिमा भार्गवए अनिला रस्तोगीए ऊषा अग्रवालएमीनू ए शोभा सोनल एदीपिका रस्तोगीए सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। संस्था की ओर से यह संदेश दिया गया कि छोटे.छोटे प्रयास भी पर्यावरण की सुरक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं।






### गंगा दशहरा पर शरबत वितरण का आयोजन

चौबेपुर क्षेत्र के रौतापुर बम्बा पर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर शरबत वितरण का आयोजन किया गया। गंगा स्नान को आ जा रहे श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया गया। समाजसेवकों ने श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर दशहरा का पर्व मनाया गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं को रोककर पर्व की खुशियां मनाईं। इस अवसर पर रौतापुर बम्बा के धार्मिक स्थलों पर भी विशेष पूजा.अर्चना का आयोजन किया गया।इस मौके पर अवधेश मिश्रा पूर्व प्रधान ऋषि शुक्ला सत्यम अवस्थी मानस मिश्रा सौरभ शुक्ला ; रामजी द्धविशाल सविता और प्रेमू शुक्ला मौजूद रहे

### एसडीएम ने पतारा में लगाई चौपाल में सुने भूमि सम्बन्धी विवाद

घाटमपुर।आईजीआरएस व सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें पतारा क्षेत्र की आने को देखते हुए गुरुवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह पतारा पहुंचे। जहां नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लगी चौपाल में एसडीएम के आने की खबर फैलते ही समस्याओं को लेकर पहुंचने वालों की भीड़ लग गई। एसडीएम ने एक एक को बुलाकर न सिर्फ समस्याएं सुनी बल्कि 9 जमीन से संबंधित आई शिकायतों को सुनने के साथ दो का मौके पर निस्तारण कर बाकी समस्याओं के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व व पुलिस संयुक्त टीम बनाकर जाँच के साथ निस्तारण करने को कहा। एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने बताया आईजीआरएस व सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें पतारा क्षेत्र की आने को देखते वहां चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया गया है।

### पालिकाध्यक्ष पति ने सभासदों संग किया पौधरोपण

घाटमपुर। गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष गजाला तबस्सुम व अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने पौध रोपण करने के साथ पौधों की देख रेख का खुद व कर्मचारियों को संकल्प के साथ शपथ दिलाई। वहीं वृहद गौशाला में पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद ने सभासदों विवेक शुक्ला व गुड्डू पठान आदि के साथ पौधरोपण किया।पौधरोपण के दौरान कांट्रेक्टर केशरी सिंह व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष पति ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सतत जीवन शैली के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करता है।

## योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया

**बिल्हौर** बिल्हौर तहसील के पूरा मण्डल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का जन्मदिवस सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई की अगुवाई में हुई जिसमें मंडल पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बाजार मंदिर परिसर सार्वजनिक स्थलों व गांव की गलियों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी ने अपने संबोधन में कहा कि योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश को स्वच्छ सुरक्षित और विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है। उनका जन्मदिवस हम सेवा और समर्पण के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर नीलू पाल संतोष बाजपेई रवि श्रीवास्तव निर्विकार राठौर अखिलेश सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## कानपुर विकास प्राधिकरण
आवश्यक सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0-102 मिनी एल0आई0जी0 ब्लाक-सं0-फेस-5 योजना सं0-40, बर्रा-5 कानपुर क्षेत्रफल 31.32 व0मी0 भू-प्रयोग आवासीय की फ्री-होल्ड विलेख कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 23.09.2008 को श्री विजय बहादुर सिंह पुत्र श्री माधव सिंह द्वारा मुख्तारआम श्री श्याम कुमार पुत्र अनन्त राम के पक्ष में निष्पादित की गयी। जिसके उपरान्त फ्री-होल्ड धारक श्री विजय बहादुर सिंह पुत्र श्री माधव सिंह द्वारा मुख्तारआम श्री श्याम कुमार पुत्र अनन्त राम द्वारा उक्त भवन का पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.09.2021 को श्रीमती माया दुबे पत्नी श्याम कुमार दुबे के पक्ष में किया गया। बैनामा धारिका श्रीमती माया दुबे की दुबे की मृत्यु दिनांक 19.12.2022 को हो चुकी है। जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। जिसके उपरान्त इनके वारिसानों द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये अपने पक्ष में संयुक्त रूप से नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय उप जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर के पत्र सं0-2111/अह0फौज0/2023 दिनांक 10.04.2023 के अनुसार मृतका स्व0 माया दुबे पत्नी श्री श्याम कुमार दुबे के निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैं:-1.श्री श्याम कुमार दुबे मृतका का पति उम्र 65 वर्ष 2.श्री संजय कुमार द्विवेदी मृतका का पुत्र उम्र 40 वर्ष 3.श्री सचिन दुबे मृतका का पुत्र उम्र 38 वर्ष 4.श्री बृजेश दुबे मृतका का पुत्र उम्र 36 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य तस्दीक नहीं किया गया है। क्रमांक सं0-1 से 4 पर अंकित सदस्यों श्री श्याम कुमार दुबे, श्री संजय कुमार द्विवेदी, श्री सचिन दुबे व श्री बृजेश दुबे द्वारा भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में संयुक्त रूप से किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त भवन का नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-3 में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-3)

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई आयोजित




बिल्हौर द्व सपा बिल्हौर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन सपा बिल्हौर विधानसभा कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैकुंठ नाथ यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके सभा की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रतिमाह की बैठक में सभी लोग पूरी निष्ठा से शामिल होकर पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करें । माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्पष्ट निर्देश है कि निष्क्रिय लोगों को पार्टी से पदमुक्त कर सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी पदाधिकारी बनाया जाए। विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में घर.घर जाकर पिछड़े दलित व अल्पसंख्यक लोगों को पार्टी से जोड़ने व पार्टी नीतियों से अवगत कराने का काम करे। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम आशीष चौबे विनय यादव हरिओम पांडे लोकेश अवस्थी जगरूप सिंह यादव आशीष कटियार चुन्नी लाल गौतम राजू पाल सुनील कुमार यादव वीरेन्द्र कुमार वर्मा शशिकांत पाल राम सरन गौतम विवेक कटियार अनिल कुशवाहा रजनेश कुमार अंशुमान यादव गोपी नाथ पासी संतोष पाल सुनील पाल कल्लू कुलदीप पाल इंद्रेश यादव जीतू सैनी अरुण सभासद दीपू शादाब के पी यादव धीरेन्द्र यादव कुलदीप यादव आदर्श कटियार अंकित चक्रवर्ती शैलेन्द्र कटियार आदि सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## कस्बा साढ़ में हुआ शर्बत वितरण

भीतरगांव। गुरुवार को कस्बा साढ़ में जय कामदगिरि ट्रेडर्स के द्वारा विशाल शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शरबत पीते हुए कार्य की सराहना की।

कस्बा साढ़ चौराहे में कामदगिरि ट्रेडर्स के वरुण बाजपेई प्रधान जगदीश यादव मानस बाजपेई ऋषभ यादव अश्वनी यादव अहमद इलेक्ट्रानिक आदि लोगो ने बताया कि भीषण गर्मी देखते हुए लोगों को प्यास से राहत दिलाने के लिए दोपहर बाद से देर शाम तक शरबत वितरण किया गया जिसमें राहगीरों सहित कस्बे के व्यापारियों ने सहभागिता दिखाई।



## कार्यालय- उपजिलाधिकारी, जालौन जनपद- जालौन

पत्रांकः- 375 /रा0का0 जालौन/मत्स्य पट्टा नीलामी/2025-26 दिनाँकः-29.05.2025

### विज्ञप्ति

सर्वधारण को सूचित किया जाता है। कि तहसील जालौन जनपद जालौन के निम्नलिखित ग्राम सभाओं में निहित तालावों/पोखरों का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा/आवंटन हेतु उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 में निहित प्राविधानों के अधीन नियम 57 धारा 61 की उपधारा 115 में किये गये प्राविधानों के तहत तहसील कार्यालय जालौन के सभागार में दिनाँक-08.07.2025 को अपरान्हः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक की जायेगी। नीलामी शिविर में 2.000 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले तालाबो का आवंटन प्रथम वरीयता के अनुसार केवट, कहार, मल्लाह, मछुआ समुदाय एवं द्वितीय वरीयता के अनुसार अनुसूचित जाति तथा तृतीय वरीयता के अनुसार अन्य पिछडा वर्ग व अन्य व्यक्तियों को आवंटित किया जायेगा। आवंटन की न्यूनतम दर रू0-5000/प्रति हैक्टेयर प्रति वर्ष से कम नहीं होगी। तथा 2.000 हैक्टेयर से बडे तालावो का पट्टा/नीलामी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के बीच होगी जिसकी दर रू0-10000 प्रति हैक्टेयर प्रति वर्ष से कम नही होगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र दाखिल करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 स0 | राजस्व ग्राम का नाम | तलाब का गाटा सं0 | क्षेत्रफल (हे0) | क्र0स0 | राजस्व ग्राम का नाम | तलाब का गाटा सं0 | क्षेत्रफल (हे0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुठौंदा खुर्द | 26 | 0.409 | 25 | खनुवा | 267 | 1.008 |
| 2 | विजवाहा | 302 | 0.494 | 26 | वीरपुरा | 168ख | 0.955 |
| 3 | सदूपुरा | 574 | 0.530 | 27 | खनुवा | 417 | 2.350 |
| 4 | कुठौंद | 609 | 1.344 | 28 | खर्रा | 521 | 0.729 |
| 5 | करनपुरा | 40 | 1.141 | 29 | सूरजपुरा | 107 | 0.789 |
| 6 | कुवरपुरा | 258 | 1.935 | 30 | सूरजपुरा | 124 | 1.007 |
| 7 | मदारीपुर | 107 | 0.458 | 31 | गढ़गुवां | 420 | 0.688 |
| 8 | मदारीपुर | 443 | 0.522 | 32 | गायर | 203 | 1.096 |
| 9 | नाहली | 130 | 0.599 | 33 | हथना बुजुर्ग | 293 | 0.906 |
| 10 | हरकौती | 344 | 0.809 | 34 | छिरिया सलेमपुर | 128 | 0.870 |
| 11 | अकोढी दुबे | 203 | 1.096 | 35 | शहजादपुरा | 558 | 0.433 |
| 12 | डदोतपुरा | 182 | 0.243 | 36 | गायर | 203 | 1.096 |
| 13 | नाहली | 311 | 0.251 | 37 | जरगांव | 177 | 0.809 |
| 14 | अकोढ़ी दुबे | 188 | 0.737 | 38 | जरगांव | 957 | 0.906 |
| 15 | अकोढ़ी दुबे | 81 | 0.914 | 39 | जहटौली | 148ख | 2.869 |
| 16 | कुठौंद | 338 | 1.659 | 40 | कुठौंद | 744 | 0.458 |
| 17 | आलमपुर जागीर | 15 | 0.733 | 41 | जरगांव | 957 | 0.906 |
| 18 | काशीपुरा | 126 | 1.457 | 42 | परतापपुरा | 99 | 0.506 |
| 19 | कुंवरपुरा | 431 | 1.935 | 43 | सींगपुरा | 106 | 0.833 |
| 20 | करतलापुर | 323 | 0.526 | 44 | पर्वतपुर | 329 | 0.761 |
| 21 | करतलापुर | 165 | 0.655 | 45 | पहाड़पुरा | 80 | 1.242 |
| 22 | करनपुरा | 40 | 1.141 | 46 | परतापपुरा | 99 | 0.506 |
| 23 | हीरापुर | 415 | 0.890 | 47 | नाहिली | 386 | 0.559 |
| 24 | कुतलूपुर | 177 | 0.806 | 48 | हरसिंहपुर | 263ख | 0.8250 |

उ0प्र0 234574 दिनांक- 04.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

उपजिलाधिकारी
जालौन

## तिरहर पट्टी में 20 नए नलकूपों की होगी स्थापना-सरोज कुरील

**विधानभवन लखनऊ में अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं विमुक्त जातियों संबंधी हुई संयुक्त समिति की बैठक में विधायक ने रखा प्रस्ताव**



घाटमपुर।विधानभवन में गुरुवार को हुई अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति की हुई बैठक में एक बार फिर विधायक ने विधान सभा क्षेत्र ज्वलंत मुद्दों को जोर शोर से उठाया। जिसमें पिछड़ा क्षेत्र मानी जाने वाली तिरहर पट्टी क्षेत्र में कैनाल परियोजना लागू किए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इनके अलावा सिंचाई एवं जलएसंसाधन विभाग के साथ भी विधायक ने महत्वपूर्ण बैठक में कई और मुद्दे भी जोर शोर से उठाए। बैठक सभापति श्रीराम चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विधायक सरोज कुरील ने जिसकी जानकारी देते हुए आगे बताया कि तिरहर पट्टी में जमुना नदी की ओर कैनाल परियोजना स्थापित की जाएगी। ताकि क्षेत्रीय सिंचाई व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि 20 नए नलकूपों की स्थापना कराए जाने का भी प्रस्ताव प्रस्तावित है। उन्होंने आगे बताया कि घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से निष्क्रिय पड़े 35 नलकूपों का रिबोर कराए जाने तथा उनका पुनः संचालन सुनिश्चित किए जाने की भी मांग की गई है।

## केकेआर ने अनुराग वॉरियर्स को 4 विकेट से हराया

घाटमपुर। मूसानग रोड़ पर स्थित कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महा विद्यालय में चल रहे घाटमपुर प्रीमियम लीग मच के तीसरे दिन केकेआर ने अनुराग वॉरियर्स को 4 विकेट से हराया। आज का मैन ऑफ द मैच अतुल सचान को सभासद पति शिवकरण सचान द्वारा दिया गया। लीग मैच के संयोजक भूप किशोर विश्वकर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर केकेआर ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। अनुराग वॉरियर्स ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 80 रन बनाए। अनुराग वॉरियर्स की तरफ से सबसे ज्यादा रन देवांश तिवारी ने 21 गेंद में 20 रन बनाए और अभिनव पाल ने 5 गेंद में 11 रन बनाए। अनुराग वॉरियर की तरफ से बोलिंग करते हुए सबसे ज्यादा विकेट सक्षम प्रजापति ने चार ओवरों में तीन विकेट लिए और रिशु ने तीन ओवर में तीन विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी के के आर की टीम ने 6 विकेट खोकर 10 ओवर में मैच जीत लिया के के आर की तरफ से बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन अर्सलान सिद्दीकी 22 दिनों में 33 रन बनाए।जय प्रजापति ने 13 गेंद में 15 रन बनाए।

## कार्यालय नगर पंचायत खखरेरू-फतेहपुर

पत्रांक- 84/न०पं० ख० / नि०प्र०/2025-26 दिनांक- 05.06.2025

### ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खखरेरू, जनपद फतेहपुर के द्वारा 'मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना' के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसके लिए अधोलिखित विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही ई-प्रोक्योरमेन्ट की बेवसाईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी। ई-निविदा का विवरण नियम व शर्तें निम्नवत है-

ई-निविदा समय सारणी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/ समय | दि०-06.06.2025 को 10.00 AM |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | दि०-06.06.2025 को 10.00 AM |
| 3. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | दि0-16.06.2025 को 05.00 AM |
| 4. | ई-निविदा की टेक्निकल बिड खोलने की तिथि/समय | दि0-17.06.2025 को 10.00 AM |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खखरेरू फतेहपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खखरेरू फतेहपुर

### रामखेलावन बौद्ध करेंगे देहदान, किया एलान

फतेहपुर। बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के ज़िला अध्यक्ष राम खेलावन बौद्ध ने मरणोपरांत देहदान करने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अमर बलिदानी जोधा सिंह अटैया एवं ठा. दरियाव सिंह मेडिकल कालेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर मरणोपरांत अपनी स्वेच्छा से दान करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मरने के बाद मेरे परिवार की सूचना पर शरीर को प्राप्त करते हुए मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत छात्रों को उपयोग हेतु सौप दिया जाये।



## अमौली कस्बे के 273 दिव्यांगों व बुजुर्गों को मिले उपकरण

**- सांसद, विधायक व ब्लाक प्रमुख रहे कार्यक्रम का हिस्सा**

बिंदकी, (फतेहपुर)। अमौली कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में 273 दिव्यांगों व बुजुर्गों को उपकरण दिए गए। सांसद, विधायक व ब्लॉक प्रमुख सहित अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम का हिस्सा रहे। जन प्रतिनिधियों ने कहा कि उपकरण मिलने के बाद दिव्यांग आसानी से चल फिर सकेंगे और उनका जीवन आसान होगा। कस्बे के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में 273 दिव्यांगों तथा बुजुर्गों को विभिन्न प्रकार के उपकरण दिए गए। सांसद नरेश उत्तम पटेल, विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा कई अधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। दिव्यांगों व बुजुर्गों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, वाकर, श्रवण यंत्र, ब्लाइंड स्टिक, बैटरी चलित, ट्राइसाइकिल, उसके साथ हेलमेट भी प्रदान किया गया। सांसद नरेश उत्तम पटेल, जहानाबाद क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने अपने हाथों से दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किया। इस मौके पर जन्म प्रतिनिधियों ने कहा कि उपकरण मिलने के बाद दिव्यांग, बुजुर्ग, साथी आसानी से कहीं आ जा सकेंगे। उनका कोई परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर सांसद नरेश उत्तम पटेल की धर्म पत्नी विजय लक्ष्मी पटेल के अलावा खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह के अलावा शिवकरन सिंह, एलिम्को कंपनी कानपुर के अधिकारी राकेश पांडेय, अमरनाथ, विमल कुमार, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

**चर्चित शैलेंद्र सिंह बनाम सुरेश शुक्ला आदि प्रकरण**

## ज़िला जज ने ख़ारिज की दाण्डिक निगरानी याचिका, सीजेएम के फ़ैसले पर लगी मुहर

फतेहपुर। तक़रीबन पौने दो वर्ष पुराने हत्या का प्रयास से संबंधित शहर के चर्चित शैलेंद्र सिंह बनाम सुरेश शुक्ला आदि प्रकरण में ज़िला जज अनमोल पाल की अदालत ने दाण्डिक निगरानी वाद को ख़ारिज करते हुए स्थानीय सीजेएम कोर्ट द्वारा विगत 20 अगस्त 2024 को पुलिस की क्लोज़िंग रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए मुक़दमा समाप्त करने के आदेश पर अपनी मुहर लगा दी है।ज्ञातव्य रहे कि शहर के हरिहरगंज इलाक़े के रहने वाले शैलेंद्र सिंह उर्फ़ राजू यादव ने अगस्त 2024 के दूसरे सप्ताह में शहर के चिरांश नगर निवासी व्यवसायी पिता-पुत्र सुरेश शुक्ला एवं अमित शुक्ला पर दो माह पूर्व जान से मारने के प्रयास का मुक़दमा दर्ज कराया था। उस समय ज़िले का यह अति चर्चित मामला था, जिसमें सत्तारूढ़ दल के स्थानीय कुछ प्रमुख पदाधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका उजागर होने और मामला शासन स्तर तक पहुँचने के बाद सप्ताह भीतर आनन-फ़ानन में पुलिस ने उपरोक्त एफ.आई.आर. को रद्द (क्लोज़) करके रिपोर्ट सीजेएम कोर्ट भेज दी, जिसे उपरोक्त न्यायालय ने मुक़दमा अपराध संख्या 678/2022 में स्वीकार कर लिया था। सुरेश शुक्ला एवं अमित शुक्ला के अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शैलेंद्र सिंह ने ज़िला जज न्यायालय में दाण्डिक निगरानी संख्या 188/2024 योजित किया जिसमें पिता-पुत्र के साथ-साथ राज्य सरकार को भी पार्टी बनाया गया। ज़िला जज कोर्ट ने निगरानीकर्ता के अधिवक्ता की अलग-अलग दरख़ास्तों पर अपना वाज़िब पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया किन्तु कोई संतोषजनक जवाब न दाखिल होने पर विगत 30 मई को उपरोक्त दाण्डिक निगरानी को निरस्त कर दिया और सीजेएम कोर्ट के 20 अगस्त 2024 के आदेश को कायम रखा। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि उनके मुअक्किल अमित शुक्ला ने उपरोक्त शैलेंद्र सिंह आदि के ख़िलाफ़ मानव तस्करी का मुक़दमा कायम कराया है, जिसमें सुलह के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से सुरेश शुक्ला व अमित शुक्ला के ख़िलाफ़ उपरोक्त 307 धारा का मुक़दमा पंजीकृत कराया था, जिसे बाद में पुलिस ने रद्द कर दिया था, जिसे सीजेएम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था और अब डीजे कोर्ट ने सीजेएम के फ़ैसले पर अपनी भी मुहर लगा दी है।

## ब्रिगेडियर ने ईसीएचएस अस्पताल का किया निरीक्षण

**- पूर्व सैनिकों ने समस्याओं को लेकर सौंपा मांग पत्र**



फतेहपुर। डिप्टी जनरल आफिसर कमांडिंग पूर्व यूपी एण्ड एमपी एरिया इलाहाबाद ब्रिगेडियर रूबी कपूर गुरूवार को ईसीएचएस अस्पताल का निरीक्षण करने आए। जिनका स्वागत अस्पताल की कार्यवाहक प्रभारी अधिकारी डा. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। इसके पश्चात ब्रिगेडियर ने अस्पताल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। ठेकेदार को शीघ्र व उच्च गुणवत्ता वाला भवन बनाने का निर्देश दिया। इसके पश्चात पूर्व सैनिक उत्थान समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें बताया गया कि प्रत्येक ग्यारह महीने के बाद एक बोर्ड बैठता है। आधे से ज्यादा स्टाफ परिवर्तित हो जाता है। कम से कम तीन साल का समय देना चाहिए। क्योंकि ग्यारह महीने में तो वह काम सीख पाता है। अस्पताल की दवाई जब से लखनऊ से आने लगी है तब से फतेहपुर के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है और आधी से कम दवाई प्राप्त हो रही है। इसको पुनः इलाहाबाद से जोड़ा जाए। अस्पताल में शीघ्र ही एक्सरे मशीन व डेंटल ट्रीटमेंट चेयर पहले की भांति उपलब्ध कराई जाए। अस्पताल में आफिसर इंचार्ज व एक मेडिकल आफिसर की रिक्त जगह पर पोस्टिंग कराई जाए। ब्रिगेडियर रूबी कपूर ने पूर्व सैनिकों को आश्वासन दिया कि वह सभी समस्याओं को वरीयता से निपटाने का प्रयास करेंगे। अंत में अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी व महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## अंजुम फिर बने जिलाध्यक्ष व दिनेश नगर अध्यक्ष मनोनीत



फतेहपुर। उद्योग व्यापार मंडल उ.प्र. की ट्रेड इकाई इलेक्ट्रानिक इलेक्ट्रिक संगठन का पुनर्गठन करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर मो. अंजुम, नगर अध्यक्ष पद पर दिनेश सिंह को मनोनीत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की संस्तुति के उपरान्त जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला कार्डिनेटर चन्द्र प्रकाश बब्लू गुप्ता ने इलेक्ट्रानिक इलेक्ट्रिक संगठन का पुनर्गठन करते जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए एक माह के अन्दर जनपद के समस्त व्यापारियों को संगठन से जोड़ते हुए कमेटी का विस्तार किए जाने के निर्देश दिए। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला कार्डिनेटर चन्द्र प्रकाश बब्लू गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी।

# एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसका करें संरक्षण-डीएम

**- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने ओम घाट भिटौरा में रोपे पौधे**





फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओम घाट भिटौरा में प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति की थीम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। ओम घाट भिटौरा परिसर में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने आम का पौध, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने महोगनी, प्रशिक्षु आईएएस नौशीन ने आंवला, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने महोगनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम ने आंवला का पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए गंगा दशहरा व विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है, इसलिए शासन की मंशानुरूप एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण भी करें। समय के साथ तकनीकी बदलाव (एसी, कूलर) हुआ है, जो अप्रत्यक्ष रूप से नुकसानदेय है। इसका असर कुछ दिनों बाद दिखने लगता है। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी भिटौरा व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि ओम घाट भिटौरा परिसर में एक पार्क निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर अवगत कराएं जिससे कि आने वाले पर्यटकों और स्नानार्थियों को प्रकृति के सौंदर्य की अनुभूति होगी और मनोरम दृश्य भी दिखेगा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जनपद में जिन नदियों को पुनरुद्धार की आवश्यकता है, कार्य योजना बनाकर अग्रेत्तर कार्यवाही करें। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने गंगा दशहरा व विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाना आवश्यक है और उसका संरक्षण पुत्र की तरह करेंगे तभी पौधा तैयार होगा। हमारे वातावरण को लाभ पहुंचाएगा। स्वामी विज्ञानानंद महाराज, वनाधिकारी, पूर्व पंजाब कृषि विश्व विद्यालय के निदेशक ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी भिटौरा, नमामि गंगे के संयोजक शैलेन्द्र शरन सिम्पल, जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महर्षि में हुआ पौधरोपण

**- ओम घाट में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण**





फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 60 यूपी बटालियन एनसीसी और महर्षि विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में 65 कैडेट्स ने भाग लिया। कर्नल बृजेश पठानिया व लेफ्टिनेंट कर्नल योगेंद्र चिन्हवान के दिशा निर्देश अनुसार ओम घाट में एनसीसी कैडेट्स ने पौधरोपण किया और गंगा नदी के किनारे पौधे लगाए। कैडेट्स ने वहां के लोगों को जागरूक किया कि वे भी इस काम में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दें और अपने आसपास के क्षेत्र में पेड़-पौधे लगाएं। इसके बाद स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया। लेफ्टिनेंट रोहितदत्त ने परिपत्र अर्थव्यवस्था का महत्व और ग्रीन हाइड्रोजन की बढ़ती आवश्यकता विषय पर एक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के बाद जलपान वितरण किया गया। इस अवसर पर सबेदार विकास थापा, लेफ्टिनेंट रोहित दत्त, थर्ड ऑफिसर बिपिन मिश्रा और प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैडेट्स को अधिक से अधिक पौधे लगाने और अपने आसपास के लोगों को भी इस कार्य में प्रेरित करने के लिए प्रेरित किया।

## नोडल अधिकारी ने शहर में साफ़-सफ़ाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



फतेहपुर। आगामी त्यौहारो में नगरीय निकायों द्वारा गई तैयारियों के निरीक्षण/समीक्षा हेतु नामित नोडल अधिकारी/प्रबंध निदेशक जल निगम (नगरीय) रमाकांत पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद सदर में नालियों की गई सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया, साथ ही ईदगाह को जाने वाले रास्ते का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं श्रीबांके बिहारी मन्दिर, अटल बिहारी बाजपेई पार्क पर पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। प्रबंध निदेशक ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में नगरीय निकायों में त्यौहारो ईद-उल-अजहा, अंतरराष्ट्रीय दिवस, गंगा दशहरा के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात नगर पंचायत खागा में भी नाले/नालियों की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के दृष्टिगत सभी तैयारियां कर साथ ही मुस्तैदी के साथ तैयार रहे एवं वर्षाकाल में जल भराव की समस्या के निदान हेतु तैयार रहने के साथ ही सभी बंदोबस्त पहले से ही करे ताकि वर्षाकाल में जल भराव की समस्या न हो। इस अवसर अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार, कार्यवाहक तहसीलदार सदर, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजकुमार मौर्या सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक

**स्वच्छ भारत मिशन की डीएम ने की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश**

फतेहपुर। जिला स्वच्छता समिति/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों/चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी की और कार्यों की समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ओडीएफ प्लास के तहत चयनित मॉडल ग्रामों में कार्य की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों तेजी लाये, के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामों में किए गए कार्यों की निरंतर समीक्षा करें, साथ ही जिन ग्रामों के कार्यों की प्रगति कम है, के सचिव पर नियमानुसार कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन प्राप्त हुए है का सत्यापन कराते हुए कार्य प्रारंभ कराए साथ ही जिन व्यक्तिगत शौचालयों की द्वितीय किस्त शेष है, को नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर द्वितीय किस्त जारी करते हुए शौचालय पूर्ण कराए साथ ही समय से जीओ टैगिंग भी कराए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में निर्मित एकीकृत ठोस प्रबंधन केंद्र का संचालन संवेदनशीलता के साथ कराए, के लिए कूड़ा उठान, निस्तारण संबंधी फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। ब्लॉक देवमई, विजयीपुर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में अधिशाषी अभियंता से समन्वय बनाते हुए विद्युत कनेक्शन कराते हुए यूनिट का संचालन कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक करें कि कूड़ा/गंदगी को बाहर न फेंके संबंधित कूड़ा उठान गाड़ी को दे । स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराए कार्यों का भुगतान ससमय कराए साथ ही कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल आने वाले मार्गो/विद्यालयों में पूर्व में जल भराव रहता था कि सूची उपलब्ध कराए ताकि वर्षा से पहले जल भराव की समस्या का समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसीएमओ, खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सनगांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

फतेहपुर। सनगांव में एक क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने करते हुए प्रतियोगिता के संचालक नौशाद अहमद की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के दौर में खेलकूद ही एक सहारा हैं जिनसे नौनिहाल बच्चों व युवकों के बीच आपसी सद्भाव व भाईचारा पैदा किया जा सकता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा समाज में घोला गया आपसी विद्वेष का जहर चिंता का विषय है परंतु ये हमारा कर्तव्य है कि उनकी ओछी बातों से दूर रहते हुए आपस में प्रेम और सौहार्द का वातावरण बनाएं। उद्घाटन अवसर पर साथ रहे शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने भी टूर्नामेंट में भाग ले रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी घृणित विचार धारा से दूर रहते हुए अपने भविष्य के प्रति सजग रहें एवं समाज में मिल-जुलकर एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना का संचरण करें। जिससे कल की सुबह उदीयमान हो एवं आपका भविष्य प्रखर एवं उज्जवल हो। प्रतियोगिता के संचालक नौशाद अहमद ने बताया कि भाग ले रही सभी टीमों के सदस्यों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं जिससे बच्चों को प्रसन्नता हो एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य का विकास हो।

## रेडक्रास चेयरमैन ने टीबी अस्पताल में रोपित किए पौध

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में आरोग्य भारती के जिला सचिव व चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम टीबी अस्पताल परिसर में पांच पौधे लगाए गए। साथ ही उन्हें संरक्षित रखने के लिए ईंटो से चारों ओर से कवर भी किया तत्पश्चात पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक जल के संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान जीटी रोड सदर अस्पताल के पास चलाया। सभी दुकानदारों व आमजनमानस को जल संरक्षण निवेदन पत्रक सौंपा। जल को व्यर्थ नष्ट करने से बचाव हेतु समझाया क्योंकि जल है तो कल है व एक बार बिना भोजन के तो जीवित रहा जा सकता है पर जल के बिना जीवन की परिकल्पना असम्भव है। साथ ही लोगों से एक वृक्ष लगाने व उसका संरक्षण करने हेतु भी अपील किया। पालीथिन के न प्रयोग करने हेतु समझाया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. निशात शहाबुद्दीन, सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य गोरेलाल, सुनीत सिंह सह संयोजक केमिस्ट प्रकोष्ठ व प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### भाकपा का जिला सम्मेलन 08 को

खागा, (फतेहपुर)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर खागा नगर में रैली व जिला सम्मेलन का आयोजन आठ जून किया जाएगा। जिसमें पार्टी के ऐतिहासिक योगदान, वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों, किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं की समस्याओं को उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। आम जनता से इस रैली और सम्मेलन में भाग लेने की अपील की गई। सम्मेलन में प्रदेश व स्थानीय नेता शामिल होंगे।

### स्कूल की भूमि पर कब्जा किए जाने की सीएम से शिकायत

खागा, (फतेहपुर)। सरसई नगर स्थित सेंट मेरी स्कूल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रदेश सरकार के मंत्री राजेश सचान को दिया है। जिसमें शिकायतकर्ता प्रदीप जार्ज ने आरोप लगाया दबंग जबरन कब्ज़ा नहीं छोड़ रहे हैं। फादर प्रदीप जॉर्ज ने बताया कि विद्यालय की ज़मीन गाटा संख्या 930, 936, 937, 938 पर कुछ दबंग लोग जबरदस्ती कब्ज़ा किए हुए हैं। यह ज़मीन स्कूल के नाम पर पंजीकृत है, जिस पर स्कूल भवन और अन्य सुविधाएं निर्मित हैं। गढ़ी निवासी छविलाल सिंह व उनके पुत्र बृजेश सिंह और सोनू सिंह बिना वैध कारण स्कूल की भूमि पर कब्जा जमाए हुए हैं। वे लगातार धमकी दे रहे हैं और अवैध रूप से निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इससे छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मांग किया कि इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उचित प्रशासनिक व पुलिस कार्यवाही कराकर कब्जा हटवाया जाए। ताकि विद्यालय का संचालन सामान्य रूप से हो सके।

### पेड़ पर लटकता मिला युवती का शव, मचा हड़कंप

**- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस**

खागा, (फतेहपुर)। गुरूवार की सुबह जंगल में आम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता हुआ एक युवती का शव मिला। शव मिलने की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे खागा क्षेत्राधिकारी सहित स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उधर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मोती सिंह का पुरवा मजरे बैगांव निवासी संतोष कुमार निषाद मुंबई में रहकर अपने परिवार के भरण पोषण के लिए काम करता है। उसकी 18 वर्षीय पुत्री शिवरानी बुधवार की शाम को शौच क्रिया के लिए अकेले जंगल गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब लड़की घर वापस नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन रात भर जंगल सहित आस-पास के इलाकों में उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला। जब सुबह हुई तो पता चला कि गांव के ही रहने वाले श्याम लाल के बाग में आम के पेड़ पर युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। जानकारी होते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे। लड़की के शव को आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों के पैरो तले जमीन खिसक गई और हाहाकार मच गया। धीरे-धीरे गांव सहित आसपास के लोगों का भी जमावड़ा लगना शुरू हो गया। खागा क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय सहित स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर चल रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

बिंदकी, (फतेहपुर)। ट्रक की टक्कर से एक ही बाइक में सवार तीन युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तीनों घायल युगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर हड़कंप मचा रहा। भारी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बे के निकट खजुहा रोड नहर पुल के पास ट्रक की टक्कर से एक ही बाइक में सवार शिवाकांत 22 वर्ष पुत्र छोटे, निखिल 18 वर्ष पुत्र रामकुमार, गोलू 20 वर्ष पुत्र उदयभान तीनों निवासी ग्राम कंचनपुर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ लग गई। दुर्घटना करने के बाद ट्रक मौके से निकल गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। घायलों के परिजनों ने बताया कि तीनों युवक बाइक द्वारा बैठकर बिंदकी से गांव कंचनपुर जा रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

### बीमारी से तंग ईंट भट्ठा मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

बिंदकी, (फतेहपुर)। बीमारी से तंग आकर ईंट भट्ठा मजदूर ने एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। लोगों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेलगांव के समीप एक ईंट भट्ठे के निकट गुरुवार की सुबह आठ बजे ईंट भट्ठा मजदूर रानू रैदास 35 वर्ष पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम पुरईहार थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर का शव एक पेड़ में फांसी के फंदे में लटका मिला तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि वह 6 साल से ईंट भट्ठा में मजदूरी का काम कर रहा था। वह गंभीर बीमारी से ग्रसित था जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### बस की टक्कर से आटो पलटा, आधा दर्जन घायल

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत महिचा मंदिर के समीप एनएच-2 में गुरूवार की सुबह रोडवेज बस की चपेट में आ जाने से आटो में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के भगनाखेरा लहंगी सीताराम का साला निवासी तुलसीपुर थाना धाता के पुत्र की आज शादी है, जिस पर सीताराम 40 अपनी 10 वर्षीय पुत्री विनीता, जमुनाराम की 45 वर्षीय पत्नी सुनीता, रामभरोसे की 55 वर्षीय पत्नी लक्षिया के साथ सीताराम अपने निजी आटो से धाता जा रहा था। बताते हैं कि तभी थरियांव थाने से कुछ आगे रोड किनारे खड़े उमेश की पत्नी फूलमती व नौ वर्षीय पुत्री नैना देवी को धूप में खडा होता देखा दोनों को आटो बैठा लिया। जब यह लोग महिचा मंदिर के समीप एनएच-2 में पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही रोडवेज बस ने आटो में टक्कर मार दिया। जिससे उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गये। घटना के बाद चालक बस लेकर भाग जाने में सफल रहा। सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### किशोरी समेत दो ने किया जान देने का प्रयास

फतेहपुर। जनपद अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत किशोरी समेत दो लोगो जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां दोनो की हालत गंभीर देख कानुपर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी सीताराम की 17 वर्षीय पुत्री काजल ने अज्ञात कारणों द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार हथगाम कस्बा निवासी ब्रजभान का 48 वर्षीय पुत्र मुकेश ने घरेलू कलह के चलते जाने देने की कोशिश की। कुछ समय बाद जब दोनो की हालत बिगडने लगी तो परिजनो ने उन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने दोनो की हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## जश्न की त्रासदी

जीत के जश्न में मौत का मातम ऐसी त्रासदी है जो उपजती तो हमारे संवेगों से है लेकिन व्यवस्थागत खामियां उसकी तीक्ष्णता-गंभीरता को कई गुना बढ़ा देती हैं। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर की जीत के बाद बुधवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में उमड़े लाखों क्रिकेटप्रेमियों की भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत इसी का ताजा उदाहरण है। लंदन में ऐसे ही एक विक्ट्री सेलिब्रेशन में गत सप्ताह भीड़ के बेकाबू होने से भगदड़ मची और दो लोगों की जान चली गई। फुटबाल के मैचों और उनके जश्न में तो उत्तेजना चरम पर रहकर बेकाबू हो जाती है। इसीलिए स्पेन, ब्राजील, अर्जेंटीना, इटली जैसे इसके दीवानों के देशों में ऐसे आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में मौतें आम खबरें होती जा रही हैं। भीड़ का उग्र मनोविज्ञान केवल खेल की उत्तेजना और जोश के आवेग में ही नहीं होता बल्कि धार्मिक आयोजनों आस्था के ज्वार से गुजरते हुए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु भी इसके शिकार होते रहते हैं। देश के कई छोटे बड़े शहरों में ऐसी दुखद घटनाएं होती रही हैं। कहीं जुटे हुए लोग बेहद जोश में होते हैं, कहीं ज्यादा भीड़ के कारण एक-दूसरे पर गिरने से घबरा जाते हैं, कभी किसी अफवाह पर भड़कते हैं, कहीं आगे जाने में विवाद होता है, कहीं आयोजन स्थल से निकलने के पर्याप्त इंतजाम न होने से भगदड़ मचती है। इनके पीछे बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के हुजूम पर नियंत्रण न पाना और सुदृढ़ व्यवस्था न होना मुख्य वजह है। बेंगलुरु की घटना के पीछे भी यही कारण था और पूर्व के हादसे भी मुख्य रूप से इन्हीं वजहों से हुए थे। ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हों तो इन्हें एक जरूरी सबक के तौर पर याद रखा जाना चाहिए। आमतौर पर ऐसी घटनाओं में व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सफाई होती है कि हमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों के आने का अंदाजा नहीं था। वे यह भी नहीं सोच पाए कि देश के युवाओं पर क्रिकेट का बुखार किस बुरी तरह हावी है और ऐसे मौके पर फैन्स तो उमड़ेंगे ही। शायद इतनी स्वाभाविक बात सोचने की भी अफसरों को फुर्सत नहीं थी। अब आप भले ही शोक जता दीजिए, मरने वालों के परिजनों को पैसा दे दीजिए, जांच बैठा दीजिए लेकिन उन लोगों का जीवन तो वापस नहीं आने वाला जो केवल सही इंतजाम न होने का शिकार बन गए। चूंकि आज की व्यवस्था केवल बयानों व कागज का पेट भरने से ही चलती है तो फिर ऐसे हादसे होंगे ही।

## नया लेनदेन

बीती मई में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआइ के जरिये लेन-देन में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो डिजिटल लेन-देन में बढ़ोतरी का संकेत है। आंकड़े के मुताबिक, बीते महीने यूपीआइ से लेन-देन संख्या के हिसाब से 18.68 अरब और मूल्य के हिसाब से 25.14 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2016 में डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू होने के बाद से अब तक का सर्वाधिक है। जबकि अप्रैल में यह आंकड़ा 23.95 लाख करोड़ रुपये का था। मई, 2024 से तुलना करें, तो मई, 2025 में यूपीआइ से लेन-देन में संख्या के हिसाब से 33 प्रतिशत की, जबकि मूल्य के लिहाज से 23 फीसदी की वृद्धि हुई। सच्चाई यह है कि 2016 में शुरू होने के बाद से ही यूपीआइ के इस्तेमाल में लगातार तेजी आयी है। नोटबंदी के बाद डिजिटल पेमेंट को तो बढ़ावा मिला ही, स्मार्टफोन के इस्तेमाल में वृद्धि तथा गूगल पे, फोन पे, पेटीएम जैसे निजी एप्स की शुरुआत ने यूपीआइ को और लोकप्रिय बनाया। हालांकि अब इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी हो रही है। फोनपे और गूगल पे जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने यूपीआइ की बाजार हिस्सेदारी पर कुछ कब्जा किया है। यूपीआइ को और बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, ताकि छोटे डिजिटल लेन-देन का खर्च कम हो सके। यूपीआइ अब सिंगापुर, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, फ्रांस, भूटान और नेपाल आदि में भी अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। इससे भारतीय पर्यटक, छात्र और व्यावसायिक यात्री अपने घरेलू यूपीआइ एप के जरिये भुगतान कर सकते हैं। पिछले कुछ महीनों में यूपीआइ में कुछ तकनीकी समस्याएं भी आयीं। जैसे, अप्रैल में सर्वर पर ज्यादा दबाव के कारण एक दिन पेमेंट और फंड ट्रांसफर में परेशानी आयी थी। मई में डिजिटल पेमेंट के दूसरे प्लेटफॉर्मों पर भी लेन-देन में वृद्धि हुई है। विरोधाभास यह है कि डिजिटल लेन-देने में वृद्धि के साथ नकदी में लेन-देन भी बढ़ रहा है. खासकर पांच सौ रुपये का नोट नकदी का प्रमुख रूप बन गया है, जो मात्रा के हिसाब से सभी बैंक नोटों का 41 प्रतिशत और कुल मूल्य का 86 प्रतिशत है, जबकि सरकार कम मूल्य वाले नोटों का प्रचलन बढ़ाने की कोशिश में है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**आरसीबी विक्ट्री परेड भगदड़ में ग्यारह दिवंगत**
क्या मजाल कि कोई आयोजकों को जेल भेजे!
**न्यायपालिका की स्वतंत्रता सबसे ऊपर है-गवई**
राज्यसभा की सदस्यता भी मामूली बात नहीं!
**अगले सप्ताह से फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून**
तब तक नाला सफाई की बंदरबांट तय हो जाये!
**आपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की ताकत**
पहलगाम में दिखी आंतरिक सुरक्षा की हालत!
**सेना के अपमान पर राहुल को कोर्ट की फटकार**
यूं बदनाम हम जो हुए तो क्या नाम न होगा!
**देश में अगले वर्ष मार्च से शुरू होगी जनगणना**
विस्थापितों के लिये यही सबसे सुनहरा अवसर!

♦♦♦

# भीड़ का हिस्सा नहीं, संवेदनशील सहभागी बनें

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और खेल आयोजन हमारी सांस्कृतिक विविधता और सामूहिक उत्साह के प्रतीक हैं। ये आयोजन निरंतर होते रहते हैं, किंतु जब यही उत्सव असंवेदनशीलता, अव्यवस्था और अनुशासनहीनता के कारण त्रासदी का रूप ले लेते हैं, तो एक गंभीर प्रश्न उठता है–क्या हम केवल एक भीड़ हैं या एक जिम्मेदार समाज? क्या भीड़ प्रबंधन केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है? क्या सहभागियों का कोई दायित्व नहीं बनता?

हमारे देश में भीड़ के अनियंत्रित होने के कारण अनेक त्रासद घटनाएं घट



**- डा. मनमोहन प्रकाश**

चुकी हैं। 1954 के प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ स्वतंत्र भारत की पहली बड़ी चेतावनी थी, जिसने प्रशासनिक सीमाओं को उजागर किया। इसके बाद 2003 में नासिक कुंभ; 2008 में नांदेड़ (हुजूर साहिब गुरुद्वारा), नैना देवी मंदिर (हिमाचल प्रदेश);2011में पुलुमेदु मकर संक्रांति मेला, केरल; 2013 में रतनगढ़ मंदिर, दतिया (मध्य प्रदेश);2014 में पटना देवी मंदिर (बिहार), डोमरी गांव (वाराणसी),2014 में दशहरा समारोह, पटना;2015 में पुष्करम उत्सव, राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश);2022 में वैष्णो देवी मंदिर;2023 में कुबेरेश्वर धाम, रुद्राक्ष महोत्सव;2024 में हैदराबाद थिएटर हादसा;2024 में हाथरस, सत्संग के बाद भगदड़;2025 में महाकुंभ हादसा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा, चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु) के बाहर आईपीएल विजय का जश्न जैसे आयोजनों में विभिन्न कारणों से भीड़ अनियंत्रित हुई, भगदड़ मची और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

इन हादसों की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए? क्या आयोजनकर्ता पूर्णतः दोषी हैं? क्या प्रशासनिक व्यवस्था ही विफल रही? या फिर क्या भीड़ में शामिल हर व्यक्ति को भी आत्ममंथन नहीं करना चाहिए?

भीड़भाड़ वाले आयोजनों में भाग लेना अनुचित नहीं है, किंतु सहभागी बनने से पहले कुछ मूलभूत प्रश्नों पर विचार करना आवश्यक है क्या आयोजन को प्रशासन से अनुमति प्राप्त है?; आयोजन स्थल की क्षमता और व्यवस्था कैसी है?;क्या यह आयोजन केवल आमंत्रित या पासधारकों के लिए है या सभी के लिए खुला है?; निजी वाहन लेकर वहां जाना कितना उचित है?;

क्या भीड़ में मेरी उपस्थिति आवश्यक है या घर से भी इसे देखा जा सकता है?आज के तकनीकी युग में बहुत से आयोजन घर बैठे टीवी या डिजिटल माध्यमों से देखे जा सकते हैं। यदि हर व्यक्ति यह मान ले कि वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि आयोजन का सह-व्यवस्थापक है, तो कई समस्याएं स्वतः समाप्त हो सकती हैं। हम यह भूल जाते हैं कि लाइन तोड़ने वाला,



धक्का देने वाला, गेट पर चिल्लाने वाला,शोर मचाते हुए, झंडा लहराते हुए तेज रफ्तार में दो पहिए वाहन चलाने वाला,अफवाह फैलाने वाला, नियमों की अनदेखी करने वाला व्यक्ति स्वयं अव्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। भीड़ प्रबंधन केवल पुलिस बल, बैरिकेडिंग, स्मार्ट निगरानी प्रणाली,

> भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और खेल आयोजन हमारी सांस्कृतिक विविधता और सामूहिक उत्साह के प्रतीक हैं। ये आयोजन निरंतर होते रहते हैं, किंतु जब यही उत्सव असंवेदनशीलता, अव्यवस्था और अनुशासनहीनता के कारण त्रासदी का रूप ले लेते हैं, तो एक गंभीर प्रश्न उठता है–क्या हम केवल एक भीड़ हैं या एक जिम्मेदार समाज? क्या भीड़ प्रबंधन केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है? क्या सहभागियों का कोई दायित्व नहीं बनता? हमारे देश में भीड़ के अनियंत्रित होने के कारण अनेक त्रासद घटनाएं घट चुकी हैं। 1954 के प्रयागराज कुंभ में हुई भगदड़ स्वतंत्र भारत की पहली बड़ी चेतावनी थी, जिसने प्रशासनिक सीमाओं को उजागर किया।

सीसीटीवी, ड्रोन, RFID टैगिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम, मोबाइल ऐप्स, हाईटेक लाउडस्पीकर या वर्चुअल रूट मैपिंग से संभव नहीं। इसका मूल आधार है अनुशासन, संवाद और नागरिक सहयोग।

एक जिम्मेदार सहभागी वही होता है जो समय का पालन करे,
अनुशासन में रहे,अफवाहों से बचे,दूसरों की सुविधा का उतना ही ध्यान रखे जितना अपनी, असहज, असहाय लोगों की मदद करे,प्रशासन का सहयोग करे।यह आचरण किसी कानून या प्रशिक्षण से नहीं आता, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक अनुशासन से उत्पन्न होता है।

हमें यह स्वीकार करना होगा कि हादसे केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार व्यवहार का भी परिणाम होते हैं। जांच रिपोर्ट, मुआवजा और खेद-प्रकट करना पर्याप्त नहीं। जरूरत है आत्मचिंतन और सक्रिय नागरिक सहभागिता की।

अब समय आ गया है कि हम आयोजनों को केवल 'उपस्थित रहने' की प्रक्रिया न मानें, बल्कि अपनी भूमिका को रचनात्मक रूप से परिभाषित करें। जब हर नागरिक स्वयं को उत्तरदायी मानेगा, तभी भारत की आयोजन-संस्कृति सुरक्षित, गरिमामय और प्रभावशाली बन सकेगी। अतः भीड़ नहीं–संवेदनशील, दायित्ववान और अनुशासित सहभागी बनना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

बड़े-बड़े पहलवान उसका लोहा मान गये थे। दिल्ली से ओरछे तक सैकड़ों मर्दानगी के मद से मतवाले उसके सामने आये; पर कोई उससे जीत न सका। उससे लड़ना भाग्य से नहीं बल्कि मौत से लड़ना था। वह किसी इनाम का भूखा न था। जैसा ही दिल का दिलेर था, वैसा ही मन का राजा था। ठीक होली के दिन उसने धूम-धाम से ओरछे में सूचना दी कि ÷खुदा का शेर दिल्ली का कादिरखां ओरछे आ पहुंचा है। जिसे अपनी जान भारी हो, आकर अपने भाग्य का निपटारा कर ले।÷ ओरछे के बड़े-बड़े बुंदेले सूरमा वह घमंड-भरी वाणी सुन कर गरम हो उठे। फाग और डफ की तान के बदले ढोल की वीर-ध्वनि सुनायी देने लगी। हरदौल का अखाड़ा ओरछे के पहलवानों और फेकैतों का सबसे बड़ा अड्डा था। संध्या को यहां सारे शहर के सूरमा जमा हुए। कालदेव और भालदेव बुंदेलों की नाक थे, सैकड़ों मैदान मारे हुए। ये ही दोनों पहलवान कादिरखां का घमंड चूर करने के लिए गये।

दूसरे दिन किले के सामने तालाब के किनारे बड़े मैदान में ओरछे के छोटे-बड़े सभी जमा हुए। कैसे-कैसे सजीले, अलबेले जवान थे-सिर पर खुशरंग बांकी पगड़ी, माथे पर चंदन का तिलक, आंखों में मर्दानगी का सरूर, कमर में तलवार। और कैसे-कैसे बढ़े थे-तनी हई मुंछ, सादी पर तिरछी पगड़ी, कानों में बंधी हई दाढियां, देखने में तो बुढे, पर काम में जवान, किसी को कुछ न समझने वाले। उनकी मर्दाना चाल-ढाल नौजवानों को लजाती थी। हर एक के मुंह से वीरता की बातें निकल रही थीं। नौजवान कहते थे- देखें आज ओरछे की लाज रहती है या नहीं। पर बूढ़े कहते- ओरछे की हार कभी नहीं हुई, न होगी। वीरों का यह जोश देख कर राजा हरदौल ने बड़े जोर से कह दिया- 'खबरदार बुंदेलों की लाज रहे या न रहे; पर उनकी प्रतिष्ठा में बल न पड़ने पाये-यदि किसी ने औरों को यह कहने का अवसर दिया कि ओरछे वाले तलवार से न जोत सके तो धांधली कर बैठे, वह अपने को जाति का शत्रु समझे।'

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार।
ये गुण सीखे ना मिलें, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# बकरीद : त्याग, श्रद्धा और इंसानियत का संदेश

दुनियां के वजूद मे आने के साथ ही ईश्वर ने मानव को समाज मे रहने के लिए त्याग, सर्मण और बलिदान के लिए प्रेरित किया।इसी लिए बलिदान हर मज़हब मे ईश्वर को पाने का प्रबल हथियार बन गया। यही बलिदान हमारे अंदर देश प्रेम,समाज प्रेम, इंसानियत और वतन परस्ती का जज्बा



**- शाहिद नकवी**

पैदा करता है। सच बलिदान ही हमें देश विरोधी ताकतों से लड़ने की प्रेरणा देता है। सामाजिक रीतिरिवाज ,उत्सव और त्योहार इंसानों के भक्ति भाव को परखने का ज़रिया भी बने। दुनिया में कोई भी कौम ऐसी नहीं है जो कोई एक खास दिन त्योहार के रूप में न
मनाती हो।इन त्योहारों में एक तो धार्मिक आस्था विशेष रूप से देखने को मिलती है और अन्य सम्प्रदायों व तबकों के लोगों को उसे समझने और जानने का अवसर मिलता है। इसी तरह मुसलमानो के लिए ईद उल अज़हा त्याग और बलिदान का पर्व है,जिसे भारत और दूसरे पड़ोसी देशों मे लोकभाषा मे बकरीद कहा जाता है।बकरीद, जिसे ईद-उल-अज़हा के रूप में भी जाना जाता है, इस्लाम में दो प्रमुख त्योहारों में से एक है,दूसरा ईद-उल-फितर है। यह त्योहार इस्लामी चंद्र कैलेंडर के अंतिम महीने, जिल-हिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है और पैगंबर इब्राहिम (अब्राहम) की वह कहानी याद करता है, जब उन्होंने अल्लाह की आज्ञा मानते हुए अपने बेटे, इस्माइल को कुर्बान करने की इच्छा दिखाई हालांकि,अल्लाह ने उनकी परीक्षा लेने के बाद एक भेड़ प्रदान की,जिसे कुर्बान किया गया। यहां ईश्वर ने हज़रत इब्राहीम की अपने प्रति मोहब्बत की परीक्षा लेकर,दुम्बा भेजा जो दो बड़े संदेशों की तरफ इशारा करते हैं।एक तो अगर इस्माइल पर छूरी चल जाती तो फिर रहती दुनियां में कुर्बानी के नाम पर इंसानों के खून की परम्परा पड़ जाती। दूसरे कर्बला में पैगम्बर मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की अल्लाह की राह में दी गई अजीम कुर्बानी लोगों को समझ में नहीं आती।अन्याय के खिलाफ आवाज दब जाती, कानून के शासन को चुनौती मिलती, इंसानियत, भाईचारा, परिवारिक रिश्तों की अहमियत और ईश्वर के प्रति इंसान की जवाबदेही,गरीबों और मजलूमों के साथ खड़े होने की समझ, देश और समाज के प्रति वफादारी, जिम्मेदारी और त्याग की भावनाएं हिलोरें नही मारती। इसी लिए ये यह त्योहार विश्वास, समर्पण,और सामुदायिक एकता के मूल्यों पर जोर देता है,जो समाज में शांति और सामंजस्य को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रथम दृष्टि मे तो ये एक जानवर की बलि देने की पुरातन परम्परा जैसा दिखता है लेकिन वास्तव मे इसकी मूल भावना कुर्बानी है। यह कुर्बानी इस संकल्प का प्रतीक है कि यदि ज़रूरत पड़ी तो ईश्वर की राह,देश और समाज के लिए हम अपनी सबसे प्रिय चीज़ त्याग कर देगें।ज़ाहिर है कि जब ईश?वर के प्रति बलिदान का भाव पैदा हो जायेगा तो फिर देश,समाज और परिवार के प्रति भी बलिदान का जज्बा पैदा हो जायेगा।इसी लिए हज़ारों साल से दुनिया भर के मुसलमान इस्लामी कैलेंडर के आखरी महीने जिलहिज की 10 तारीख को यानी ईद उल अज़हा के दिन अपनी हैसियत के मुताबिक कुर्बानी करते हैं।दरअसल हर इंसान के अंदर अंधकार है,उसके पार जाने की जिजीविशा ही उसमे भक?ति भाव पैदा करती है । मौजूदा समय को अंधेरी गलियों मे रास्तों की तलाश हे। परम्परागत त्यौहारों की मूलभावना और मन की शुचिता हमें रास्ता दिखा सकती है।लेकिन हमें इन उत्सवों के वास्तविक अर्थ को समझना और अपनाना होगा।घिसी पिटी बातों को पीछे छोड़ कर इन के संदेशों से भी आगे सोचना होगा।यह बात स्पष्ट है कि किसी अच्छे समाज के निर्माण में बलिदान और समर्पण की भावना का विशेष योगदान होता है। इससे समाज में एकता व भाईचारे का प्रचार-प्रसार होता है और वह समाज प्रगति करता है।ईद उल अज़हा उस महान कुर्बानी की याद दिलाता है जिसे हज़ारों साल पूर्व मुसलमानो,ईसाईयों और यहूदियों के पैगम्बर हज़रत इब्राहीम अस.ने अल्लाह की राह मे पेश की थी और इंसानों को ये संदेश दिया था कि उन्हें सच्चाई और मानवता की राह मे कुर्बान होने के लिए




हमेशा तैयार रहना चाहिए।कहने की आवश्यकता नहीं कि जब इन्सान का हृदय पवित्र हो जाएगा और अल्लाह के लिए उसका पूर्ण समर्पण होगा तो इसका प्रभाव उसके पूरे जीवन और समाज पर भी पड़ेगा।वह हर बुरे काम से और मानवता के विरुद्ध कोई भी काम करने से बचेगा।ईश?वर को खुश रखने के लिए लोगों के साथ में भलाई करेगा।दयावान बनेगा,और इस तरह एक सभ्य और आध्यात्मिकता से पूर्ण समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।दरअसल बकरीद का मूल संदेश त्याग,समर्पण,एकता और मानवता की सेवा से जुड़ा है,जो आतंकवाद जैसे सामाजिक और वैश्विक संकट से उबरने में प्रेरणा प्रदान कर सकता है।बकरीद का त्योहार हजरत इब्राहिम के समर्पण और अल्लाह के प्रति विश्वास की कहानी को दर्शाता है,जो शांति और नैतिकता पर आधारित है।यह समाज को हिंसा और घृणा के बजाय प्रेम,एकता और भाईचारे की ओर प्रेरित करता है,जो आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत वैचारिक हथियार हो सकता है।कुर्बानी का मांस गरीबों और जरूरतमंदों के साथ बांटने की परंपरा सामाजिक समावेश और सहानुभूति को बढ़ावा देती है।आतंकवाद अक्सर सामाजिक असमानता और अलगाव से उपजता है।बकरीद का यह पहलू समाज में समानता और करुणा को बढ़ाकर आतंकवाद के मूल कारणों को कम करने में मदद कर सकता है।बकरीद लोगों को आत्म-मंथन और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह व्यक्तियों को हिंसा, घृणा और अन्याय के खिलाफ खड़े होने और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आतंकवाद जैसे गलत रास्तों को छोड़ने की प्रेरणा दे सकता है।बकरीद के दौरान सामूहिक नमाज और उत्सव समुदाय को एकजुट करते हैं। यह सामाजिक एकता आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत ढाल बन सकती है, क्योंकि आतंकवाद अक्सर सामुदायिक विभाजन का फायदा उठाता है।एकजुट समाज आतंकवाद के प्रभाव को कम करने में सक्षम होता है।बकरीद का संदेश मानवता की सेवा और दूसरों के प्रति दया पर जोर देता है। यह लोगों को हिंसक विचारधाराओं से दूर रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है, जो आतंकवाद के खिलाफ एक वैचारिक और नैतिक जवाब है।बकरीद का त्योहार शांति, एकता, करुणा और नैतिकता के मूल्यों के माध्यम से आतंकवाद से लड़ने की प्रेरणा देता है।

## प्रेरक प्रसंग

### जेंटलमैन

बात उस समय की है जब स्वामी विवेकानंद जी प्रथम बार विदेश यात्रा पर गए। वहां उनके स्वागत करने के लिए कोई व्यक्ति नहीं था। विवेकानन्द जी पूरी तरह भगवा कपडे पहने हुए थे। उनके माथे पर पगड़ी बंधी हुई थी।

जब वे रास्ते से गुजर रहे थे, उन्हें एक विदेशी दंपत्ति ने देखा और स्त्री ने मजाक में कहा देखो जेंटलमैन को। विदेश में पैंट-शर्ट पहनने वाले को जेंटलमैन कहा जाता था। विवेकानंद जी के विचित्र पहनावे को देखकर उस स्त्री ने हसी उड़ाई थी। यह बात स्वामी जी के कानों तक सुनाई दे गयी।

जब वे स्त्री-पुरुष विवेकानन्द जी के पास से निकले, तब स्वामी जी ने कहा- बहन इधर आते वक्त आपने मुझे देखकर यह कहा। देखो इस जेंटलमैन को स्त्री ने स्वीकार किया और बोली आपका विचित्र पहनावा को देखकर मैंने परिहास किया था।

इस पर विवेकानन्द जी बोले आपने यह कहा, इसका मुझे कोई दुःख नहीं है न ही कोई क्षोभ है। परन्तु इस शब्द के प्रति हमारे जीवन में जो दृष्टि है। उसे स्पष्ट कर रहा हूँ।

बहन। आपके यहाँ जेंटलमैन का निर्माण दर्जी करता है। परन्तु हमारे यहाँ जेंटलमैन का सृजन संत करता है। अपने विचारों में सुंदरता लाने के बाद ऐसा होता है।

आपके देश में व्यक्ति दर्जी द्वारा सिले कपडे पहन कर बाहर निकलता है और अंदर से भले ही कुछ भी ना हो, फिर भी वह जैनटलमैन कहलाता है।

हमारे देश में व्यक्ति कैसा भी कपडा पहने अगर वह अंदर से संस्कारी होता है। तो वह जैनटलमैन अर्थात सज्जन कहलाता है। आपके और मेरे विचार में जैनटलमैन की व्याख्या का बस इतना ही फर्क है। हमारी भारतीय संस्कृति महान है।

## आपका पत्र मिला

### जीत का जश्न नहीं, मातम का जख्म

वर्तमान परिदृश्य पल में तौला पल में माशा सिद्ध हो रहा! खेल प्रेमियों और सभी के लिए यह जश्न जीवन भर के लिए मातम के इतने गहरे जख्म दे गया कि जीवन भर आंसुओं के बीच कराहना ही रहेगा! कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ के दौरान 11 लोगों का जीवन इस पावन भूमि से हमेशा हमेशा के लिए चला गया! क्या गुजर रही होंगी उन परिजनों पर जिन्होंने अपने चिराग घर के आधार स्तम्भ को काल के गाल में समाते देखा! चिन्नास्वामी स्टेडियम में 40 हजार की क्षमता और 3 लाख लोगों की भीड़, हालात का बेकाबू होना स्वाभाविक है, परन्तु कारगर रणनीति और पुख्ता व्यवस्था का अभाव क्यों..? बताया जा रहा है स्टेडियम के बाहर नाले के पास एक स्लेब रखा था जिसके ढहने से अफरा तफरी मची, खैर पहलु कुछ भी हो! समुचित ठोस व्यवस्था और कुशल नेतृत्व के अभाव की आहट सुनाई देती है! अब ये कैसा जश्न? आखिर इन मौतों का जिम्मेदार कौन है ? मुवावजा कुछ हद तक आर्थिक संबल जरूर दें देता है परन्तु जो अनमोल जीवन हमेशा हमेशा के लिए गया उसकी क्या क्षति पूर्ति? खेल की जीत की खुशी में 11 लोगों के जीवन का खेल खत्म होगा, यह तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा! कुछ भी हो आने वाले समय में ऐसे मातम भरे हादसों का जन्म न हो, इस पर गहन चिंतन मनन की जरूरत है! कुशल नेतृत्व और समुचित बिदुओं पर पुख्ता व्यवस्था को प्रबल बनाने की जरूरत होनी चाहिए ताकि खुशियों भरा माहौल, आंसुओं और मातम तक न सिमट जाए! जश्न, जश्न रहे.. मातम का जख्म न बने।

**योगेश जोशी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

# हार्ट को रखना है हेल्दी तो डॉग से करें दोस्ती



अगर आपके पास पालतू जानवर के रूप में डॉग है तो यह किसी खुशखबरी की तरह है, क्योंकि एक स्टडी में सामने आया है कि डॉग के कारण दिल को सेहतमंद बनाए रखने में मदद मिलती है। कई स्टडीज में सामने आ चुका है कि पालतू जानवर का होना व्यक्ति की सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। अब हाल ही में अमेरिका में हुई एक रिसर्च में सामने आया है कि अगर आपके पास पातलू जानवर के रूप में डॉग है तो इससे दिल को सेहतमंद बनाए रखने में ज्यादा मदद मिलती है। मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्सः इनोवेशन, क्वॉलिटी ऐंड आउटकम्स में प्रकाशित स्टडी के लिए शोधकर्ताओं ने 1,769 लोगों पर रिसर्च की। इनमें से कोई भी पहले से दिल की बीमारी का मरीज नहीं था। इनमें उन लोगों को शामिल किया गया जिनके पास पेट्स थे और नहीं थे। रिसर्च के दौरान इन सभी की बॉडी मास इंडेक्स, डायट, फिजिकल ऐक्टिविटी, स्मोकिंग स्टेटस, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज और कलेस्ट्रॉल के पॉइंट्स पर मार्किंग दी गई। शोधकार्ताओं ने इसके बाद स्टडी में शामिल पेट ओनर्स की कार्डियोवस्क्युलर हेल्थ की तुलना उन लोगों से की जिनके पास



पातलू जानवर नहीं थे। इस दौरान सामने आया कि वे लोग जिनके पास पालतू जानवर थे उनकी दिल की सेहत उन लोगों के मुकाबले ज्यादा अच्छी थी जिनके पास कोई भी पेट नहीं था। खासतौर से ऐसे लोग जिनके पास पेट के रूप में डॉग था उनका दिल ज्यादा सेहतमंद पाया गया। इसके पीछे की वजह यह मानी जा रही है कि डॉग्स अन्य पालतू जानवरों के मुकाबले ज्यादा फिजिकली ऐक्टिव होते हैं जिससे उनके ओनर्स भी ऐक्टिव बने रहते हैं, यह उनकी दिल की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है।

**जानिए पर्सनैलिटी के मुताबिक कैसे चुनें अपना डॉगी**

स्टडी के मुताबिक, डॉग के कारण मेंटल स्ट्रेस कम करने और समाज में घुलने-मिलने की समस्या भी दूर होती है। ये फैक्टर्स दिल की सेहत को भी प्रभावित करते हैं। इनमें पॉजिटिव चेंज हार्ट के लिए काफी अच्छा साबित हुआ है।

# इन घरेलू उपायों से जोड़ों के दर्द से मिलेगा जल्द आराम



आर्थराइटिस, जिसे जोड़ों का दर्द या गठिया भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जो जोड़ों में सूजन और दर्द का कारण बनती है। यह समस्या खासकर अधिक उम्र के लोगों और कभी-कभी युवाओं में भी देखी जाती है। आर्थराइटिस होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण की बात की जाए तो जोड़ों पर अत्यधिक दबाव, चोट, ऑटोइम्यून विकार, और खराब जीवनशैली शामिल हैं। आर्थराइटिस की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कुछ लक्षण की अगर बात की जाए तो जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, और गतिशीलता में कमी हो सकती है। कई बार जोड़ों में दर्द और अकड़न के कारण उठने-बैठने, चलने-फिरने में परेशानी होती है। वैसे तो डॉक्टर से संपर्क करके सही उपचार करना जरूरी है, लेकिन लेकिन कुछ घरेलू उपाय आर्थराइटिस के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें कुछ प्रभावी घरेलू उपाय जो जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकते हैं।

**1. हल्दी और दूध**

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन में एंटी इंफ्लेमेटरी और दर्द निवारक गुण होता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रात को सोने से पहले पिएं। यह जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करता है। नियमित सेवन से आर्थराइटिस के लक्षणों में सुधार हो सकता है।

**2. गर्म और ठंडी सिकाई**

जोड़ों के दर्द में गर्म और ठंडी सिकाई बहुत प्रभावी है। गर्म सिकाई मांसपेशियों को आराम देती है और अकड़न कम करती है, जबकि ठंडी सिकाई सूजन को नियंत्रित करती है। 15 मिनट तक गर्म पानी की बोतल से सिकाई करें, फिर 10 मिनट तक बर्फ की थैली का उपयोग करें। इसे दिन में दो बार करें। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

**3. नियमित व्यायाम और मालिश**

हल्का व्यायाम, जैसे योग, तैराकी या पैदल चलना, जोड़ों को लचीला बनाता है। ताड़ासन और भुजंगासन जैसे योगासन विशेष रूप से लाभकारी हैं। साथ ही, नारियल या सरसों के तेल से जोड़ों की मालिश करें। तेल में लहसुन या अदरक का रस मिलाने से और लाभ मिलता है। मालिश रक्त संचार को बढ़ाती है और दर्द से राहत देती है।

**4. ओमेगा-3 युक्त आहार**

अलसी के बीज, अखरोट और मछली जैसे ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ जोड़ों की सूजन को कम करते हैं। शाकाहारी लोग अलसी का तेल या बीज अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियां और फल भी पोषण प्रदान करते हैं।

*ध्यान रखें अगर आपकी समस्या गंभीर है तो डॉक्टर के सलाह पर ही इन घरेलू उपायों का पालन करें।*

# डायरिया से जुड़ी इन बातों को कहीं सच तो नहीं मानते



डायरिया एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जिससे लगभग हर व्यक्ति अपने जीवन में कभी न कभी जूझा होता है। डायरिया खासकर गर्मियों और बरसात के मौसम में ज्यादा देखने को मिलती है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है, जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यह आमतौर पर दूषित भोजन या दूषित पानी से फैलता है। इसके लक्षणों में पेट दर्द, ऐंठन, उल्टी और बुखार भी शामिल हो सकते हैं। डायरिया को लेकर हमारे समाज में कई गलत धारणाएं फैली हुई हैं, जिन्हें लोग अक्सर सच मान लेते हैं। आइए इस लेख में हम यहां चार आम मिथकों और उनकी हकीकत को समझते हैं, ताकि आप इस स्थिति से सही तरीके से निपट सकें।

**मिथक 1: डायरिया में नमक नुकसान करता है-**

कुछ लोग सोचते हैं कि डायरिया के दौरान नमक का सेवन हानिकारक होता है। यह पूरी तरह गलत है। डायरिया में शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे सोडियम) की हानि होती है। इसकी पूर्ति के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), जिसमें नमक और चीनी का मिश्रण होता है, पीना जरूरी है। ओआरएस डिहाइड्रेशन को रोकने में मदद करता है और शरीर को आवश्यक खनिज प्रदान करता है।

**मिथक 2: डायरिया कभी गंभीर नहीं होता-**

कई लोग मानते हैं कि डायरिया सामान्य समस्या है और यह अपने आप ठीक हो जाती है। हकीकत यह है कि डायरिया गंभीर हो सकता है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों में। यदि डायरिया लंबे समय तक रहे या बार-बार दस्त हों, तो यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, डायरिया बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। गंभीर मामलों में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**मिथक 3: डायरिया में सिर्फ सूखा खाना खाना चाहिए-**

यह धारणा भी गलत है कि डायरिया में केवल सूखा खाना, जैसे खिचड़ी या टोस्ट, ही खाना चाहिए। हकीकत में, डायरिया के दौरान हल्का और संतुलित आहार जरूरी है। केला, चावल, सेब की चटनी और टोस्ट (BRAT डाइट) फायदेमंद हैं, साथ ही नारियल पानी, दाल का पानी और हल्का सूप भी पोषण और हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। डायरिया में भारी और तैलीय भोजन से बचना चाहिए।

**मिथक 4: घर के खाने से डायरिया नहीं हो सकता**

कई लोग मानते हैं कि घर का खाना हमेशा सुरक्षित होता है और इससे डायरिया नहीं हो सकता। यह सच नहीं है। यदि खाना सही तरीके से न पकाया जाए, बर्तन गंदे हों, या खाना महक गया हो, तो बैक्टीरिया या वायरस के कारण डायरिया हो सकता है। रसोई में स्वच्छता, ताजा सामग्री और सही भंडारण जरूरी है। दूषित पानी या कच्चे खाद्य पदार्थ भी डायरिया का कारण बन सकते हैं।

**क्या करें डायरिया में?**

डायरिया होने पर पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस पिएं। हल्का और सुपाच्य भोजन लें। स्वच्छता का ध्यान रखें, जैसे बार-बार हाथ धोना। यदि दस्त अधिक समय तक रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बासी मुंह चबाएं करी पत्ते, सेहत को मिलेंगे कई फायदे

कड़ी पत्ता भारतीय भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उपयोग अक्सर खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कड़ी पत्ते के सेवन से आपकी सेहत पर भी कई अद्भुत लाभ हो सकते हैं? अगर आप बासी मुँह लगातार 15 दिनों तक कड़ी पत्ते को खाते हैं, तो इसके आपके शरीर पर कई सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। आइए जानते हैं इसके बेमिसाल फायदे। कड़ी पत्ते में मौजूद कई पोषक तत्व जैसे विटामिन ष्ट, एंटीऑक्सीडेंट्स और फ्लेवोनॉयड्स आपकी रोगप्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करते हैं। लगातार कड़ी पत्ते का सेवन करने से आपके शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। कड़ी पत्ते का सेवन पाचन तंत्र के लिए भी लाभकारी होता है। इसमें फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाती है। इससे गैस्ट्रिक समस्याओं, कब्ज और अपच की समस्याओं में राहत मिलती है। बासी मुँह कड़ी पत्ते को चबाने से पाचन तंत्र को बेहतर बनाया जा सकता है। कड़ी पत्ते का सेवन वजन नियंत्रण में भी मददगार साबित हो सकता है। यह शरीर के मेटाबोलिज़्म को बढ़ाता है और शरीर की चर्बी को कम करने में सहायता करता है। नियमित रूप से कड़ी पत्ते का सेवन करने से आप आसानी से अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। कड़ी पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन ए मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सेहत के लिए लाभकारी हैं। यह त्वचा को निखारने, मुहांसों और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। बासी मुँह कड़ी पत्ते को चबाने से आपकी त्वचा में चमक और ताजगी आ सकती है।

# शरीर में है विटामिन बी-12 की कमी? डाइट में शामिल करें ये चीजें





विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें।

**विटामिन बी-12 का महत्व**

विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

**1. केला**

केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है।

**2. चना**

चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है।

**3. अंडे**

अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0.6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

**4. डेयरी उत्पाद**

दूध, दही, पनीर और छाछ जैसे डेयरी उत्पाद विटामिन बी-12 का प्राकृतिक स्रोत हैं। एक गिलास दूध में लगभग 1.2 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है। शाकाहारी लोग रोजाना दूध या दही का सेवन कर सकते हैं। पनीर सलाद या सब्जियों के साथ भी लिया जा सकता है। डेयरी उत्पाद हड्डियों और तंत्रिका तंत्र को मजबूत करते हैं।

**कैसे करें डाइट में शामिल?**

सुबह के नाश्ते में उबले अंडे या दही के साथ केला खाएं। दोपहर में चने की सब्जी या सलाद और रात में एक गिलास दूध पिएं। शाकाहारी लोग किण्वित चने या दही पर अधिक ध्यान दें।

# ब्लड प्रेशर को नैचुरली कम करने के तरीके

हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर समस्या है, जिसमें आर्टरी वॉल्स पर रक्त का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और ब्लड पंप करने के लिए दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। अगर इसे कंट्रोल न किया जाए तो यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे कि हार्ट अटैक, स्ट्रोक और किडनी की बीमारी।

बीपी मरीजों को ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त

**ये सुपरफूड्स मैनेज करेंगे बीपी**

नींद, और स्ट्रेस मैनेजमेंट करने की सलाह दी जाती है। खासकर, अगर डाइट सही नहीं है और आप उटपटांग चीजों का सेवन करते हैं तो इससे बढ़ी हुई बीपी और भी अधिक हो सकती है।

अगर आप ऐसे सुपरफूड्स की तलाश में हैं जो ब्लड प्रेशर को आसानी से कंट्रोल कर सके तो आप सही जगह पर हैं क्योंकि इस आर्टिकल में आपको 5 ऐसे सुपरफूड्स के बारे में जानकारी मिलेगी, जो बीपी को कम करने में बेहद फायदेमंद हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**बीपी को कम करने के लिए क्या खाएं?**

**केला-** अगर आपका बीपी बढ़ा हुआ है तो केले का सेवन करना एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। क्योंकि इसमें पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है जो किडनी से अतिरिक्त सोडियम को बाहर निकालने में मदद करके रक्तचाप को कम करने में सहायता करता है।

**डार्क चॉकलेट**

अगर आपको चॉकलेट पसंद है तो आपके लिए अच्छी खबर है,आप इसके जरिए भी ब्लड प्रेशर को घटा सकते हैं। लेकिन आपको इसके लिए डार्क चॉकलेट खानी होगी। यह मैग्नीशियम और फ्लेवनॉल्स से भरपूर होता है जो नाइट्रस ऑक्साइड के उत्पादन को बढ़ाकर रक्तचाप को कम करता है।

**चुकंदर-** चुकंदर एक सुपरफूड है जो ब्लड प्रेशर को भी कम करने में मदद कर सकता है। यह अपने कार्बनिक नाइट्रेट के कारण हाई बीपी में सुधार कर सकता है,जिसे शरीर नाइट्रस ऑक्साइड में परिवर्तित करता है।



# बुढ़ापे तक लीवर को जवां रखने का काम करती हैं ये चीजें

हमारे शरीर में कई अंग दिन-रात काम करते हैं लेकिन लीवर (यकृत) वह मौन योद्धा है जो बिना शोर किए, हर पल हमें स्वस्थ रखने में लगा रहता है। यह न सिर्फ पाचन में मदद करता है बल्कि खून को साफ करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने, दवाओं को प्रोसेस करने और शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने जैसे सैकड़ों जरूरी काम करता है। जीवनशैली की छोटी-छोटी लापरवाहियां इस नाजुक अंग को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं और जब तक इसके लक्षण सामने आते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है इसलिए ज़रूरी है कि हम लिवर की देखभाल को गंभीरता से लें। सही खानपान, फिजिकल एक्टिविटी और समय-समय पर जांच से ही इस जरूरी अंग को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सकता है।

भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति लिवर की समस्या से ग्रस्त है। लिवर से होने वाली मौतों का आकंड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। फैटी लिवर, लिवर में पानी भरना जैसे कई समस्या अब आम है लेकिन अगर आप हैल्दी खाते हैं तो ना तो लिवर में किसी तरह की सूजन आएगी और ना ही फैट।

**खान-पान का सबसे अहम रोल- बुढ़ापे तक जवां रहेगा लिवर**

लिवर को हैल्दी रखने का अहम काम आपका खान-पान ही करता है। आप जो खाते हैं, वहीं आपके शरीर पर असर दिखाता है। कुछ चीजें ऐसी हैं जो आपके लिवर के लिए जहर हैं जैसे प्रोसेस्ड-तला भुना खाना, मैदा चीनी और ज्यादा नमक लेकिन कुछ फूड्स आपके लिवर के लिए वरदान भी हैं जो सालों साल आपके लिवर को ज्वां बनाए रखते हैं। इसे अपनी डाइट में आप रैगुलर शामिल करते रहे तो लिवर डिटॉक्स होता रहेगा।



**चुकंदर:** चुकंदर आपके लिवर के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। चुंकदर का जूस, सलाद जरूर खाएं।

**ब्रोकोली:** ब्रोकोली इतनी फायदेमंद है कि ये आपके लिवर को डेमेज होने से बचाती है। फैटी लिवर से बचाती है। इसके अलावा आप केल,पालक और साग भी जरूर खाएं क्योंकि हरी पत्तेदार सब्जियां लिवर को डिटॉक्स करती है। चुकंदर और ब्रोकोली, ये दो चीजें तो रूटीन में अपनी डाइट में शामिल रखें।

**3. हरी पत्तेदार सब्ज़ियां-** जैसे पालक, मेथी, ब्रोकोली, सरसों का साग - ये लिवर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करती हैं। इनमें क्लोरोफिल होता है जो लिवर की सफाई करता है।

**5. अखरोट-** ओमेगा-3 फैटी एसिड्स और ग्लूटाथियोन से भरपूर - लिवर की सफाई में सहायक। खासकर फैटी लिवर की स्थिति में लाभदायक।

**6. ग्रीन टी-** इसमें एंटीऑक्सीडेंट (कैटेचिन) होता है जो लिवर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। लिवर फैट कम करने में मदद करता है।

**7. सिट्रस फल** - जैसे नींबू, संतरा, मौसंबी - विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर। शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक।

**8. सेब-** इसमें पेक्टिन होता है जो पाचन को बेहतर करता है और लिवर पर बोझ कम करता है। कोलेस्ट्रॉल को भी नियंत्रित करता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 6 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, एकादशी तिथौ शुक्र वासरे 28/49/ हस्त नक्षत्रे 06/34/ व्यातिपात योग 10/13/ वणिज करणे 15/33/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.20 मि.07 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.15 मि.33 से घं.28 मि.49 तक। निर्जला एकादशी। भीमसेनी एकादशी। गायत्री जयंती।

**मेष :** अतिथि समागम बना रहेगा। कानूनी मामलों में विलंब से सफल मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक विकास होगा।

**वृष :** नवीन जनसम्पर्क बढ़ेगा। इष्ट मित्रों का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्य में विशेष रुचि रहेगी। वैचारिक प्रखरता बनी रहेगी।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मूजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहयोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी संबंध प्रगाण होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आप अपने संयम के कारण सफल होंगे। आगंतुकों के स्वागत सत्कार में कचि रहेगी। हाथ-पैर में पीड़ा हो सकती है। कार्यों में विलम्ब होगा।

**वृश्चिक :** संबंधों में निकटता आएगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** सामाजिक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा।

**कुंभ :** संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। आय-व्यय में संतुलन बनाएं।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संबंधों में प्रगाणता आएगी। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचे।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर जयसुखपुर में पौधा रोपण किया ग्रामीणों ने**

उरई(जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कदौरा विकासखंड के ग्राम इटौरा बावनी एवं जयसुखपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जल जीवन मिशन की टंकी परिसर में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति, पानी परीक्षण से जुड़े महिलाओं, पुरुषों ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने वृक्षों को संरक्षित करने और पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया। जलसहेली राजकुमार ग्राम प्रधान इटौरा बावनी ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण है। एक पेड़ 100 पुत्रों के समान है। पेड़ों को सहजने से हमारी धरा हरीभरी रहेगी, और पर्यावरण में सुधार होगा।

## आधा दर्जन दुकानों से धान के नमूने भरे जांच टीम ने



जालौन। खरीफ बुवाई सीजन को देखते हुए किसानों को उत्तम गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता की निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने सघन अभियान चलाया। लगभग आधा दर्जन दुकानों से धान के नमूने लिए गए। टीम ने बीज व कीटनाशक की दुकानों का निरीक्षण किया। आधा दर्जन दुकानों में किए गए निरीक्षण कि दौरान धान के बीजों की लगभग 10 विभिन्न किस्मों के नमूने संग्रहित किए। एसडीएम विनय मौर्य ने जानकारी दी कि सभी नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां उनकी गुणवत्ता, अंकुरण दर और प्रसंस्करण मानकों की वैज्ञानिक जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानक से कमतर गुणवत्ता मिलने पर संबंधित विक्रेता और आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीज पैकेटों पर अंकित विवरण, जैसे उत्पादन व समाप्ति तिथि, बिक्री मूल्य और भंडारण स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही, दुकानों पर उपलब्ध कृषि रसायनों कीटनाशक, उर्वरक, फफूंदनाशक आदि की एक्सपायरी डेट, गुणवत्ता और लाइसेंस वैधता की भी जांच की गई। एसडीएम ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि वे केवल प्रमाणित व गुणवत्ता युक्त उत्पादों की ही बिक्री करें। उन्होंने चेतावनी दी कि एक्सपायर्ड या मिलावटी उत्पादों की बिक्री पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू

**नून नदी के तट पर लिया हरियाली का संकल्प**

उरई(जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में एक भावनात्मक और पर्यावरणीय जागरूकता से परिपूर्ण पहल एक पेड़ मां के नाम÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में आयोजित इस विशेष अभियान में जनपद के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार, पूर्व मंत्री भानु प्रताप वर्मा, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत नून नदी के किनारे लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में त्रिवेणी पौधे नीम, पीपल और बरगद लगाए गए। इन पौधों को वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, वृक्ष मित्रों एवं नदी मित्रों ने उत्साहपूर्वक रोपा। विशेष रूप से ग्राम पंचायत चंदुरा, सतोह, अमीठा, बिरगुवां, सिमरिया, कैंथी, हरदोई, बरसेसी, बरहा, मुलुपुरा और कोकर के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस पहल में पूर्व प्रधान उपेंद्र सिंह, नरेंद्र प्रजापति, महेंद्र कुमार गौतम, लखन सिंह परिहार, नरेंद्र प्रताप सिंह, भारतेन्दु सिंह, राहुल उपाध्याय, नरेन्द्र सिंह परमार तथा रामकुमार राठौर ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह पहल केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, पर्यावरणीय चेतना और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य का प्रतीक है। 'एक पेड़ मां के नाम' एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी का संदेश भी है।÷ कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत किया, बल्कि समाज को यह प्रेरणा भी दी कि प्रकृति और मातृत्व दोनों की सेवा करना हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।



## गंगा दशहरा पर पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



रामपुरा(जालौन)। जेठ माह के गंगा दशहरा अवसर पर जनपद जालौन स्थित प्रसिद्ध पंचनद संगम के पवित्र जल में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाकर स्नान किया ।

जनपद जालौन की सीमा में स्थित पांच नदियों का संगम स्थल पंचनद जनपद जालौन सहित आसपास के जिलों में निवास करने वाले लाखों लोगों की श्रद्धा व आस्था का केंद्र है। यहां कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का पौराणिक व धार्मिक महत्व है इसके अतिरिक्त तमाम छोटे बड़े त्योहार पर भी लोग यहां स्नान करने के लिए आते रहते हैं। प्रतिवर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर भी यहां चार-पांच सैकड़ा या इससे भी कम संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते थे लेकिन इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में अकल्पनीय इजाफा हुआ और सुबह 3बजे से शाम 2बजे तक लगभग 4-5 हजार श्रद्धालुओं ने स्नान किया। पूर्व बर्षों में स्नान करने वालों की कम संख्या की जानकारी होने बावजूद क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह के निर्देशानुसार बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। स्नान करने वालों की बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह , एसएसआई सत्यपाल सिंह यादव, चौकी प्रभारी जगम्मनपुर उप निरीक्षक अटल बिहारी ,उप निरीक्षक रमाशंकर सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहकर मुस्तैदी से ड्यूटी कर सुरक्षा व्यवस्था को अंजाम दिया। पंचनद स्नान घाट पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार भुवनेश कुमार ने पहुंचकर स्नान घाट की प्रबंधों को देखा। उप जिलाधिकारी ने लेखपाल शशांक सोनी आदि राजस्व कर्मियों को और बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया।

## एक पेड़ मां के नाम का नारा बुलंद, यमुना तट पर किया वृक्षारोपण



कालपी(जालौन)। गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगह-जगह कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कालपी के यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों को हरा भरा करने के लिए नगर पालिकाध्यक्ष एवं वन क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी के द्वारा छायादार तथा फलदार पौधों को लगाकर वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम यमुना नदी कालपी के किनारे बांके बिहारी में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 1973 से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि सभी लोग एक-एक पौधा लगाकर धरती को हरा भरा करने में अपना सहयोग करें। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने कहा कि इस वर्ष वृक्षारोपण करने के लिए पौध तैयार हो चुकी है, वन विभाग के द्वारा छायादार, फलदार एवं शोभाकार पौधों की उपलब्धता कराई जाएगी। उन्होंने धरती को हरा भरा करने का आवाहन किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, शरद तिवारी, लिपिक शिशुपाल सिंह पप्पी यादव, लिपिक सरफराज खान सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पंचनद संगम तट पर एक पेड़ मां के नाम से हुआ वृक्षारोपण



रामपुरा(जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जालौन के द्वारा श्एक पेड़ मां के नाम, से वृक्षारोपण की चलाई गई मुहिम के आधार पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ के नेतृत्व में पंचनद संगम तट पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्रीय लोगों एवं विद्यालय के बच्चों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग माधौगढ़ का बड़ा अमला एवं वन विभाग के कर्मचारी, क्षेत्रीय सामाजिक लोग तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जगम्मनपुर के बच्चों ने पंचनद संगम तीर्थ पर पहुंचकर विभिन्न प्रजातियां के लगभग आधा सैकड़ा वृक्ष रोपति किये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है ,जब तक पृथ्वी पर वृक्ष हैं तभी तक मानव जीवन है। इनसे मिलने वाली शुद्ध वायु, ग्रीष्मकल की भीषण तपन में शीतल छाया एवं नदियों के तटों की कटान रोकने का वृक्ष प्राकृतिक उपाय हैं। उप जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से वृक्षारोपण करने एवं उनको पूर्ण आकार लेने तक संरक्षित करने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार भुवनेश, रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ,वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव,लेखपाल शशांक सोनी, विजय द्विवेदी, राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या हेमलता गौतम,लल्लूराम राठौर, राम सजीवन अवस्थी, भूपेंद्र ओझा, योगेश शाक्यवार, वन विभाग से अनेक वनरक्षक सहित तमाम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिन पूर्व घर से निकली युवकी गायब

जालौन। तीन दिन पूर्व कपड़ों की सिलाई कराने के लिए घर से निकली युवती गायब है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र एक गांव से 3 जून को अपरान्ह 3 बजे 21 वर्षीय युवती घर में कपड़ों की सिलाई कराने जाने की बात कर घर से निकली थी। जब वह सांय 6 बजे तक घर वापस नही आयी तो परिजनों ने युवती की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पिता को पता लगा कि उनकी पुत्री को कालपी थाना के ग्राम लुहरगांव निवासी युवक राजेश प्रनामी अपने साथ बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। पुत्री के गायब होने से परेशान पिता को जानकारी मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस की। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है तथा दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## आलमपुर गौशाला का निरीक्षण किया गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने



**0 धरती को हराभरा करने के लिए ज्यादा पौध लगाने की अपील की**

कालपी(जालौन)। विश्व पर्यावरण दिवस एवं योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर नगर की आलमपुर गौशाला में उ.प्र. गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने आलमपुर गौशाला का निरीक्षण किया जिसके उपरांत गौ पूजन, हवन के बाद वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने धरती को हरा भरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौध लगाने की अपील की। गुरुवार को मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे उ.प्र. गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस तथा योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर नगर की आलमपुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि गर्मी में गौवंशो से बचाव के उपायो को देखा तथा पानी की टंकी, भूसा, हरा चारा की हकीकत परखी। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौवंशो के लिए छाया के पुख्ता इंतजाम निरंतर रखें जाये। साथ ही हरे चारे की व्यवस्था की जाए तथा गौवंशो को शुद्ध पानी की व्यवस्था होनी आवश्यक है। जिसके बाद गौशाला में गौ पूजन, हवन के उपरांत उन्होंने गौशाला में ही वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस भी है पूरी दुनिया पर्यावरण के कठिन चुनौतियों से जूझ रही है। ये चुनौती मनुष्य द्वारा ही निर्मित चुनौती है और इसके समाधान का मार्ग भी मनुष्य को ही उठाना पड़ेगा हमें प्रकृति के साथ एक समन्वय और संवाद बनाना पड़ेगा। इस समन्वय और संवाद का नाम प्रधानमंत्री ने श्एक पेड़ मां के नामश् दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने पौधा रोपित करते हुए कहा कि इनके बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। जिसकी नसीहत प्रकृति समय समय पर इन्सान को देती रहती है। इसके बाद उन्होंने कहा कि गोवंशों के रखरखाव के लिए पालिका के द्वारा पांच कर्मचारियों की तैनाती की गई है। समय-समय पर गौशाला का औचक निरीक्षक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाता है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, अमित पांडेय, देवेंद्र गुप्ता, रजनी पाल, सभासद राकेश यादव, नारायन द्विवेदी, सुनील पटवा, हर्षित पुरवार, शरद तिवारी, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, शिशुपाल सिंह यादव पप्पी, निर्माण लिपिक सरफराज खान आदि लोगो ने सहभागिता रही।

## जनपद में जल्द दूर होगा जल संकट, हर घर तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

ललितपुर। जनपद में बढ़ रहे जल संकट और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही जल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जल निगम, जल संस्थान, नगर पालिका और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्देश दिए कि घर-घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है व किसी भी स्तर पर जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए, इसके लिए अतिरिक्त अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिये व उन्होंने जल निगम की अमृत 1 और अमृत 2 योजना के कार्यों में अनावश्यक विलंब होने पर अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में बाधा डालने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर अवगत कराएं व जल निगम के अधिकारी अधिकतर बैठकों में प्रतिभाग नहीं करते, यह स्थिति खेदजनक है, वह स्थिति में सुधार करें अन्यथा विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखा जाएगा, उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाकर कंट्रोल रूम में पिछले 15 दिनों की पेयजल संबंधी शिकायतों का सत्यापन कराएं व जल संस्थान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आज शाम से ही जल संस्थान के प्लांटों पर हो रही विद्युत आपूर्ति और उसके सापेक्ष की जा रही पेयजल आपूर्ति की रिपोर्टिंग करें व वह स्वयं इसकी निगरानी करेंगे। इस आशय के अधीक्षण अभियंता को भी दूरभाष पर निर्देश दिये गए। मीडिया प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि जल संस्थान के कर्मचारी पाइप के वाल्व को पूरी क्षमता से नहीं खोलते और कोई समय भी निर्धारित नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिये कि सभी सहायक अभियन्ताओं की ड्यूटी लगाकर निर्धारित समय पर पूरी क्षमता के साथ वॉल्व खुलवाये जायें, ताकि अंतिम छोर तक पानी पहुंच सके व टैंकरों से जलापूर्ति की समीक्षा में बताया गया कि शहर में 11 ट्रेक्टरों के माध्यम से प्रतिदिन 150 चक्कर लगाये जा रहे हैं, इसी दौरान टैंकरों से गंदे पानी आने की शिकायत की गई, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य नायकों की ड्यूटी लगाकर टैंकरों के माध्यम से की जा रही आपूर्ति की जांच करें कि जल स्वच्छ है या नहीं व हैण्डपम्प मरम्मत की समीक्षा में अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सर्वे कर 124 हैण्डपम्पों की सूची दी गई थी, जिन्हें ठीक करा दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान को निर्देश दिये कि वह हैण्डपम्प मरम्मत की स्वंय निगरानी करें। अधिशासी अभियंता ने यह भी बताया कि जल संस्थान में उच्च क्षमता वाली 2 मोटरों का इन्स्टॉलेशन चल रहा है, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए।

## बजाज पावर प्लांट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



ललितपुर। बजाज पावर प्लांट चिकलौऊआ परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम ÷वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने हेतु परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों तथा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यूनिट हेड एवं सी.ई.ओ. एन.सार द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण एवं महिला मैत्री क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अलका सार द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी प्रदीप शुक्ला तथा बजाज परिसर के समस्त कामगार सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि एन. सार ने कहा कि ÷प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने हेतु हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे, इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग कम करते हुए, धीरे-धीरे इसे पूर्णतयः समाप्त करने की दिशा में कार्य करना होगा, अब तक बजाज परिसर में लगभग साढ़े तीन लाख पौधों का वृक्षारोपण किया जा चुका है व ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग चार लाख पौधों का वितरण एवं रोपण कराया गया है, इस वर्ष लगभग अठासी हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेसिडेंट मनोज मेहता एवं आलोक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन दीपक आनंद, उप महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुराग चैबे, अमित कुमार, उदय एवं नीरज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### बिजली के पोल से टकराने के बाद कार खंदक में पलटी, आधा दर्जन घायल

जालौन। गंगा दशहरा पर स्नान करके लौट रही कार के चालक को झपकी लगने के कारण कार बिजली के पोल से टकराने के बाद खंदक में पलट गयी। कार पलटने के कारण कार में सवार 6 लोग घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जिनका उपचार चल रहा है। लहार निवासी रामजीवन ईको कार चलाता है। बुधवार की रात को वह ग्राम मेहरा बुजुर्ग थाना लहार जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश से 6 लोगों को गंगा दशहरा स्नान कराने के लिए बिठूर घाट कानपुर ले गया था। स्नान कराकर वह वापस लौट रहा था। इसी दौरान जालौन औरैया राजमार्ग पर जगनेवा के पास अचानक कार चालक को नींद आ गया तथा उसकी झपकी लग गयी। झपकी आते ही कार पहले बिजली के पोल से टकरायी तथा टकराने के बाद कार सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गयी।कार पलटने के कारण उसमें सवार 6 लोग घायल हो गये। राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस में भर्ती कराया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।हालत गम्भीर होने पर राम बाबू बघेल 40 वर्ष पुत्र मुन्ना निवासी मेहरा बुजुर्ग लहार को उच्च संस्थान रिफर किया गया है। जबकि मामूली रुप से घायल मिस्टर शर्मा 60 वर्ष पुत्र राघवराम, मुन्ना लाल 65 वर्ष पुत्र कल्लू, अजय 15 वर्ष पुत्र सोनू, वीर सिंह 35 वर्ष पुत्र मुन्ना लाल, रामभजन 65 वर्ष कुंवरपाल निवासीगण मेहरा बुजुर्ग थाना लहार जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश के मामूली चोटें आने पर प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सालय से छुट्टी दे गयी है जबकि चालक बच गया है। घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी विनय मोर्य मौके पर पहुंच गये तथा घायलों के हालचाल लिये।

### कालपी की शाही ईदगाह समेत सात मस्जिदों में सुबह 7- 8 बजे होगी बकरीद की नमाज

कालपी(जालौन)। आगामी 7 जून को ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज शाही ईदगाह सहित आधा दर्जन से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी। शाही ईदगाह तथा खानकाह मस्जिद में सुबह पौने 8 बजे ईद उल अजहा की सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। नमाज को दृष्टिगत रखते हुये ईदगाह में सफाई तथा धुलाई की व्यवस्था की गई है। शाही ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह पौने 8 बजे पेश इमाम मौलाना नजमुल हुदा की इमामत अदा कराई जायेगी। जबकि विख्यात दरगाह खानकाह शरीफ मस्जिद में भी मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ईद की नमाज सुबह पौने आठ बजे पढ़ायेंगे। इसी प्रकार मुड़िया गुम्बद मस्जिद गल्ला मंडी के सामने 7 बजे पेश इमाम हाफिज दावर रजा की इमामत में नमाज सम्पन्न होगी। लंका मीनार के पास मखदूमिया मस्जिद रावगंज में मौलाना जियाउद्दीन की इमामत में नमाज अदा कराई जायेगी। अदलसराय स्थिति सैयद वाली मस्जिद, शुभान मस्जिद हरीगंज, खजूर वाली मस्जिद में कारी अब्दुल समी की इमामत में नमाज अदा होगी। इसके अलावा निकटवर्ती ग्राम गुलौली की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा कराई जाएगी। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाल परमहंस तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के द्वारा धर्मस्थलों के आसपास जायजा लिया गया है। वही पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला के द्वारा धर्मस्थलों के आसपास तथा रास्तों में सफाई एवं कलई का छिड़काव कराया जा रहा है। इंतजामिया कमेटी के सदस्यों के द्वारा शाही ईदगाह तथा मस्जिदों में सफाई, धुलाई आदि व्यवस्था को अंजाम दिया गया है। त्योहार को लेकर प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम ने वितरित किये पौधे

कोंच(जालौन)। प्रत्येक 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है जिसमें पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करते हुए हरा भरा बनाये रखने का संदेश दिया जाता है क्योंकि मूल अमेरिकी में कहा गया है कि हमें पृथ्वी अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिलती बल्कि हम इसे अपने बच्चों से उधार लेते हैं क्योंकि पृथ्वी सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराती है यह पृथ्वी लालच की पूर्ति के लिए नहीं है। इसी हरित क्रांति का संदेश देते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने तहसील परिसर में दिन गुरुवार को बृक्षारोपण करने के उपरांत वहां पर उपस्थित अधिबक्ताओं एवं जन सामान्य को पौधे वितरित करते हुए हरित क्रांति का सन्देश दिया इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच अपने विचार रखते हुए कहा कि हम लोगों की ये जिम्मेदारी है कि इस पर्यावरण दिवस को प्लाष्टिक पॉल्यूशन मुक्त बनाएं क्योंकि इस पॉल्यूशन से पृथ्वी की उर्बरक्ता कम होती है और पृथ्वी बंजर होने लगती है यह दिन प्रकति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता है इसकी शुरुआत सन 1972 में हुई थी तब से लगातार हर वर्ष 5 जून को यह दिवस मनाया जाता है इसलिए आप लोग भी पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का काम करें और यह कार्य एक दिन नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रत्येक दिन लोगों को पौधा रोपित करने एवं संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें इस दौरान नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह वार संघ अध्यक्ष राम शरण कुशवाहा शशांक श्रीबास्तव असत कुशवाहा महेंद्र पटेल व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय लोहिया सहित तमाम अधिबक्ता व आमजन नागरिक मौजूद रहे।

### समाज के प्रति संवेदनशील बना रही इप्टा कार्यशाला- गौरांगी

कोंच(जालौन)। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा की 25वीं ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला में समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों पर अपने अभिनय से नाटक के माध्यम से प्रहार करने के लिए रंगकर्म के गुर सीखने में लगे हुए है। कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए होनहार रंगकर्मी गौरांगी व्यास ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों को मंचीय अनुशासन ही नहीं सिखा रही बल्कि उन्हें समाज की समस्याओं को समझने और उस पर सोचने की दिशा दे रही है। जंहा पहले हम अपनी बात रखने में झिझक थे लेकिन कार्यशाला में आकर अपनी बात रखने की हिम्मत आई है। कार्यशाला में अभिनय, आवाज़, भावाभिव्यक्ति, शारीरिक भाषा, संवाद लेखन, नाटक की संरचना, और सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति जैसे विविध पहलुओं पर रंगकर्मियों को जानकारी दी जा रही है। रंगकर्मी अनुभा पटेल ने कार्यशाला के विचार सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि कला और संवाद समाज में बदलाव लाने का एक बेहद सशक्त माध्यम है। जब बच्चे समाज की कड़वी सच्चाइयों को मंच पर उतारते हैं, तो वह केवल अभिनय नहीं होता, वह परिवर्तन की शुरुआत होती है। प्रशिक्षिका साहना एवं कोमल का संयुक्त रूप से कहना है कि बच्चे केवल संवाद बोलना नहीं सीख रहे, बल्कि उन संवादों के पीछे छिपी सामाजिक सच्चाई को भी समझ रहे हैं। अंकुर राठौर एवं यूनिस खान ने कहा कि इप्टा की यह कार्यशाला पहल समाज में कला के माध्यम से चेतना जगाने की दिशा में एक प्रेरक कदम बनकर उभर रही है। कार्यशाला की शुरुआत इप्टा गीत से हुई। कार्यशाला को इप्टा अध्यक्ष अनिल कुमार वैद एवं सचिव पारसमणि अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया।

### गृहविज्ञान व शारीरिक प्रायोगिक की परीक्षा सात जून को

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी से परास्नातक विषयों की मौखिकी व प्रायौगिकी परीक्षाओं की तिथि प्राप्त हो गई है व बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर एवं छठवें सेमेस्टर गृहविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 7 जून को प्रातः 9 बजे नेहरू महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। इसके साथ ही बी.ए. छठवें सेमेस्टर शारीरिक शिक्षा विषय की प्रायोगिक परीक्षा 7 जून को प्रातः 10 बजे से, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर शारीरिक शिक्षा विषय की प्रायोगिक परीक्षा 7 जून को प्रातः 12:30 बजे से एवं बी.ए.द्वितीय सेमेस्टर शारीरिक शिक्षा विषय की प्रायोगिक परीक्षा 8 जून को प्रातः 10 बजे से नेहरू महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। छात्र व छात्रायें अपना रिसर्च प्रोजेक्ट और चार्ट पेपर फाइल जरूर से लाएं एवं गृहविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा विषय के छात्र व छात्रायें महाविद्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित तिथि में परीक्षा दें।

## न्यू ट्रान्सफर मॉड्यूल पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**– शिविर में कर्मचारियों को पेंशन स्कीम की दी गई जानकारियां**



बांदा। गुरुवार को रेलवे स्टेशन में यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस और न्यू ट्रान्सफर मॉड्यूल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस और न्यू ट्रान्सफर मॉड्यूल के संबंध में विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई। मुख्यालय प्रयागराज के आदेशानुसार एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर एसएसई (पी0वे0), स्टेशन प्रबंधक कार्यालय, संयुक्त क्रू लॉबी बांदा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस और न्यू ट्रान्सफर मॉड्यूल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग विभाग के कुल 126 कर्मचारियों द्वारा प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई। शिविर में उपस्थित सभी कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं यूपीएस के विकल्प फार्म उपलब्ध कराए गए। कैम्प में सहायक कार्मिक अधिकारी रूपेश कुमार सुमन, सीनियर एकाउण्टेन्ट एसके पटेरिया एवं वेलफेयर इंस्पेक्टर मनोज साहू, राजीव पाण्डेय, मुख्य क्रू नियंत्रक कमलाकांत द्विवेदी, कार्यालय अधीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक तौहीद अहमद, कौशल किशोर, एसएसई पी.वे. रूपेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे। अंत में स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# योगा दिवस की व्यवस्थाएं रखें दुरस्त-रीभा

**– बैठक में डीएम ने परखी तैयारियों की प्रगति**

**– स्वास्थ्य की थीम के तहत योगा दिवस कार्यक्रम मनाए जाने के दिए निर्देश**



बांदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निर्देश दिए कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित किया जाएगा।

15 जून से प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए समस्त आयुष विभाग के अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने 15 जून को अवस्थी पार्क में प्रातः 6 बजे से योग कार्यक्रम के आयोजन हेतु साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं प्रशिक्षकों को तैनात करने एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। 16 जून को सभी स्कूलों महाविद्यालयों में योग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने तथा 17 जून को न्याय पंचायत में योग दिवस का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए। 18 जून को अतिथि विशिष्ट व्यक्तियों, दिव्यांगजनों के लिए योग की व्यवस्था किए जाने एवं 19 जून को कार्य स्थल पर योग कराए जाने एवं 21 जून को समस्त तहसील ब्लॉक एवं जनपद मुख्यालय सहित प्रमुख स्थानों में योग के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। योग कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ रखने हेतु योग की शपथ भी दिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने योग रैली के आयोजन के संबंध में जिला खेलकूद अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं करते हुए रैली आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवस्थी पार्क सहित सभी योग कार्यक्रम स्थलों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद स्तर के कार्यक्रम में सभी एनसीसी छात्र-छात्राएं, पीआरडी जवान होमगार्ड, मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राएं व अन्य सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभा करेंगे। बैठक में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार सहित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा आयुष विभाग के चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### वृक्ष लगाने का लिया संकल्प

बांदा। पर्यावरण दिवस पर शिक्षकों सहित एनसीसी कैडेट्सों ने वृक्ष लगाने के साथ दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 60 बटालियन फतेहपुर के कमाण्डिंग ऑफिसर कर्नल ब्रजेश पठानिया के निर्देशानुसार आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के मैदान में एनसीसी कैडेट्सों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसार, लेफ्टिनेंट राम प्रसाद, केयर टेकर कमलेश कुमार की देखरेख में पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान कैडेट्सों को पौधा लगाने के प्रति संकल्प भी कराया गया। साथ ही मैदान में लगाए गए पौधों को संरक्षण करने के प्रति जागरूक किया गया। केयर टेकर कमलेश कुमार ने हरित हाईड्रोजन को भविष्य की ऊर्जा बताते हुए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स श्रीराम, गोविन्द, पुष्पेंद्र, सूरज कुमार, अमन, ऋषभ, अंकित यादव, दीपेन्द्र सिंह सहित 55 कैडेट्सों ने वृक्षारोपण कार्य में भाग लिया।

### सफाई कार्य का एडीएम ने लिया जायजा

**– जायजा लेने के साथ कार्य में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश**

बांदा। डीएम के निर्देशन पर नाला, नालियों की सफाई का कार्य तेजी से जारी है। गुरुवार को एडीएम ने शहर में चल रहे नाला-नालियों के सफाई के कार्य का जायजा लिया। साथ ही कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने निर्माण किये जा रहे है। छाबी तालाब तथा शहर क्षेत्र के नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देश दिए की सभी नालों की सफाई का कार्य बरसात से पूर्व शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने छाबी तालाब के अवशेष कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराया जाने तथा तालाब के किनारे वृक्षारोपण भी कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब के किनारे व्यवस्थित रूप से वृक्षारोपण किए जाने के साथ पौधों को सुरक्षित रखना की व्यवस्था भी कराए जाने के निर्देश नगर पालिका कर्मचारियों को दिए।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

बांदा। संदिग्ध हालत में युवक ने फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है। शहर कोतवाली क्षेत्र के झीलपुरवा निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र उर्फ बंटू पुत्र राजेश ने बुधवार की रात करीब 12 बजे कमरे के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। रात को छोटी बहन संजू की नींद खुली शव देखते ही वह चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा रामशरण ने बताया कि बीरेंद्र दो भाईयो बड़ा था। मजदूरी करता था। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। अचानक हुई इस घटना से मां पुष्पा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

### 100 विद्यालयों में विकास पथ सेवा संस्थान चलाएगा पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान- डॉ प्रभाकर

चित्रकूट ब्यूरो- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पृथ्वी रक्षा यात्रा अभियान की शुरुआत करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सभी को प्राकृतिक धरोहर जल, वायु, भूमि और वन आदि का संरक्षण करना होगा। कहा कि विकास पथ सेवा संस्थान के पृथ्वी रक्षा यात्रा अभियान से जनमानस में जागरूकता आएगी और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह ने कहा कि युवा समाज की शक्ति हैं और यदि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएंगे, तो समाज की दिशा बदल सकती है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में मीडिया की भूमिका सिर्फ सूचना देना नहीं है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति शिक्षित करना भी है। कहा कि पृथ्वी रक्षा यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि विकास पथ सेवा संस्थान पृथ्वी रक्षा यात्रा अभियान के तहत 100 विद्यालयों और गाँवों में जाकर लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा। इसके साथ ही इन विद्यालयों व पेड़ों में पौधरोपण भी किया जाएगा तथा लोगों को उनकी रक्षा करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देगी बल्कि भारतीय संस्कृत में निहित ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना को भी पुनः जागृत करेगी। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पौध रोपण कर लोगों पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ विकास सिंह, लवलेश सिंह, अंकित सिंह सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### पौध रोपण के साथ वन संरक्षण भी है आवश्यक- शशांक पाण्डेय

चित्रकूट ब्यूरो- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला कारागार चित्रकूट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों सहित कारागार में निरुद्ध बंदियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दियां। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने बताया कि पौधा रोपण कार्यक्रम में पौघ रोपण करने के साथ ही बंदियों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलायी गई। इस दौरान वृक्षों के कटाव, जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखा, संक्रामक रोग, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कारागार चिकित्सक शिव कुमार, मनोज राजपूत, उप जेलर रजनीश सिंह, प्रमोद कुमार कन्नौजिया, ब्रिजकिशोरी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ दशहरा के दिन जन्म भयो आल्हा कोए धरती धंसी अढ़ाई हाथ

महोबा। ज्येष्ठ दशहरा को जन्में गुरू गोरखनाथ के शिष्य अमर वीर आल्हा का स्मरण करते हुए आज बुंदेलों ने आल्हा चौक में उनकी विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनकी वीर गाथाओं का अनुश्रवण किया। गुरू गोरखनाथ के कहने पर ही आल्हा ने 1182 में दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान को प्राणदान दिया और संन्यास लेकर राजपाट छोड़ दिया था। बुंदेलों ने धीरे.धीरे मिट रही आल्हा की सभी निशानियों व ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए शासन.प्रशासन से मांग की। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि भारी उपेक्षा के चलते महोबा में आल्हा बैठकए आल्हा की गिल्लूए इंदल बैठक जैसे सभी ऐतिहासिक स्थल अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। उनके इतिहास की महोबा में कहीं कोई जानकारी नहीं मिलती। आल्हा ऊदल से संबंधित संपूर्ण इतिहास की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए महोबा में एक आल्हा म्यूजियम बनाने के मांग न जाने कितनी बार उठाई जा चुकी है लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आल्हा खंड में ज्येष्ठ दशहरा के दिन वीर आल्हा के जन्म का उल्लेख है लेकिन महोबा में कितने लोगों को यह पता है। चंदेल राजा परमाल के सेनापति दसराज व माता देवला की संतान आल्हा का जन्म महोबा शहर से 4 किलोमीटर दूर जिस दिसरापुर गांव में 12वीं शताब्दी में हुआ था। आल्हा ऊदल की सारी निशानियां अब इस गांव से मिट गई हैं। दिसरापुर गांव को आदर्श गांव घोषित कर विकसित किया जाना चाहिए। बस आल्हा चौक की हालत थोड़ी ठीक है जिसका निर्माण 1984 में तत्कालीन ज्वांइट मजिस्ट्रेट संजीव अहलूवालिया ने करवाया था लेकिन कजली मेले में आल्हा ऊदल का विजय जुलूस यहां से नहीं निकलता। महामंत्री डाण् अजय बरसैंया ने कहा कि ज्येष्ठ दशहरा को ही गंगा दशहरा कहते हैं। आज ही गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। हिन्दुओं में आज के दिन का विशेष महत्व है। उन्होंने प्रशासन से महोबा में ऐसा आल्हा म्यूजियम बनाने का आग्रह किया जिसमें उनके जन्म से लेकर सभी 52 लड़ाइयों का सजीव चित्रण हो। इस मौके पर गया प्रसाद कोस्टाए डाण् देवेन्द्र पुरवारए अवधेश गुप्ताए दिलीप जैनए प्रेमए महेन्द्र चौरसियाए मनीष जैदकाए अच्छे लालए सुधीर व्यासए माधव खरेए गोविंद व अमरचंद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

महोबा स विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश डॉ0 विद्युषी सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान सरिता वाधवानी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालतए तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए अजय सिंह कोर्ट मैनेजरए जनपद न्यायालयए लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंहए असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा व योगेन्द्र सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान रेन्जरए वन विभागए राजू श्रीवास सहित वन विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के विषय पर जागरूक करते हुये वृक्षों की आवश्यकता एवं उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली आक्सीजन व उनके प्रभाव पर्यावरण मे ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम कैसे की जा सकती है के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयीए साथ ही वर्षा के सम्बन्ध मे वृक्षों के योगदान के बारे मे बताया गया। वृक्षों से होने वाले लाभ के विषय पर जानकारी देते हुये बताया गया कि वृक्ष न केवल आक्सीजन देते हैं बल्कि वाहनों और उद्योगों द्वारा उत्सर्जित विभिन्न हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं। यह प्रदूषण को कम करने का एक स्वाभाविक तरीका है। अधिक वृक्ष लगाने का मतलब प्रदूषण को कम करना है। वायु प्रदूषण के अलावा वृक्ष भी ध्वनि और जल प्रदूषण को कम करने में सहायता करते हैं। यह भी कहा कि यदि पृथ्वी को रहने लायक बनाये रखना है तो ज्यादा से ज्यादा बड़े वृक्षों को लगाया जाये जैसे बरगदए पीपलए पाकड़ आदि।

## महिलाओ व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने के डीएम ने दिए निर्देश

महोबा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियोंए थानाए शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की। जिलाधिकारी नें सभी उपजिलाधिकारीयों को 107ध्16 में अपराधियों को पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियोजन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 एवं 16 जून को न्यायालय के वादों की सूची तैयार कर अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक ली जाये तथा पाक्सो एक्ट के मुकदमो की सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालय के वादों को टेक अप कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दियेए इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण.दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलनेए गुंडा एक्टए गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 ;1द्ध के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंहए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाशए उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमारए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसादए उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंहए ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर डीएम द्वारा ग्राम सिजहरी में किया गया वृक्षारोपण

**महोबा** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा ग्राम सिजहरी में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाये। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी को तालाब एवं खेल मैदान के किनारे 5000 पौधे लगाने के निर्देश दिए और कहा की जनपद की बड़ी ग्राम सभाओं में जहाँ पर भूमि उपलब्ध हैं वहाँ पर कम से कम 5000 पौधे लगाए जाएँ इस हेतु उपजिलाधिकारी स्थल का चयन करके वन विभाग को दिखाए और चयनित स्थान पर घना वृक्षारोपण करें तथा पौधों की सुरक्षा और सिंचाई की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा की हमें पेड़ लगाने भर नहीं हैं बल्कि उन्हें बचाना भी हैं इसलिए पेड़ों की सुरक्षा भी करनी हैंए इसलिए जिम्मेदारी के साथ पौधरोपण करें और उनकी सुरक्षा भी करें। तत्पश्चात उन्होंने सामुदायिक शौचालयए पब्लिक लाइब्रेरी व चंदेल कालीन मठ एवं आर्यावर्त बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने मठ के किनारे चारो ओर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की गांव में एक लाइब्रेरी और बनवाई जाये स उन्होंने आर्यावर्त बैंक के निरीक्षण में ग्रामीण क्षेत्र से आये हुए लोगों से वार्ता की तथा बैंक मैनेजर को शाशन की कल्याणकारी योजनाओं से किसानो को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र सिंहए जिला पंचायती राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीनियर वर्ग में इकरा खान और जूनियर वर्ग में मोहिनी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

महोबा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तत्वाधान में आयोजित छात्राओ की चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में इकरा खान तथा जूनियर वर्ग में मोहिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज में जूनियर.सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 37 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान इकरा खानए मोहिनी विश्वकर्मा द्वितीय एवं मोहिनी नामदेव तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग में मोहिनी दयाल ने प्रथमए वन्दना ने द्वितीय एवं सिमर श्रीवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# माता-पिता के नाम जरूर लगाएं एक वृक्ष

**– वृक्षारोपण करने के साथ कमिश्नर ने मण्डलवासियों को किया प्रेरित**

**– कर्मचारियों से भी कमिश्नर ने की वृक्ष लगाने की अपील**




बांदा। माता-पिता के नाम से एक वृक्ष जरूर लगाएं। वृक्षों की बदौलत आज पर्यावरण संतुलित है। वृक्षों से जहां हमें छाया मिलती है। वहीं वह शुद्ध हवा भी प्रदान करते है। उपरोक्त उद्गार कमिश्नर ने वृक्षारोपण के दौरान व्यक्त किए। इसके साथ ही उन्होंने मण्डलवासियों के अलावा अपने मातहतों को भी माता-पिता के नाम एक वृक्ष जरूर लगाए जाने की अपील की है।

आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने सभी सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एक-एक पेड़ अवश्य लगाने तथा उसको सुरक्षित रखने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं, इसलिए हम सभी लोगों को अपने माता-पिता के नाम एक-एक वृक्ष अवश्य रोपित कर उसको जीवित रखने का संकल्प लें। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित करते हुए, उन्हें जीवित रखने हेतु सामाजिक संस्थाओं एवं अन्य विभागों के सहयोग से किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि गांव से नगर तक हर जगह खाली स्थानो पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें जिससे पर्यावरण संतुलित हो सके। इस अवसर पर प्रभागीय अधिकारी वानिकी अरविंद कुमार एवं अपर आयुक्त भगवानदास ने भी वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय के अधिकारी तथा वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गढ़ उपस्थित रहे।

# गांजा के साथ पकड़े गए दो अभियुक्त

**– चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**– छत्तीसगढ़ का रहने वाला है गिरफ्तार एक अभियुक्त**



बांदा। कोतवाली पुलिस ने गांजे के साथ दो शातिर अभियुक्तों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से बड़े पैमाने पर गांजा बरामद हुआ है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। एक अभियुक्त छत्तीसगढ़ का रहने वाला है, जो बाहर से गांजा लाकर जनपद में सप्लाई करता था।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को अवैध सूखे गांजे से साथ रेलवे माल गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 05 किलो अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम चन्दू पुत्र कामता सोनी निवासी ग्राम चहितारा थाना कोतवाली देहात तथा अवस्थी पुत्र मुद्रिका प्रसाद अवस्थी निवासी अम्बिकापुर थाना अम्बिकापुर जनपद सरगुजा (छत्तीसगढ़) बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया है। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त मुद्रिका प्रसाद छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। वह बाहर से गांजा लाकर जिले में सप्लाई करता था। जो यह कारोबार वह पिछले काफी समय से कर रहा था। लेकिन मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथ में चहितारा गांव निवासी चन्दू भी पकड़ा गया है। चंदू गांजा सप्लाई कराने में मुद्रिका की मदद करता था। कहा कि उनकी गतिविधियों के बारे में भी पड़ताल की जा रही है। पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में चैकी प्रभारी बलखण्डी नाका विवेक कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक पंकज कुमार चैरसिया, मुख्य आरक्षी महेन्द्र कुमार, आरक्षी फिरोज अंसारी शामिल रहे।

# गंगा दशहरा पर हुए यज्ञोपवीत और विवाह संस्कार

चित्रकूट ब्यूरो- गंगा दशहरा पर्व एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ में विश्व गुरु युगऋषि पं श्रीराम शर्मा का महाप्रयाण दिवस मनाया गया। जिसमें गायत्री मन्त्र जप, यज्ञोपवीत संस्कार, दीक्षा और विवाह संस्कार भी सम्पन्न कराए गएं। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने उपनयन संस्कार की उपयोगिता समझाया। इसके साथ ही बताया कि गंगा दशहरा गायत्री और गंगा का अवतरण दिवस है। गंगा हमारे स्थूल तन के पाप धोती है जबकि गायत्री मन के, इन दोंनो का संयोग ही जीवन का कल्याण कर सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी को पोलीथिन व प्लास्टिक के दोना पत्तलों की जगह पर्यावरण अनुकूल पत्ते के दोना-पत्तल व मिट्टी से निर्मित पात्रों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पौध रोपण करने के लिए भी कहा। बताया कि आज के ही गायत्री के सिद्ध साधक आचार्य पं श्रीराम शर्मा का महाप्रयाण हुआ था। बताया कि गायत्री साधना से जीवन को पवित्र बना कर सच्चा ब्राह्मणत्व पाया जा सकता है। इस मौके पर जिला समन्वयक भवनिदीन यादव, युवा समन्वयक प्रमोद पटेल, महिला समन्वयक रेखा गुप्ता, पं श्रीराम शर्मा आचार्य संस्कृत विद्यालय के राजकुमार ओझा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ अनिल तिवारी, डॉ अंजनी तिवारी पवन तिवारी, आदि मौजूद रहे

# चकबंदी टीम ने प्रक्रियाधीन ग्रामों का भ्रमण कर किया निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरो- उत्तर प्रदेश के चकबंदी आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम ने गुरुवार को उपसंचालक चकबंदी आलोक कुमार के साथ जनपद में संचालित चकबन्दी प्रक्रिया के तहत प्रक्रियाधीन ग्रामों का भ्रमण किया। साथ ही कलेक्टरेट सभागार में बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान चकबंदी कार्यों में लापरवाही बरतने पर दो चकबंदी लेखपालों को निलम्बित करने सहित अन्य अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक चकबन्दी आलोक कुमार ने टीम के सदस्यों को बताया कि जनपद में भूचित्र पुनरीक्षण के अंतर्गत 11 ग्रामों में कार्य किया जा रहा है। बताया कि ग्राम औदहा, दरसेडा में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए गए कि इन ग्रामों में बैठक ग्रामवासियों से सहमति बनाकर चकबंदी कार्य प्रारंभ कराए। इसी प्रकार बताया कि धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल नौ ग्राम है, जिनमें से दो ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है तथा शेष ग्रामों के चकबन्दीकर्ता कब्जा परिवर्तन में लगे होने के कारण पड़ताल कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। बताया कि ग्राम गढ़वारा में जन विरोध के कारण पड़ताल का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर निर्देश दिए गए कि यहां भी बैठकें आयोजित कर किसानों को समझाते हुये कार्य प्रारंभ कराए। बताया कि ग्राम ऐचवारा, मिर्जापुर, डुडौली, महरुच व तेरा बुजुर्ग में चक सीमांकन कराया जा रहा है, जिसका टीम ने मौके पर जाकर स्थलीय कर सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने पाया कि चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों में पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। इस पर चकबंदी विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि चकबन्दी आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुये निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराएं। इस दौरान चकबन्दी कार्यों में लापरवाही बरतने पर चकबंदी लेखपाल अतुल कुमार गुप्ता व आशीष कुमार को निलम्बित करने तथा नागेन्द्र कुमार, चकबंदीकर्ता उपदेश कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, कमलेश राम, रमाकान्त गौतम के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल वर्धन सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**-सुरक्षा को देखते हुए पुलिस कर रही गश्त**



कानपुर। गंगा दशहरा पर भारी तदाद में श्रद्धालुओं ने जीवनदायनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने घाट के किनारे बालू का शिवलिंग बना कर पूजन अर्चन किया और भीषण गर्मी में शरबत वितरण कर पुण्य का लाभ कमाया। वहीं पर्व को देखते हुए शहर के सभी प्रमुख गंगा घाटों के किनारों पर पुलिस ने बेरीकेडिंग की।

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इसी दिन राजा भगीरथ की घोर तपस्या पर मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा स्तोत्र का पाठ करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है और आत्मिक शुद्धि मिलती है। स्नान, दान और पूजन जीवन को शुद्ध, शांतिपूर्ण बनाने में मदद करता है। गंगा दशहरा के मौके पर शहर के अटल घाट, परमट घाट, सरसैया घाट, मैस्कर, गोला घाट, सिद्धनाथ घाट समेत सभी घाटों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। सुबह पांच बजे से ही हर-हर गंगे, जय शिव शंभू के उदघोषों से घाट गुंजायमान हो उठे। घाटों पर पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग लोगों के साथ बच्चों का सैलाब देखने को मिला। गंगा स्नान के बाद लोगों ने सूर्य को अर्घ्य देकर मनोकामनाएं मांगी और घाटों के किनारे विधि विधान से पूजा कर दान दिया। इस मौके पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती रही। अटल घाट से सरसैया घाट तक जल पुलिस गश्त करती रही।

## सीएम ग्रिड सड़कों का विशेष सचिव ने लिया जायजा



कानपुर। शहर में चल रहे विकास कार्यों का गुरूवार को नगर विकास विभाग के विशेष सचिव महेंद्र बहादुर सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त सुधीर कुमार, मुख्य अभियंता सिविल, जोनल अभियंता दिवाकर भास्कर आदि अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ग्रिड परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क बाबा कुट्टी से अलंकार गेस्ट हाउस होते हुए साउथ एक्स मॉल तक कुल लम्बाई 2.35 किलोमीटर है। विशेष सचिव ने उक्त सड़क का मुआयना किया। मौके पर सड़क पर आरसीसीस्टॉर्म वॉटर ड्रेन/नाला निर्माण का कार्य, यूटिलिटी डक्ट का कार्य एवं सीवर लाइन डाले जाने का कार्य चला रहा था। विशेष सचिव ने कार्य की प्रगति से संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टिकोण को प्राथमिकता पर रखा जाए एवं जन सहभागिता को विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक/ मार्केट एरिया में यथासंभव कार्य को रात्रि के समय कराया जाए, जिससे कि जनमानस को अवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। विशेष सचिव ने निर्देश दिए कि संभव 'स्थलों पर कार्यों को युद्ध स्तर पर कराया जाए, जिससे कार्य की गति में और तीव्रता प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान निर्धारित मानक, उच्च कोटि की गुणवत्ता, नवीन तकनीकी विधि का समावेश इत्यादि का विशेष ध्यान रखा जाए एवं स्थानीय लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## खबर एक नजर

### प्रदूषण से बच्चों में हो रही एक्टिविटी कम- डॉ यशवंत राय

कानपुर। गुरूवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, की ओर से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। वरिष्ठ बाल रोग चिकित्सक डॉ यशवंत राय ने बताया कि प्रदूषण के कई रूप होते हैं। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण, मानसिक व भावनात्मक प्रभाव इनडोर प्रदूषण। इस सभी प्रदूषण का ध्यान में रखना होगा। आज कल के बच्चों की एक्टिविटी काफी कम हो गई है। इस कारण से उनकी शारीरिक क्षमता भी कम हो रही है। इसलिए सुबह की एक्टिविटी आपके बच्चों को बीमारियों से लड़ने की ताकत देती हैं। डॉ राज तिलक ने बताया कि नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर जैसे हानिकारक कण बच्चों के फेफड़ों के विकास को धीमा करते हैं। इससे अस्थमा, बार-बार खांसी-जुकाम, निमोनिया और क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। अध्ययन बताते हैं कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने वाले बच्चों की फेफड़ों की कार्यक्षमता सामान्य से 20से 30 प्रतिशत तक कम हो सकती है। एकेडमी ऑफपीडियाट्रिक्स कानपुर की अध्यक्ष डॉ रोली मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि सीसा, आर्सेनिक और प्लास्टिक माइक्रोपार्टिकल्स से दूषित जल के सेवन से बच्चों में विकास रुकना, पेट के रोग, त्वचा की एलर्जी और यहां तक कि मानसिक विकास में बाधा जैसे दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि ध्वनि प्रदूषण भी खतरनाक हैए जिसमें की ईयर फोन तो सबसे ज्यादा नुकसान दायक है। तेज आवाजें बच्चों के मानसिक संतुलन को बिगाड़ता हैं। नींद में बाधा, सिरदर्द, पढ़ाई में ध्यान न लगना और लंबे समय में सुनने की क्षमता प्रभावित होना आम शिकायतें हैं।

### मशीन के निःशुल्क वितरण हेतु साक्षात्कार

कानपुर नगर। उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की टूल किट वितरण योजनान्तर्गत दोना पत्तल एवं पोंपकार्न मशीन के निःशुल्क वितरण हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। लाभार्थियों के चयन हेतु 6 जून को पूर्वाहन 11-00 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, चतुर्थ तल कबीर भवन, डीआई कैम्पस सर्वोदय नगर में साक्षात्कार तिथि निर्धारित की गयी है। अतः सभी दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मशीन के आवेदन कर्ताओं को निर्देश दिया जाता है कि आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर कार्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

### बंगले के नाम पर बिल्डर ने की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

कानपुर। बंगले के नाम पर 35 लाख रुपए हड़पने के मामले में भट्ठा मालिक ने बिल्डर अनंत सेठ और उनकी मां के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। रैना मार्केट में मिश्रा भट्ठा के मालिक दीपक मिश्रा ने बताया कि उनकी शॉप पर आने-जाने के दौरान स्वरूप नगर निवासी बिल्डर अनंत सेठ से परिचय हुआ था। इस दौरान अनंत ने बताया कि बसंत कुंज में वह बंगले बना रहे हैं। इस पर दीपक ने अपनी जरूरत को देखते हुए एक बंगला लेने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि बसंत कुंज की साइट देखने के बाद उन्होंने 20 जुलाई 2013 को 14 नंबर बंगला बुक करा दिया था। चेक के जरिए 5 लाख रुपए उनकी कंपनी द होम्स के नाम पर दिया। इसके बाद कुल 35 लाख रुपए एडवांस दिया, लेकिन बिल्डर ने बंगला किसी और को बेच दिया। जानकारी मिलने पर उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो उन्होंने स्वरूप नगर स्थित अपने घर बुलवाया। अपनी मां सविता सेठ के सामने अनंत ने कहा कि हम लोग अब यह घर बेचने वाले हैं। इस पर उनकी मां सविता सेठ ने भी सहमति जताई। बंगले का झांसा देकर कैश 40 लाख रुपए ले लिया। इसके बाद भी कई दिन बीत गए, लेकिन घर नहीं बेचा। बाद में पता चला कि घर भी उन्होंने किसी और से बेचने का सौदा कर लिया है। रुपए वापस मांगने पर बिल्डर ने धमकी दी और कहा तुम्हे जो करना हो कर लेना। इसके बाद कई लोगों से दबाव डलवाया और रुपए वापस मांगा। इसके बाद भी रुपए वापस नहीं किया। इसके बाद उन्होंने स्वरूप नगर थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई। स्वरूप नगर पुलिस ने जांच की तो मामला सही पाया गया। इसके बाद उन्होंने दीपक मिश्रा की तहरीर पर आरोपी बिल्डर अनंत सेठ और सविता सेठ के खिलाफधोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देना समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### अभियान चलाकर केस्को ने पकड़ी बिजली चोरी

कानपुर। केस्को के विशेष चेकिंग अभियान में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का मामला सामने आया है। चीनापार्क के 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र क्षेत्र में लाइन लॉस को कम करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता पीके सिंह के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में 15 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी मामले रिजवी रोड, अनवरगंज और आसपास के क्षेत्र हैं। चोरी का कुल भार लगभग 35 किलोवाट पाया गया। पकड़े गए सभी मामलों में घरेलू कनेक्शन से बिजली चोरी की जा रही थी। इनमें सबसे अधिक 4-4 किलोवाट की चोरी जमील अहमद और हुस्ना खातून के यहां पाई गई। जबकि कुछ घरों में 1 से 3 किलोवाट तक की चोरी मिली। विभाग ने सभी 15 प्रकरणों में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी है।

### एयर कैप्स्यूल प्रो का हुआ अनावरण

कानपुर। भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने अपने प्रमुख एयर कैप्स्यूल कलेक्शन के अपग्रेडेड वर्ज़न. एयर कैप्स्यूल प्रो का अनावरण किया है। यह नया वेरिएन्ट आज के युवाओं की बहु.आयामीए तेज़ी से भागती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने बेहतरीन लुक, प्रभावी कुशनिंग के साथ काम से लेकर वर्कआउट, गैदरिंग एवं गेटवेज़ तक दिन भर आरामदायक अनुभव प्रदान करता है। निखिल अग्रवाल, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर एवं होल टाईम डायरेक्टर, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा एयर कैप्स्यूल प्रो हमारी आधुनिक यात्रा में निर्णायक मोड़ है, जो उपभोक्ता की अनुकूल टेक्नोलॉजी को सक्रिय जीवनशैली में बदल देता है। आज के भारतीय युवाओं की गतिशील एवं बहु-आयामी जीवन पर आधारित अपग्रेडेड कैप्स्यूल युनिट अपने बेहतर डिज़ाइन के साथ प्रभावी कुशनिंग भी लेकर आती है।



## जिलाधिकारी ने श्रमिकों व प्रधानों को प्रशस्त्रि देकर किया सम्मानित

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को चौबेपुर स्थित साई कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजीए चौबेपुर में नून नदी के जीर्णोद्धार में लगे श्रमिकों एवं प्रधानों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने चार महिला श्रमिकों रीता नदिहा खुर्द, सरस्वती जरारी, रुपारानी बरहट बांगर और आशारानी हींगुपुर बांगर के साथ-साथ एक दिव्यांग श्रमिक श्यामू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं जिलाधिकारी ने नून नदी के जीर्णोद्धार में सबसे अधिक कार्य करने वाले महिला प्रधानों अनीता ग्राम प्रधान इन्दलपुर शिवराजपुर, कुसमा निषाद ग्राम प्रधान हिंगुपुर बांगर को भी सम्मानित किया। जीर्णोद्धार के क्रम में सर्वप्रथम सिंचाई विभाग द्वारा कन्हैया झील से लेकर रमेल नगर तक 48.5 किमी0 की ड्रोन मैपिंग करायी गयी। जिसमें पाया गया कि 23.5 किलोमीटर नून नदी का जीर्णोद्धार करवाना आवश्यक है। इसके बाद 22 फरवरी को ग्राम पंचायत रामपुर नरुवा से विधायक मोहित सोनकर, ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, तथा नून नदी प्रवाह क्षेत्र में विकास खण्ड शिवराजपुर के सभी ग्राम प्रधानों एवं मनरेगा कार्मिकों की उपस्थिति में नून नदी पुनरुद्धार कार्य का शुभारम्भ किया गया। नून नदी के के अंतर्गत 34 ग्राम पंचायत में अब तक 57.52 लाख रुपए व्यय किए जा चुके है। साथ ही 23478 मानव दिवस सृजित किए गए। अब तक कुल 824 श्रमिक नियोजित किए गए हैं, जिनमें 181 महिलाएं हैं। बता दे कि 17 जून 2025 तक कार्य पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कॉलेज परिसर में किया गया वृक्षारोपण विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सतत जीवन शैली के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करता है। यह दिवस सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह दिवस सरकारों, व्यवसायों, समुदायों और व्यक्तियों को पर्यावरण के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी पौधारोपण किया।

## हादसे में युवक की मौत, प्रेमिका पर हत्या का आरोप



कानपुर। बांदा में हादसे के शिकार हुए एक युवक की हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी प्रेमिका ने घटना को अंजाम दिलवाया है। युवक के कई सालों से युवती से प्रेम संबंध थे, शादी न करने पर युवती ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसामऊ आरके नगर निवासी अनुराग यादव प्राइवेट जॉब करता था। इस साल 7 फरवरी को उसकी शादी बांदा जनपद के रामपुर जसपुरा की रोशनी से हुई थी। अनुराग के पूर्व में जरीव चौकी के पास रहने वाली एक युवती से प्रेम संबंध थे। युवती ने अनुराग और उसके जीजा व अन्य परिजनों के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। 4 दिन अनुराग अपनी ससुराल गए थे। इस दौरान बाइक सवार ने टक्कर मारी, जिससे अनुराग और साला सरनाम भी घायल हो गया था। परिजनों का आरोप है कि युवती अनुराग को सोशल मीडिया पर धमका रही थी, धोखा दिया है वह उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देगी। गंभीर रूप से घायल अनुराग को बांदा से हैलट रेफर किया गया, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बच्ची को बदनीयती से दबोचने वाला चौकीदार भेजा गया जेल



कानपुर। कल्याणपुर में एक निर्माणाधीन मकान के आठ साल की बच्ची से बदनीयती से दबोचने के मामले में पुलिस ने चौकीदार जेल भेज दिया। आवास विकास तीन अंबेडकरपुरम में रहने वाला युवक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी 8 साल की बेटी कक्षा-4 की छात्रा है। मासूम अपने घर से कुछ दूर स्थित दुकान से सामान लेकर वापस लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में एक निर्माणाधीन मकान के बाहर नशे में धुत बैठा बिहार के सीतामढ़ी जिले का रहने वाला चौकीदार राजेश मांझी ने बच्ची को टॉफी-चॉकलेट देकर अन्दर बुलाया और उसे दबोच लिया। बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। इस दौरान बच्ची की चीख सुनकर वहां से गुजर रहे लोग निर्माणाधीन मकान के भीतर पहुंचे तो चौकीदार को जमकर पीटा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बच्ची को भी उसके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। बच्ची के पिता की तहरीर पर बुधवार रात को पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके चौकीदार को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि चौकीदार के खिलाफ रेप, पाक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। अब उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा दिया गया।

## कुर्बानी के लिए साढ़े पांच लाख रूपए में बिका पड़वा

**बकरीद से पहले सजा जानवरों का बाजार, बना आकर्षण का केंद्र**



कानपुर। ईद-उल-अजहा के पर्व के चलते बकरा मंडी इन दिनों पूरी तरह सज चुकी है। जाजमऊ क्षेत्र स्थित गल्ला गोदाम एसटीआई परिसर में लगने वाली मंडी में देशी और विदेशी नस्लों के बकरे, भैंसे और पड़वे बड़ी संख्या में बिक्री के लिए लाए गए हैं। बकरीद से पहले यह मंडी खरीदारों और व्यापारियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठा है। इस बार मंडी में खास आकर्षण का केंद्र रहा एक शानदार पड़वा, जिसे मदरसा मकदूम दादा मियां के लिए नदीम तारिक ने खरीदा। इस पड़वे की कीमत 5 लाख 50 हजार रुपये रही, जो अब तक का सबसे महंगा जानवर रहा। यह जानवर अपनी लंबाई, वजन और सुंदर बनावट के कारण खरीदारों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। मंडी में प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं।

मंडी में बकरों की कीमत नस्ल, वजन और उम्र के आधार पर तय की जा रही है। सामान्य बकरों की कीमत 12 हजार रुपये से शुरू होकर 20 हजार रुपये तक देखी गई, जबकि भारी भरकम और खास नस्ल के पड़वे 18 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक बिके। सभी आर्थिक वर्गों के लिए यहां विकल्प उपलब्ध हैं। छोटे, मध्यम और बड़े वजन वाले बकरे, जिससे गरीब और अमीर दोनों ही वर्ग के लोग अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी कर सकें। मंडी में सिर्फकानपुर ही नहीं, बल्कि उन्नाव, फतेहपुर, हरदोई, इटावा और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक पहुंचे हैं। खरीददार लियाकत अली ने बताया कि इस बार सरकार और क्षेत्रीय लोगों ने मिलकर मंडी को सुविधाजनक बनाया है, जिससे भीड़ के बावजूद किसी प्रकार की अफरा-तफरी नहीं देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि बकरीद से पहले बकरा मंडी में लगी भीड़ और व्यवस्था इस बात की ओर इशारा करती है कि लोग इस पवित्र पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी में जुटे हैं।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 सप्ताह के समापन पर कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर स्काउट और गाइड के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नाटक के जरिए बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण के कारणों और इसके दुष्प्रभावों को दर्शाया। साथ ही प्रदूषण को रोकने के लिए जरूरी उपायों की जानकारी भी दी। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## श्री विश्वनोई समिति ने किया वृक्षारोपण

कानपुर। गुरूवार को श्री विश्नोई सेवा समिति द्वारा स्वर्गीय गोविंद बिश्नोई पार्क गीता नगर में पर्यावरण वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। गुरु जंभेश्वर महाराज को नमन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सलिल बिश्नोई, समिति के अध्यक्ष अविनाश बिश्नोई, महामंत्री अमित चंद्र बिश्नोई, कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, धर्मशाला प्रबंधक संदीप गुप्ता, ममता गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अनूप बिश्नोई, राजेंद्र बिश्नोई समेत कई लोग मौजूद रहे।



## राज्यमंत्री ने किया कांशीराम व उर्सला अस्पताल का निरीक्षण

**-वार्ड में भर्ती मरीजों का जाना हाल**



कानपुर। गुरूवार को कांशीराम अस्पताल का अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य व राज्यमंत्री रमेश चंद पुंडे ने निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने सीएमएस से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने वार्डों में जाकर वहां भर्ती मरीजों से हाल चाल लिया। फिर उन्होंने प्राइवेट वार्ड में चल रहे कामों को भी देखा और संतुष्टि भी जाहिर की। सीएमएस नवीन चंद्रा ने बताया कि काशीराम अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को जल्द ही प्राइवेट रूम की सुविधाएं मिलने लगेंगी। काम बिल्कुल अंतिम चरण पर चल रहा हैं। यहां किराया भी कोई बहुत ज्यादा नहीं रहेगा। लगभग एक कमरे का चार्ज 500 रुपए होगा। इसके अलावा यहां मरीजों के लिए हर तरह की सुविधाएं रहेंगी। कमरे में कुर्सी, टेबल, सोफा, टीवी, एसी और एक किचन भी रहेगा। इसके बाद मंत्री रमेश चंद उर्सला अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने आयुष्मान वार्ड में जाकर मरीजों का हाल जाना। मरीजों से पूछा कि किसी भी प्रकार की कोई दवा बाहर से तो नहीं लिखी जा रही हैं। डॉक्टर समय पर आते है या नहीं, दवा अंदर से मिलती है कि नहीं। हालांकि सभी तीमारदारों ने संतोषजनक उतर दिया। मंत्री ने सीएमएस को निर्देश दिया कि यहां पर आने वाले मरीज के पास अगर पैसा न हो, तो ऐसे मरीजों का खास ख्याल रखें, ताकि उनका भरोसा सरकारी अस्पतालों के प्रति और बढ़े।

## ट्रेनों में लूटपाट करने वाले दो शातिर गिरफ्तार



कानपुर। ट्रेनों में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं। गिरफ्त में आए अभियुक्ता जीआरपी कानपुर समेत कई जिलों में आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

जीआरपी थाना प्रभारी ओमनारायण सिंह ने बताया कि ट्रेनों में लूट व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिसिंग गश्त बढ़ाई गई है। देर रात जीआरपी टीम को सूचना मिली कि झकरकटी पुल के पास वारदात को अंजाम देने की फिराक में दो शातिर घात लगाए हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो शातिर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त बेकनगंज के हीरामनपुरवा निवासी मो समीर व बजरिया का मो निजाम हैं। तालाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से चार चोरी के मोबाइल बरामद हुए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि ट्रेनों व प्लेटफार्म पर सो रहे यात्रियों का मोबाइल व अन्य समान लूट लेते थे और अंजान व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते थे। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में जीआरपी कानपुर, अनवरगंज समेत फर्रूखाबाद, एटा, लखनऊ व आगरा में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनके गैंग की तलाश की जा रही है।

# अमरनाथ यात्रा : सीएपीएफ की 581 कंपनियां होंगी तैनात

**काफिले की सुरक्षा के लिए लगेंगे जैमर**

**तीन जुलाई से शुरू होगी यात्रा**



**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा 2025 में देश भर से और विदेशों से लाखों भगवान शिव भक्त शामिल होंगे। पवित्र अमरनाथ गुफा की यह वार्षिक आध्यात्मिक यात्रा, जहाँ प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग की पूजा की जाती है, सबसे प्रतिष्ठित हिंदू तीर्थयात्राओं में से एक है। अमरनाथ यात्रा 2025 की शुरुआत की तारीख आधिकारिक तौर पर 3 जुलाई 2025 तय की गई है, और यात्रा 9 अगस्त 2025 को समाप्त होगी, जो रक्षा बंधन के दिन है। अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा की भी तैयारी जोरों पर है। इस साल श्री अमरनाथ यात्रा के लिए विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की कुल 581 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। 3 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाली यह तीर्थयात्रा पहली बार 38 दिनों की कम अवधि में आयोजित की जाएगी। पहली बार श्री अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए जैमर लगाए जाएंगे, जिसकी सुरक्षा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) द्वारा की जाएगी। काफिले के गुजरने के दौरान, अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रा मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों की ओर जाने वाली सभी सड़कों को अस्थायी रूप से अवरुद्ध कर दिया जाएगा। इन उपायों के अलावा, व्यापक तैनाती में मार्गों को सुरक्षित और साफ करने के लिए रोड ओपनिंग पार्टियां (आरओपी), खतरों पर तत्काल प्रतिक्रिया के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी), विस्फोटकों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते (बीडीएस), के9 इकाइयां (विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्ते) और हवाई निगरानी के लिए ड्रोन शामिल होंगे। ये व्यवस्थाएं जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर लागू होंगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस एक पौध मां के नाम पर ग्रीन गुरु ने किया पौध रोपण

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** एक पौधे लगाकर मानवता की सेवा करें। अगर सभी भारत के लोग एक पौधे लगाए तो हर साल पौधे की संख्या बढ़ेगी और साथ में हरियाली भी बढ़ती जाएगी। इसी क्रम में ग्रीन गुरु के नाम से विख्यात मिर्जापुर जनपद के अनिल कुमार सिंह के द्वारा निरंतर पौधों पर करके एक मिसाल कायम की है। विश्व पर्यावरण दिवस पर लगातार पौध रोपण के क्रम में गुरुवार को खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक सचिव, अनिल कुमार सिंह



ग्रीन गुरु मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज,पचोखरा मिर्जापुर, 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3628 वें दिन के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा के पावन पर्व पर एक पौध मां के नाम 2.0 के अवसर पर अपने आवासीय परिसर जे. पी .पुरम कॉलोनी पटेल नगर,कतवारू के पुरा मिर्जापुर के गमले में फुटबॉल लिली के पौध का रोपण अभिनव सिंह के सहयोग से किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं० /लॉट सं०:** LJN-RSLR-04-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 02-06-2025 समय 13:06 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 18-06-2025 समय 12:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 18-06-2025 समय 13:40 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

मुजाधि/वाणिज्य–57

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।


# डीजे पर नाचने में हुई मारपीट दूल्हे का जीजा जखमी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले के सेमरी गांव मेंएक शादी मेंडीजेपर पसंदीदा गाना बजानेको लेकर हुए विवाद मेंदूल्हेके जीजा बृजेश कुमार घायल हो गए। पुलिस नेउन्हेंसीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर हालतदेखचिकित्सक नेमिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि मामूली रूप सेजख्मी दो अन्य बरातियों को मामूली चोट आई है। सेमरीगांव निवासी एक व्यक्ति के लड़की की शादी के लिए सोठिया कला सेबुधवार को बरात आई थी। बराती डीजेकी धुन पर नाचतेहुए द्वारपूजा के लिए जा रहेथे। इसी दौरान डीजेकी धुन पर नाच रहेकुछ युवक अपनेपसंद का गाना बजानेको लेकर आपस मेंभिड़ गए।विवाद बढ़नेपर मारपीट होनेलगी। मारपीट के दौरान दूल्हेके जीजा 25 वर्षीय बृजेश कुमार सहित दो अज्ञात अन्य बराती घायलहो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराई, जहां चिकित्सकप्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर मिर्जापुर भेज दिया गया।

# महुआ लदे माल वाहक वाहन को वन विभाग ने पकड़कर किया सीज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय कैमूर वन्यजीव प्रभाग के सगरा बीट के कम्पार्ट नंबर तीन से मुखबिर कि सूचना पर वन विभाग कि टीम ने महुआ लदा माल वाहक को पकडकर कार्रवाई करते हुए वाहन को रेंज परिसर लाकर वाहन को सीज कर दिया है। अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई गई वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा के निर्देश पर वन्य जीव रक्षक राजकुमार व शीतला बक्स सिंह नीटू शर्मा ने मुखबिर कि सूचना पर कैमूर वन्यजीव अभ्यारण क्षेत्र के सगरा बीट के कम्पार्ट नंबर तीन से महुआ लदा माल वाहक वाहन को पकडकर कार्रवाई करते हुए वाहन को रेंज परिसर में लाकर वाहन को सीज कर दिया है। वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। वन विभाग द्वारा अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि वन्यजीव अभ्यारण क्षेत्र के सगरा बीट के कम्पार्ट नंबर तीन से महुआ लदा माल वाहक वाहन को पकडकर कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया गया है।

# विकास भारत कृषि संकल्प अभियान का किया गया आयोजन



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बरगड़ा स्थित चौधरी राम हरख सिंह इंटर कालेज के प्रांगण में बुधवार की शाम विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि निवेश तथा कृषि मेला का आयोजन किया गया। कृषि सूचना तंत्र सुद्ढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम और सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं त्वरित विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने द्वीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के पहले बीएचयू के कई वैज्ञानिक ने कृषि निवेश तथा कृषि से संबंधित जानकारी दिया कृषि विभाग की ओर से किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती कर आय दुगनी करने की जानकारी दिया। किसानों को कृषि निवेश तथा उपजाउ के बारे मे बताया गया वैज्ञानिक ने सही उत्तर देने वाले किसानो को फसल से संबंधित दवाएं बाजरे के बीज मुख्य अतिथि के द्वारा कर कमलों द्वारा दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव, वैज्ञानिक सुधीर श्रीवास्तव, श्रीराम सिंह, आदि मौजूद रहे।

# सीओ लालगंज ने थाना हलिया व लालगंज सर्किल के विवेचकों को निर्देश

**हलिया (मिर्जापुर)।** सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना हलिया पर बुधवार की रात्रि में लालगंज सर्किल क्षेत्र के हलिया, लालगंज, जिगना, ड्रमण्डगंज, संतनगर, थाना प्रभारी निरीक्षक व उप निरीक्षक के साथ अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान सीओ द्वारा लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया

साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहेध्तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह, ड्रमण्डगंज अरविन्द कुमार सरोज,थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, संतनगर जीतेन्द्र सरोज,चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय,उप निरीक्षक अच्छे लाल यादव, परमात्मा यादव, शैलेश सिंह, महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव मौजूद रहे।

# हिंयुवा कार्यकर्ताओं ने मनाया मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन

**मिर्जापुर।** हिन्दु युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं नेगुरुवार को नगर के चौबेटोला स्थित कैंप कार्यालय पर एक दूसरेको मिठाईखिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया और एक दूसरेको शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने के लिए जननी मां विन्ध्यवासिनी सेप्रार्थना की। हिन्दु युवा वाहिनी के निवर्तमान वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष सुनील सिंह नेकहा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व मेंप्रदेश आत्मनिर्भर बननेकी ओर अग्रसर है। वह सहीमायनों मेंउत्तर प्रदेश के सच्चे विकास पुरुष है। प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था का राज स्थापित हुआ है। माफिया-गुंडों मेंडर पैदाहुआ है। पलायन रुका है। इस अवसर पर शरद कुमार बालाजी, सुधीर गुप्ता, संदीप उपाध्याय, सुरेश गुप्ता, पवन मालवीय, विजय गुप्ता,हरिहर प्रताप सिंह, अंशुसाहू आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : बिंदु दीदी

**मिर्जापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को जीडी बिनानी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, प्रभुउपहार भवन शुक्लहा के संयुक्त तत्वावधान मेंएक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण किया गया। साथ ही सभी नेधरती मां को हरा भरा रखने, अधिक सेअधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया।


वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5) प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश इलाहाबाद वै. वाद संख्या -25 25 सन 2024

मुकेश कुमार जायसवाल पुत्र रतन लाल जायसवाल निवासी- ग्राम सराय खुदमीर पोस्ट कतरौली, थाना फूलपुर ,तहसील फूलपुर , प्रयागराज पिन कोड 212402 ..........वादी/याची

**बनाम**

श्रीमती रीनू देवी पत्नी मुकेश कुमार जायसवाल पुत्री संतलाल जायसवाल उर्फ सिकंदर निवासी ग्राम चमकपुर उर्फ नदौत पोस्ट नदौत थाना फूलपुर तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज पिन कोड 212402 .......विपक्षी/प्रतिवादिनी

13 हिंदू विवाह अधिनियम

चूँकी ... ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबित किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है । 2025 के 07 के 10 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत तिथि – 10.07.2025**

न्यायाधीश

सी.आर.-495/D-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमन अपर जिलाधिकारी न्यायिक महोदय उन्नाव

आदित्य कुमार आदि बनाम गांव सभा आदि

वाद सं. 129 /289

कम्प्यू. वाद सं. डी202410690000372

धारा 30 उ.प्र. रा.सं. ग्राम गदनखेड़ा परगना मोहान तह. हसनगंज जिला उन्नाव तारीख पेशी 12.06.2025

1. बालेन्द्र सिंह पुत्र राम आसरे 2. छगेन्द्र सिंह पुत्र राम आसरे 3. राजेश कुमार पुत्र सोहन लाल निवासीगण गदनखेड़ा परगना मोहान तह. हसनगंज जिला उन्नाव 4. नीरज कुमार पुत्र साहबलाल 5. हिमांशू पुत्र स्व. राम विलास 6. प्रियांशू पुत्र स्व. राम विलास 7. राम बहादुर पुत्र स्व. लीला 8. श्रीमती राधिका पत्नी लीला निवासीगण भिटंवा मजरा गदनखेड़ा परगना मोहान तहसील हसनगंज जिला उन्नाव 9. गांव सभा गदनखेड़ा द्वारा प्रधान ग्राम भिटवा मजरा गदनखेड़ा परगना मोहान तहसील हसनगंज जिला उन्नाव

चूकिं ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 12.06.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-501/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर

वाद सं. 407 सन् 2023

नितिन कुमार अग्रवाल उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र स्व. जगदीश तथा तीन अन्य सभी निवासीगण 18/174 जगनीखेड़ा शुक्लागंज जिला उन्नाव ..वादीगण

बनाम– यूनियन आफ इण्डिया आदि ..प्रतिवादीगण

6.गीता देवी वयस्क पुत्री नामालूम निवासिनी 18/174 जगनीखेड़ा शुक्लागंज जिला उन्नाव

वादी ने आपके विरूद्ध घोषणा व निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 01.07.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 31.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर।

सी.आर.-501/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर

वाद सं. 21 सन् 2025

रामबाबू बालिग पुत्र स्व. रामदुलारे उम्र लगभग 90 वर्ष निवासी म.नं. 18/208 कुरसवां रामनारायण बाजार कानपुर नगर द्वारा मुख्तार आम अजय कुमार बालिग पुत्र स्व. प्रेमचन्द्र उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी म.नं. 18/208 कुरसवां कानपुर नगर मो.नं. 9555212281...वादी

बनाम– जफर अब्बास बालिग पुत्र स्व. मिर्जा अली अब्बास निवासी म.नं. 17/28 कुरसवां रामनारायण बाजार कानपुर नगर दूसरा पता म.नं. 18/229 कुरसवां रामनारायण बाजार कानपुर नगर..प्रतिवादी

वादी ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते निष्कासन कब्जा व हर्जा के संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 10.07.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 31.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज कनिष्ठ वर्ग कानपुर नगर।

सी.आर.-501/K-CN

**कानपुर विकास प्राधिकरण**

का०वि०प्रा०

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-169 एल0आई0जी0 ब्लाक-फेस-1 योजना-जरौली-1, कानपुर का फ्रीहोल्ड दिनांक 11.09.2007 को श्री लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी-169/एल0आई0जी0 जरौली फेस-1, कानपुर के पक्ष में निष्पादित किया गया है, जिसका भू-प्रयोग आवासीय है, जिसका क्षेत्रफल 55.13 वर्ग मी0 है। उक्त भवन की स्वामी श्री लक्ष्मी कान्त त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक-14.04.2019 को हो चुकी है। मृतक के पुत्र श्री आशुतोष त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र, आदि प्रपत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय उपजिलाधिकारी, सदर, कानपुर नगर के पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0-1353/अह0 फौज0/2020 दिनांक-05.03.2020 के अनुसार निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैं:-1.श्रीमती लज्जावती त्रिपाठी मृतक की पत्नी उम्र 62 वर्ष 2.श्रीमती अर्चना अवस्थी मृतक की पुत्री विवा0 उम्र 42 वर्ष 3.श्रीमती सीमा त्रिपाठी मृतक की पुत्री विवा0 उम्र 40 वर्ष 4.श्री आशुतोष त्रिपाठी मृतक का पुत्र उम्र 39 वर्ष 5. श्रीमती अलका शुक्ला मृतक की पुत्री विवा0 उम्र 35 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है। क्रम सं0-1 से 3 व 5 पर अंकित सदस्य श्रीमती लज्जावती त्रिपाठी, श्रीमती अर्चना अवस्थी, श्रीमती सीमा त्रिपाठी व श्रीमती अलका शुक्ला द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से क्रम सं0-4 पर अंकित सदस्य श्री आशुतोष त्रिपाठी (भाई/पुत्र) के पक्ष में हक छोड़ दिया है। श्री आशुतोष त्रिपाठी पुत्र स्व0 लक्ष्मी कान्त त्रिपाठी द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त भवन संख्या-169 एल0आई0जी0 ब्लाक-फेस-1 योजना-जरौली-1, कानपुर का पारिवारिक सदस्यता, प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एंव शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र, आदि के आधार पर नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-3 में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा प्रश्नगत भवन का नामान्तरण श्री आशुतोष त्रिपाठी के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी .(विक्रय जोन-3)

सी.आर.-501/K

**कानपुर विकास प्राधिकरण (अनुभाग-विक्रय जोन-3) आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोमल पत्नी स्व० राम प्रसाद गुप्ता द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 587 ब्लाक एल०आई०जी० योजना वैष्णवी विहार क्षेत्रफल 50.00 व. मी. का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड संख्या 587 ब्लाक एल०आई०जी० योजना वैष्णवी विहार क्षेत्रफल 50.00 व. मी. का फ्री-होल्ड निबन्धन दिनांक 23.05.2003 को श्री राम प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व० सत्तीदीन गुप्ता एवं श्रीमती कोमल देवी गुप्ता पत्नी श्री राम प्रसाद गुप्ता के पक्ष में निष्पादित किया गया था। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार सहफ्री-होल्डधारक श्री राम प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व० सत्तीदीन गुप्ता की मृत्यु दिनांक 25.04.2021 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 9847/अह० फौज0/2022 दिनांक 18.11.2022 के अनुसार मृतक स्व० राम प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व० सत्तीदीन गुप्ता के निम्नलिखित वारिसान अंकित है– 1. श्रीमती कोमल पत्नी उम्र 67 वर्ष, 2. श्रीमती नूतन गुप्ता पुत्री विवा० उम्र 38 वर्ष 3. श्रीमती शशि पुत्री विवा० उम्र 36 वर्ष, 4. श्रीमती ममता गुप्ता पुत्री विवा० उम्र 32 वर्ष, 5. श्री राज कुमार गुप्ता पुत्र उम्र 30 वर्ष। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मृतक का कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है। उपरोक्त तालिका के क्रमांक 2. 3. 4 व 5 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से क्रमांक 1 पर अंकित श्रीमती कोमल के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया है। जिसके आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती कोमल देवी गुप्ता पत्नी स्व० राम प्रसाद गुप्ता (सहफ्री-होल्डधारक) के पक्ष में किया जाना है। उक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (विक्रय जोन-3) में प्रस्तुत कर दे, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यावाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-3)
कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

सी.आर.-501/K

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा संख्या, AGC-EL-C-T-01-2025-26** **दिनांक : 03.06.2025**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली अभियंता/नि.-/उ.म.रे./आगरा द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ऑन लाइन ई-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते है।

**निविदा संख्या:** AGC-EL-C-T-01-2025-26, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के DHO-SRMT सेक्शन के बीच गेज परिवर्तन N.G to B.G. कार्य के संबंध में **बारी-सरमथुरा (चरण-II)** सेक्शन के बीच विभिन्न स्थानों पर अंडर ग्राउंड एक्सएलपीई केबल द्वारा राज्य विद्युत बोर्ड के 33 केवी, 11 केवी, 440 वोल्ट विद्युत पावर लाइन, ओवर हेड क्रॉसिंग का संशोधन/परिवर्तन/स्थानांतरण का कार्य।

**कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 2,51,19,809.75/- | **निविदा धरोहर राशि:** ₹ 2,75,600/-

**कार्य समापन अवधि: स्वीकृति** पत्र के जारी होने से 12 माह तक मानसून अवधि सहित

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 27.06.2025 के 15:00 बजे तक

**वैधता अवधि :** निविदा खोलने की तिथि से 60 दिन

निविदाएं केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक **27.06.2025 के 15:00** बजे तक जमा की जा सकती है। **पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट** www.ireps.gov.in देखें। 974/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 09/2025** **दिनांक: 03.06.2025**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के** लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रं. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | ई.म.डी.रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19256349 | ट्रैक गाइड फॉर बी डब्लू टी बी टाइप वैगन | 1000 नग | 1,06,200 |

**निविदा खुलने की तिथि:- 01.07.2025, नोट:- 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा** विवरण-**IREPS** वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।, **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु **ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारुप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे** अपने आपको **I.T Act 2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class III Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें।, **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित **फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म /** लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया **जायेगा।, 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को** उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https:// www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया **गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की** हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 976/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 08/2025 दिनांक 03.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मंडल सामग्री प्रबन्धक उ0म0रे0, प्रयागराज** निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

**विवरण:** 3 फेस, 08 कार मेमू रेक के लिए इलेक्ट्रिकल इंटर व्हीक्युलर कपलर की आपूर्ति संलग्न अनुलग्नक के अनुसार।

| क्रमांक | निविदा संख्या | मात्रा | ई.म.डी. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19256351 | 01 सेट | ₹ 1,93,250/- | 03.07.2025 |

**नोट: 1.** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act 2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class III Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरे केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **977/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**Letter No.: 220-E/Engag/HVS/2022** **Date: 02.06.2025**

**अवैतनिक विजिटिंग विशेषज्ञों की नियुक्ति**

केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (HVS) के दो (02) पदों- एक (01) Oncologist पद एवं एक (01) Nephrologist पद पर कार्य करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाना है।

अतः इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन "ENGAGEMENT OF HVS" अभिलिखित बंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप तथा प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि के साथ रजिस्टर्ड डाक से चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज को विज्ञापन प्रकाशित होने के (इक्कीस) 21 दिन के अंदर तक कर सकते हैं। संबंधित पदों हेतु नियम एवं पात्रता संबंधी समस्त विवरण उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट: www.ncr.indianrailways.gov.in पर तथा चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज के कार्यालय में उपलब्ध है।

निम्नलिखित दो (02) HVS को अवैतनिक के आधार पर नियुक्ति प्रस्तावित हैः-

| Name | Visiting Hours | Honorarium (PM) |
|---|---|---|
| Oncologist | 02 Hours/04 days | 40,000/- |
| Nephrologist | 02 Hours/04 days | 40,000/- |

970/25 (ADM)

Medical Director
Central Hospital
NCR/PRYJ

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

स्वतंत्र भारत **वर्गीकृत**

**सूचना**

रोहित कुमार को रोहित कुमार त्रिवेदी के नाम से जाना व पहचाना जाये। रोहित कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. सुशील कुमार त्रिवेदी म.नं. 5 आनन्द नगर जगई पुरवा लाल बंगला कानपुर।(24)

सी.आर.-501/K-25

**सूचना**

मैने अपने पुत्र करन कपूर पुत्रवधू पर्लकपूर की बेजा हरकतो से तंगआकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उनके किसी क्रियाकलाप से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। सुभाष चन्द्र कपूर पुत्र श्री सन्तराम कपूर 125/4 लालक्वार्टर गोविन्दनगर कानपुर।(34)

सी.आर.-501/K-34

**सूचना**

दि. 12.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे थाना कलक्टरगंज में लावारिश मुकदमाती व एम.वी. एक्ट वाहनो की नीलामी की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तो हेतु थाना कलक्टरगंज से सम्पर्क करें। (थाना प्रभारी) थाना कलक्टरगंज कानपुर नगर।(32)

सी.आर.-501/K-32

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# गाजा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर यूएस का फिर वीटो

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को गाजा में तुरंत और स्थायी संघर्ष विराम की मांग करने वाले प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया। अमेरिका का कहना है कि प्रस्ताव में हमास की तरफ से

### बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर आपत्ति, 14 देश समर्थन में

बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को संघर्ष विराम से नहीं जोड़ा गया है, इसलिए वह इसे स्वीकार नहीं कर सकता। यह प्रस्ताव 15 सदस्यीय परिषद में लाया गया था, जहां बाकी 14 देशों ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया।

अमेरिका के विरोध का बड़ा कारण है कि अमेरिका चाहता था कि प्रस्ताव में 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले की




निंदा की जाए, हमास के हथियार छोड़ने और गाजा से हटने की भी मांग की जाए। साथ ही संघर्ष विराम की शर्त यह हो कि सभी बंधकों को बिना शर्त रिहा किया जाए। प्रस्ताव में ये बातें स्पष्ट रूप से शामिल नहीं थीं।

गाजा में मौजूदा मानवीय संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव में इजरायल से सभी सहायता प्रतिबंध हटाने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने की मांग की थी। गाजा में करीब 21 लाख लोग पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मदद पर निर्भर हैं, क्योंकि इजरायली हमलों में लगभग सभी खाद्य उत्पादन व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। गौरतलब है कि गाजा में चल रहे संघर्ष के चलते अब तक भयंकर तबाही मच चुकी है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 54,000 से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। हालांकि यह मंत्रालय हमास सरकार के अधीन है, फिर भी इसके आंकड़ों को संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञ आमतौर पर विश्वसनीय मानते हैं।

# हार्वर्ड में विदेशी छात्रों को नहीं मिलेगा प्रवेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक लगभग सभी विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर

### ट्रंप ने किए आदेश पर दस्तखत
### वीजा पर लगाई रोक

हस्ताक्षर किए हैं। यह 'आइवी लीग स्कूल' से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। 'आइवी लीग' हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है। ट्रंप ने जिस शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, उसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, 'मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है।'



यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के टकराव की दिशा में एक और कदम है। बोस्टन की एक संघीय अदालत ने हार्वर्ड में अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर रोक लगाने से गृह सुरक्षा विभाग को पिछले सप्ताह रोक दिया था लेकिन ट्रंप का आदेश एक अलग कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल करता है। ट्रंप ने एक व्यापक संघीय कानून का हवाला दिया है जो राष्ट्रपति को उन विदेशियों को रोकने का अधिकार देता है जिनका प्रवेश 'अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक' हो सकता है।

# पाकिस्तान ने फिर ट्रंप के सामने फैलाए हाथ

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक स्तर पर घिरे और अलग-थलग पड़ चुके पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति

### भारत के साथ बातचीत में मदद के लिए गिड़गिड़ाए शहबाज

डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाथ फैलाए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ बातचीत में मदद करने के लिए अमेरिका को आगे आने के लिए कहा है। इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहबाज ने भारत के साथ तनाव कम करने में ट्रंप की भूमिका की तारीफ की और वाशिंगटन से दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों के बीच



व्यापक वार्ता शुरू कराने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बयान पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान के समर्थन में आया, जिसमें बिलावल ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए ट्रंप को श्रेय दिया गया था। बिलावल ने दावा किया था कि दोनों देशों के बीच शत्रुता को समाप्त करने में मदद करने के लिए ट्रंप श्रेय के हकदार हैं। भुट्टो ने कहा था, 10 अलग-अलग मौकों पर उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का श्रेय लिया है। यह सही भी है। वह इस श्रेय के हकदार हैं, क्योंकि उनके प्रयासों से ही युद्ध विराम संभव हो पाया। इसलिए अगर अमेरिका इस युद्ध विराम को बनाए रखने में पाकिस्तान की मदद करने को तैयार है, तो यह उम्मीद करना उचित है कि व्यापक वार्ता शुरू करने में अमेरिकी भूमिका हमारे लिए भी फायदेमंद होगी।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की होगी जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा 'ऑटोपेन' का इस्तेमाल किए जाने की

### पूर्व प्रशासन के अधिकारियों से होगी पूछताछ

जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है। 'ऑटोपेन' एक यांत्रिक उपकरण है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के प्रामाणिक हस्ताक्षर की नकल करने के लिए किया जाता है और अमेरिका के राष्ट्रपति दशकों से इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन ट्रंप ने आरोप लगाया है कि बाइडन की कुछ कार्रवाइयां अमान्य थीं एवं उनके सहयोगियों ने राष्ट्रपति के अधिकार का दुरुपयोग किया ताकि बाइडन की 'सोचने- समझने की शक्ति कमजोर' होने की बात को छिपाया जा सके। ट्रंप ने एक ज्ञापन में लिखा, 'यह साजिश अमेरिकी इतिहास के सबसे खतरनाक और चिंताजनक घोटालों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'अमेरिकी जनता से जानबूझकर यह छिपाया गया कि कार्यकारी शक्ति किसके पास है और बाइडन के हस्ताक्षर का इस्तेमाल हजारों दस्तावेजों पर किया गया ताकि बड़े नीतिगत बदलाव किए जा सकें।'

# गाजा से दो इजरायली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा पट्टी से दो बंधकों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये दोनों लोग 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान पकड़े गए थे। बंधकों को शव बरामद होने पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। नेतन्याहू ने बताया कि दोनों शव इस्राइली सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने मिलकर बरामद किए हैं। मृतकों की पहचान जुडीथ वेनस्टीन (70) और गाद हाग्गई (72) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों के शवों को इस्राइल वापस लाया गया है।

## एक नज़र

### पाक के साथ सैन्य सहयोग से बचे ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तानी सेना के साथ किसी भी तरह के सैन्य सहयोग या संपर्क से बचने की कड़ी चेतावनी दी है। यह चेतावनी नई दिल्ली में भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री व उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के बीच हुई महत्वपूर्ण वार्ता के दौरान दी गई। सूत्रों के अनुसार, भारत ने आशंका जताई कि पाकिस्तानी सेना के साथ किसी भी सैन्य सहयोग से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा तकनीक चीन के हाथों में पहुंच सकती है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकता है। इस पर मार्ल्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के साथ सैन्य संबंध बेहद सीमित और बहुत छोटा है। एक सवाल के जवाब में मार्ल्स ने कहा, देखिए, पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध बहुत मामूली हैं और हम स्पष्ट रूप से, दुनिया भर में हमारे सभी सहयोगियों में लोगों से आतंकवाद के खिलाफ काम करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह करते हैं। लेकिन पाकिस्तान के साथ हमारा जुड़ाव बहुत छोटा है। दोनों देशों के बीच वार्ता ऐसे समय में हुई है जब ऑस्ट्रेलिया खुद चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति को लेकर चिंतित है, खासकर इस साल फरवरी में तस्मान सागर में हुए लाइव-फायर नौसेना अभ्यास के बाद। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री मार्ल्स वर्तमान में दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के चार देशों- भारत, मालदीव, श्रीलंका और इंडोनेशिया की यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है। दोनों नेताओं ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। इसकी जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी।

### पंजाब में सीमापार से हथियार तस्करी में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ सीमा पार से हथियार तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश किया। उनके पास से पिस्तौल समेत छह अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान तरनतारन निवासी सूरजपाल सिंह और अर्शदीप सिंह के रूप में हुई है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक विशिष्ट सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, तरनतारन पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर गांव लखना से सूरजपाल सिंह और अर्शदीप सिंह को गिरफ्तार किया तथा छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। डीजीपी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

### एनआईए ने जम्मू कश्मीर में मारे छापे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी साजिश को लेकर विभिन्न आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोगों के खिलाफ एक मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर में अनेक स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा, कुलगाम, शोपियां, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादी साजिश को लेकर विभिन्न आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों के खिलाफ मामले में तलाशी ली जा रही है।

### पाक में निजी कंपनी के 11 कर्मचारियों का अपहरण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा से आतंकवादियों ने गुरुवार को एक निजी कंपनी के 11 कर्मचारियों का अपहरण कर लिया। हालांकि, पुलिस ने संदिग्धों का पीछा किया और अपहृत कर्मचारियों में से छह लोग को बचा लिया। अलर्ट मिलने पर जिला पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक डेरा इस्माइल खान और आतंकवाद निरोधी विभाग के पुलिस अधीक्षक शकील खान अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी शुरू की। शेष पांच बंधकों को बचाने और संदिग्धों को पकड़ने के लिए फिलहाल तलाशी अभियान चल रहा है। एक निजी कंपनी के तीन वाहनों में सवार कर्मचारी इस्लामाबाद से क्वेटा जा रहे थे। तभी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में डोमंडा ब्रिज के पास उनका अपहरण कर लिया गया। एक अलग घटना में अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले के तिराह घाटी के निवासियों ने एक पाकिस्तानी सेना के सैनिक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया।

# 12 देशों से अमेरिका की यात्रा पर प्रतिबंध सात राष्ट्रों के लोगों की एंट्री भी बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने पहले कार्यकाल की यात्रा प्रतिबंध नीति को लागू कर दिया है। उन्होंने एक आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के लोगों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। यह प्रतिबंध सोमवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) 12.01 से प्रभावी होगा। ट्रंप ने जिन देशों के लोगों के अमेरिका आने पर रोक लगाई है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। इसके अलावा, सात राष्ट्रों के लोगों की एंट्री भी बैन की गई है। इन देशों में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं।

### पहले कार्यकाल में भी सात मुस्लिम देशों पर लगाया था प्रतिबंध

अपने पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप ने जनवरी 2017 में भी एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसमें सात मुस्लिम देशों के नागरिकों पर अमेरिका की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। इन देशों में इराक, सीरिया, ईरान, सूडान, लीबिया, सोमालिया और यमन थे।

# डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के बीच हुई बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें साफ शब्दों में कहा है कि रूस, यूक्रेन

### रूस यूक्रेनी हमले का देगा जवाब

के हालिया ड्रोन हमले का जवाब जरूर देगा। यह बातचीत बुधवार को फोन पर हुई, जो करीब 1 घंटे 15 मिनट तक चली। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करके इस बातचीत की जानकारी दी। हालांकि बाद में ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर से इस पोस्ट को डिलीट कर दिया है।

ट्रंप के मुताबिक, पुतिन ने यूक्रेन की तरफ से रूसी एयरफील्ड्स (हवाई अड्डों) पर किए गए ड्रोन हमले का



जिक्र किया और कहा कि इस हमले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पुतिन ने यह बात बहुत दृढ़ता से कही कि रूस इस पर कार्रवाई करेगा। ट्रंप ने लिखा, हमने यूक्रेन के तरफ से रूस के डॉक्स में खड़े विमानों पर किए गए हमले और दोनों पक्षों द्वारा चल रहे अन्य हमलों पर चर्चा की। यह एक अच्छा संवाद था, लेकिन इससे तात्कालिक शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि यह बातचीत शांति की ओर कोई ठोस कदम नहीं है, लेकिन दोनों देशों के बीच संपर्क बनाए रखना जरूरी है। यह बातचीत 19 मई के बाद ट्रंप और पुतिन के बीच पहली बार हुई है। इस फोन कॉल के दौरान ट्रंप और पुतिन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर भी गंभीर बातचीत की। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने पुतिन से कहा कि ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार नहीं बनाने दिए जाने चाहिए, और इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच सहमति दिखी। ट्रंप ने लिखा, मैंने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता, और मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर हमारी राय एक जैसी है। ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने यह भी संकेत दिया कि वे ईरान के साथ हो रही बातचीत में हिस्सा लेने को तैयार हैं और इस मुद्दे को जल्दी हल करने में मदद कर सकते हैं।

# तुर्की एयरलाइंस के विमान में मिले विस्फोटक

**नई दिल्ली।** भारत ने तुर्की की सरकारी एयरलाइन टर्किश एयरलाइंस को सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी चेतावनी दी है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 29 मई से 2 जून के बीच की गई औचक

### डीजीसीए ने दी सख्त चेतावनी

निरीक्षण में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिनमें एक उड़ान में विस्फोटक सामग्री भी मिली, जिसकी न तो अनुमति ली गई थी और न ही इसका खुलासा किया गया था।

एक कार्गो उड़ान में खतरनाक वस्तुएं पाई गईं, जिनमें विस्फोटक पदार्थ शामिल थे। इन विस्फोटकों को भारत के ऊपर से ले जाने या भारत में लाने के लिए डीजीसीए की विशेष अनुमति आवश्यक होती है, लेकिन न तो ऐसी अनुमति ली गई थी और न ही इसका खुलासा किया गया था। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि ग्राउंड ऑपरेशन के हैंडल कर रहे कर्मचारियों के पास न तो प्राधिकृत प्रमाण पत्र था




और न ही वैध दक्षता कार्ड। साथ ही, विमान की लैंडिंग पर कोई मान्यता प्राप्त रखरखाव इंजीनियर मौजूद नहीं था और उसकी जगह एक तकनीशियन ने पूरी प्रक्रिया अंजाम दी। डीजीसीए ने पाया कि टर्किश एयरलाइंस और उसके ग्राउंड हैंडलिंग एजेंट के बीच कोई सेवा स्तर समझौता मौजूद नहीं था। इसके अलावा ग्राउंड इक्विपमेंट की ठोस निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था भी नहीं पाई गई। नागर विमानन मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि तुर्की एयरलाइंस की भारत में सभी उड़ानें अब डीजीसीए की सख्त निगरानी में रहेंगी और आवश्यकता पड़ने पर फॉलो-अप निरीक्षण भी किए जाएंगे ताकि सतत सुरक्षा निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि ये निरीक्षण सीधे उन विमानों पर किए गए जो टर्किश एयरलाइंस भारत में संचालित कर रही है। डीजीसीए की चेतावनी से टर्किश एयरलाइंस पर नियमों का सख्ती से पालन करने का दबाव बनेगा। भविष्य में ऐसी कोई चूक पाई गई, तो फ्लाइट परमिट रद्द होने तक की कार्रवाई हो सकती है।

# एनसीपी : दोनों गुटों के विलय पर कोई चर्चा या प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** एनसीपी (सपा) सांसद सुप्रिया सुले ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के एक साथ आने पर कोई चर्चा या प्रस्ताव नहीं आया है। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी के दो गुटों के विलय को लेकर राजनीतिक हलकों में चल रही चर्चा के बारे में पूछे जाने पर सुले ने संवाददाताओं से कहा कि कोई बड़ा बवाल नहीं है, जैसा कि बताया जा रहा है। एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष और पार्टी प्रमुख शरद पवार की बेटी ने कहा कि आप हमें अगले कुछ दिनों में (विपक्षी) इंडिया गठबंधन की बैठक में देखेंगे, जब यह बैठक बुलाई जाएगी। एनसीपी (सपा) प्रमुख और उनके भतीजे अजित पवार ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मुलाकात की है, जिससे राजनीतिक हलकों में सुलह की अटकलें तेज हो गई हैं। जुलाई 2023 में, अजित पवार कई एनसीपी नेताओं के साथ भाजपा-शिवसेना राज्य सरकार में शामिल हो गए, जिससे शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी में विभाजन हो गया। सुप्रिया सुले ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग वाले विपक्ष के पत्र पर हस्ताक्षर नहीं कर सकीं, क्योंकि वह विदेश यात्रा पर गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं।

## इमोशनल सीन में सचमुच रो पड़ीं सिमरन कौर!

पॉपुलर ड्रामा 'जमाई नं. 1' लगातार दर्शकों को अपनी हाई-वोल्टेज कहानी और इमोशनल पलों से जोड़कर रख रहा है। हाल के एपिसोड में कहानी एक चौंकाने वाला मोड़ लेती है जब नील (अभिषेक मलिक) पर सायली (सोनल वेंगुर्लेकर) की ओर से छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाया जाता है और पुलिस उन्हें गिरफ़्तार कर लेती है। इस उथल-पुथल के बीच, सिमरन कौर ने नील की समर्पित पत्नी रिद्धि के रूप में एक बेहद इमोशनल और दमदार परफॉर्मेंस दी, जिसने दर्शकों को भीतर तक झकझोर दिया। इस सीन को खास बनाने वाली बात ये थी कि सिमरन ने इसे एक ही टेक में शूट किया, वो भी इतनी गहरी भावनात्मक तीव्रता के साथ कि दृश्य स्क्रीन पर पूरी तरह जीवंत हो उठा। शूट से पहले उन्होंने खुद को अपने कमरे में बंद कर लिया, चुपचाप स्क्रिप्ट पढ़ी और खुद को किरदार की मानसिक स्थिति में ढाल लिया। उनकी यह मेथड एक्टिंग नज़र आई उस सीन में, जो टीवी पर बहुत कम देखने को मिलता है। सिमरन कौर कहती हैं, ''जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे समझ आ गया कि ये सीन बेहद चैलेंजिंग होने वाला है, लेकिन उतना ही खास भी। मैं इसे सिर्फ़ एक्टिंग की तरह नहीं करना चाहती थी - मैं वाकई वो हर भावना महसूस करना चाहती थी जो रिद्धि उस पल में महसूस कर रही थी। मैंने खुद को कमरे में बंद किया, शांत बैठी रही, और खुद से पूछा - ''अगर आपके किसी अपने पर ऐसा आरोप लगे, और आप कुछ कर भी न सकें, तो क्या महसूस होगा?'' वो बेबसी, वो तड़प, वो गुस्सा... सब एक साथ उमड़ पड़ा। और फिर जब कैमरा शुरू हुआ, मैंने खुद को पूरी तरह सीन के हवाले कर दिया। वो एक ही टेक था, लेकिन उसमें मैं पूरी तरह बह गई थी। सेट पर पूरा माहौल शांत हो गया था।'' गौरतलब है कि 'जमाई नं. 1', रोज रात 11 बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बकरीदः खुशी, रिश्तों और यादों का जश्न

ईद-अल-अदहा यानि बकरीद ऐसा पर्व है जो कुर्बानी, शुक्रगुज़ारी और इंसानियत की भावना को एकजुट करता है। यह सिर्फ रस्मों और दावतों तक सीमित नहीं होता, बल्कि बचपन से लेकर आज तक के यादगार लम्हों की भी सौगात लेकर आता है। एण्डटीवी के कलाकारों ने इसी जज्बे को बयां करते हुए अपने कुछ बेहद खास और भावनात्मक अनुभव साझा किए हैं। 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ और 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका सिंह की भूमिका में नजर आने वाली सोनल पंवार ने बताया कि कैसे बचपन में दोस्तों और पड़ोसियों के साथ मिलकर उन्होंने ईद-अल-अधा मनाई-जहां सिर्फ स्वादिष्ट खाने की खुशबू नहीं, बल्कि रिश्तों की गर्माहट और अपनापन भी था। इन यादों की मिठास आज भी उनके त्योहार को खास बनाती है और यह एहसास



दिलाती है कि त्योहार मनाने का असली मतलब दिलों को जोड़ना है। 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका सिंह का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार ने बकरीद की अपनी प्यारी यादें साझा करते हुए कहा, ''यह त्योहार दया, प्यार, स्वाद और मुस्कुराहटें बाँटने का अवसर है। मेरी तरफसे सभी को ईद मुबारक!'' 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने कहा '' मैं 'भाबीजी घर पर हैं' के सेट पर ईद का बेसब्री से इंतज़ार करता हूं।


## बाजार दर्पण










विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089